राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 151
लखनऊ, रविवार 01 फरवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



गन्ने के अभाव में चीनी मिल आज से बंद 10

विकास कार्यो के क्रियान्वयन में रखी जाये पारदर्शिता : केशव 03

**-: सर्राफा बाजार :-**

गोल्ड 24 कैरेट = 1,60,730/10 ग्राम
22 कैरेट = 1,47,350/10 ग्राम
18 कैरेट = 1,20,590/10 ग्राम
चांदी = 3,50,000/किग्रा



## संक्षिप्त समाचार

### यूपी व गुजरात की आर्द्रभूमि को मिला रामसर टैग

**नई दिल्ली।** गुजरात के कच्छ और उत्तर प्रदेश के एटा में स्थित आर्द्रभूमि को रामसर स्थलों के रूप में मान्यता दी गई है जो वैश्विक ढांचे के तहत संरक्षण के लिए अद्वितीय पारिस्थितिक तंत्रों को चिह्नित करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एटा के पटना पक्षी अभयारण्य और कच्छ के छारी-ढंढ को रामसर स्थल घोषित किए जाने पर स्थानीय लोगों और आर्द्रभूमि संरक्षण के प्रति समर्पित लोगों को बधाई दी।

### पाकिस्तान ने रिहा किए सात भारतीय नागरिक

**चंडीगढ़।** पाकिस्तान ने शनिवार को सात भारतीय नागरिकों को रिहा कर दिया। सातों भारतीय नागरिकों ने अटारी-बाघा सीमा के रास्ते भारत में प्रवेश किया। भारतीय सीमा में आने के बाद सभी नागरिकों की जांच प्रक्रिया के बाद परिजनों के हवाले किया जाएगा। दस्तावेज के मुताबिक, यह निर्णय पाकिस्तान के गृह मंत्रालय और नारकोटिक्स कंट्रोल मंत्रालय, इस्लामाबाद के परामर्श से लिया गया है। इसमें स्पष्ट किया गया है कि भारत सरकार की ओर से संबंधित कैदियों की भारतीय नागरिकता की पुष्टि कर दी गई है और सभी कैदी अपनी-अपनी सजा की अवधि पूरी कर चुके हैं। इसके बाद उनकी रिहाई की प्रक्रिया शुरू की गई। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के गृह विभाग की ओर से जारी आदेशों के बाद इन भारतीयों को शनिवार को अटारी बॉर्डर के रास्ते सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के हवाले किया गया। यह सभी लाहौर की केंद्रीय जेल में बंद थे।

### कानपुर में फ्रांस के सहयोग से बनेगा विमानन राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री कौशल विकास एवं रोजगारपरक परिवर्तन योजना (पीएम-सेतु) के तहत उत्तर प्रदेश के कानपुर में विमानन क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाएगा। यह केंद्र विमान रखरखाव (एमआरओ), एयरपोर्ट संचालन और एविएशन से जुड़ी आधुनिक कौशलों में प्रशिक्षण प्रदान करेगा। सूत्रों ने बताया कि पिछले केंद्रीय बजट में पीएम-सेतु के अंतर्गत पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की घोषणा की गई थी। इनमें कानपुर, हैदराबाद, कोयंबटूर, भुवनेश्वर और अहमदाबाद शामिल हैं। इसके तहत देशभर में 1000 आईटीआई को आधुनिक और उद्योग-संबद्ध बनाने के लिए 60 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है।

### कंटेनर ने दो ऑटो को मारी टक्कर, पांच लोगों की मौत

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में शनिवार को एक कंटेनर ने दो ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हैं। पुलिस अधीक्षक देवेश सिंह ने बताया कि मृतकों में हाथरस जिले के ग्राम सहपऊ निवासी बीजो, लख्मीचंद, रणवीर सिंह, बिल्ला मिस्त्री और शाहिद के नाम शामिल हैं। सहपऊ के धनपाल, विजय सिंह और उदय सिंह घायल हैं। इनमें धनपाल का इलाज एसएन मेडिकल कॉलेज में जबकि, विजय और उदय अम्बे अस्पताल में इलाजरत हैं। कंटेनर को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

### रिश्वत लेते सेना के हवलदार समेत दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सेना के हवलदार मुकेश कुमार राय और अन्य व्यक्ति दिनेश कुमार राय को झारखंड के रांची से 50 हजार रुपये की घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। सीबीआई ने शनिवार को बताया कि एजेंसी ने शिकायतकर्ता के बयान के आधार पर शुक्रवार को मामला दर्ज किया था। इसमें शिकायतकर्ता ने बताया था कि सेना के एक हवलदार ने निर्माण कार्य की अनुमति देने के लिए 5 लाख रुपये की घूस मांगी है। इससे पहले उस हवलदार ने शिकायतकर्ता से 13 जनवरी को 50 हजार रुपये लिए थे। इसके बाद 1.50 लाख रुपये और मांगे। दोनों के बीच बातचीत के बाद 50 हजार रुपये तत्काल लेने पर सहमति बनी। सीबीआई ने इसके बाद जाल बिछाकर सेना के हवलदार और उसके एक सहयोगी को आरोपियों को 50 हजार रुपये की घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

# वित्त मंत्री सीतारमण 9वीं बार पेश करेंगी बजट

## वैश्विक झंझावातों के बीच बजट में विकास और राजकोषीय अनुशासन में संतुलन बिठाने की चुनौती

**कई गंभीर आर्थिक चुनौतियां भी सरकार के सामने खड़ी**

एजेंसी, नई दिल्ली।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार, एक फरवरी को लगातार 9वीं बार केंद्रीय बजट पेश कर एक रिकॉर्ड बनाने जा रही हैं। इस बार सभी की निगाहें बहुप्रतीक्षित सीमा शुल्क सुधारों पर टिकी होंगी। सीतारमण ने 2019 में अपने पहले केंद्रीय बजट में दशकों से चले आ रहे चमड़े के ब्रीफकेस की जगह लाल कपड़े में लिपटे पारंपरिक बही-खाता का अनुकरण किया था। पिछले 4 वर्षों की तरह इस साल का बजट भी कागज रहित रूप में पेश किया जाएगा।

सीतारमण ऐसे समय में बजट पेश करने जा रही हैं, जब भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और अगामी दो वर्षों में तीसरी बड़ी इकोनॉमी बनने की ओर बढ़ रहा है।



**केंद्रीय बजट पेश करते वक्त वित्त मंत्री के सामने बड़ी चुनौतियां**

**राजकोषीय घाटा :-** सरकार के कुल खर्च और आय के बीच का अंतर राजकोषीय घाटा कहलाता है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए इसके जीडीपी के 4.4 फीसदी पर रहने का अनुमान जताया गया है। केंद्रीय बजट में 4.5 फीसदी से नीचे का लक्ष्य हासिल करने के बाद बाजार अब कर्ज जीडीपी अनुपात में कमी की दिशा में आगे बढ़ने के लिए सटीक आंकड़ों का इंतजार कर रहा है। ऐसे में उम्मीद है कि सरकार अगामी वित्त वर्ष 2026-27 के लिए चार फीसदी के राजकोषीय घाटे की घोषणा कर सकती है। **पूंजीगत व्यय :-** चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सरकार का नियोजित पूंजीगत व्यय 11.2 लाख करोड़ रुपये तय किया गया है। निजी क्षेत्र के निवेशकों की सावधानी को देखते हुए सरकार आगामी केंद्रीय बजट में बुनियादी ढांचे पर खर्च को बनाए रख सकती है और इसमें 10-15 फीसदी की वृद्धि कर सकती है। यह राशि 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने की संभावना है। **कर्ज की रूपरेखा :-** वित्त मंत्री ने वित्त वर्ष 2024-25 के बजट भाषण में कहा था कि वित्त वर्ष 2026-27 से राजकोषीय नीति का प्रयास केंद्र सरकार के कर्ज को जीडीपी के फीसदी के रूप में कम करने का होगा। बाजार यह देखना चाहेगा कि सरकार कर्ज-जीडीपी अनुपात को कब तक 60 फीसदी के लक्ष्य तक लाने की बात कहती है। 2024 में यह अनुपात 85 फीसदी था, जिसमें केंद्र का हिस्सा 57 फीसदी था।

**उधारी :-** वित्त वर्ष 2025-26 में सरकार की सकल उधारी का केंद्रीय बजट 14.80 लाख करोड़ रुपये था। सरकार अपने राजकोषीय घाटे को पूरा करने के लिए बाजार से कर्ज लेती है। उधारी का आंकड़ा देश की आर्थिक सेहत और राजस्व संग्रह की स्थिति का संकेत देता है। **कर राजस्व :-** वित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट में सकल कर राजस्व का लक्ष्य 42.70 लाख करोड़ रुपये रखा गया था, जो पिछले वर्ष से 11 फीसदी अधिक है। इसमें 25.20 लाख करोड़ रुपये प्रत्यक्ष कर (आयकर और कॉरपोरेट कर) और 17.5 लाख करोड़ रुपये अप्रत्यक्ष कर (सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और जीएसटी) से आने का अनुमान है। **जीएसटी :-** वित्त वर्ष 2025-26 में जीएसटी राजस्व संग्रह 11 फीसदी बढ़कर 11.78 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। सितंबर 2025 से दरों में की गई कटौती के बाद राजस्व वृद्धि में तेजी आने की उम्मीद है, इसलिए अगामी वित्त वर्ष 2026-27 के अनुमानों पर विशेष ध्यान रहेगा। **जीडीपी ग्रोथ की रफ्तार :-** आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के मुताबिक वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.8 से 7.2 फीसदी के बीच रह सकती है, जबकि सरकार ने 2047 तक विकसित भारत बनने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश को लगातार 8 फीसदी या उससे अधिक की विकास दर बनाए रखना जरूरी होगा। **रुपये में लगातार गिरावट :-** आरबीआई के हस्तक्षेप के बावजूद भारतीय रुपया दबाव में बना हुआ है। 30 जनवरी को अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी मुद्रा डॉलर के मुकाबले 92.02 के रिकॉर्ड निचले स्तर को छूने के बाद कारोबार के अंत में मामूली बढ़त लिए 91.97 पर बंद हुआ। **किसान और कृषि उत्पादकता :-** कृषि वर्ष 2024-25 में भारत का खाद्यान्न उत्पादन 3,577.3 लाख मीट्रिक टन रहने का अनुमान है, जो पिछले कृषि वर्ष से 254.3 एलएमटी अधिक है। हालांकि, अनाज, मक्का, सोयाबीन और दालों की पैदावार अब भी वैश्विक औसत से कम है। विशेषज्ञों के अनुसार किसानों की आय बढ़ाने के लिए उत्पादकता सुधार, बेहतर बीज, आधुनिक तकनीक और सिंचाई पर फोकस जरूरी है। **स्वच्छता और वायु प्रदूषण :-** जनवरी 2026 में आई ऊर्जा और स्वच्छ हवा पर अनुसंधान केंद्र (सीआरईए) की रिपोर्ट के अनुसार भारत के 44 फीसदी शहर क्रॉनिक एयर पॉल्यूशन से जूझ रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में साल के 365 दिनों में से केवल 79 दिन ही हवा 'अच्छी' श्रेणी में रहती है। **अमेरिका का हाई टैरिफ :** अमेरिका ने भारतीय उत्पादों पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया हुआ है, जिसमें 25 फीसदी बेस टैरिफ और 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ शामिल है, जो रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदने के कारण लगाया गया है। इससे भारतीय निर्यात पर बड़ा असर पड़ा है।

# सुनेत्रा पवार बनीं महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री

एजेंसी, मुंबई।



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एपी (राकांपा एपी) के नेता और उपमुख्यमंत्री रहे अजित पवार के निधन के बाद उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार को शनिवार को महाराष्ट्र का उपमुख्यमंत्री बनाया गया। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने आज राजभवन में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित अन्य मंत्री और एनसीपी (एपी) के वरिष्ठ नेता मौजूद थे। सुनेत्रा को राज्य की पहली महिला उपमुख्यमंत्री होने का सम्मान मिला है।

शपथ ग्रहण समारोह से पहले मुंबई में एनसीपी विधायकों की बैठक हुई, जिसमें सुनेत्रा को पार्टी का नेता चुना गया। इसके बाद उन्होंने राज्यसभा के पद से इस्तीफा दे दिया। इसके उपरांत उन्होंने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के तौर पर पद की शपथ ली। हालांकि विपक्ष की ओर से शपथ ग्रहण की जल्दबाजी को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं।

अजित पवार के निधन के बाद पार्टी की बागडोर कौन संभालेगा? इसकी अटकलों पर विराम लगाते हुए पार्टी नेताओं ने सर्वसम्मति से सुनेत्रा के हाथों पार्टी की कमान सौंपने का निर्णय लिया। पार्टी के सभी विधायक और वरिष्ठ नेता बैठक में शामिल थे। बैठक में दो प्रस्ताव पेश किए गए थे। पहला प्रस्ताव सुनेत्रा पवार को ग्रुप लीडर चुनने को लेकर था, जबकि दूसरा पार्टी से जुड़े सभी फैसले लेने के सुनेत्रा पवार के कानूनी हक को लेकर था। बैठक में दोनों प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई।

**सुनेत्रा पवार को उपमुख्यमंत्री बनाने का फैसला जल्दबाजी में लिया गया : शरद पवार**



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को बारामती में कहा कि सुनेत्रा पवार को उपमुख्यमंत्री बनाने का फैसला जल्दबाजी में लिया गया है। यह फैसला राकांपा एपी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे ने लिया है, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है।

# ऑटिज़्म के इलाज में स्वीकृत और निगरानी वाला क्लिनिकल ट्रायल ही मान्य : उच्चतम न्यायालय

एजेंसी, नई दिल्ली।

उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एएसडी) के इलाज के लिए स्वीकृत और निगरानी वाले क्लिनिकल ट्रायल के बाहर स्टेम सेल थेरेपी देना अनैतिक है और इसे चिकित्सकीय लापरवाही माना जाएगा।

न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने यश चैरिटेबल ट्रस्ट बनाम भारत संघ मामले में यह फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि ऑटिज़्म के इलाज में स्टेम सेल थेरेपी को लेकर न तो पर्याप्त वैज्ञानिक प्रमाण हैं और न ही इसकी सुरक्षा और प्रभावशीलता को साबित करने वाला कोई ठोस साक्ष्य उपलब्ध है। पीठ ने कहा कि स्वीकृत क्लिनिकल ट्रायल के बाहर रोगियों में स्टेम सेल का हर उपयोग अनैतिक है और इसे चिकित्सकीय लापरवाही माना जाएगा। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि इस तरह की थेरेपी केवल वैज्ञानिक और चिकित्सकीय अनुसंधान को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से, विधिवत स्वीकृत और नियंत्रित क्लिनिकल ट्रायल के अंतर्गत ही दी जा सकती है। उच्चतम न्यायालय ने यह भी कहा कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के तहत स्टेम सेल को ड्रग की श्रेणी में रखा जाना, ऑटिज़्म के इलाज में इसके नियमित चिकित्सकीय उपयोग को स्वतः वैध नहीं बनाता। फैसले में कहा गया, हालांकि एएसडी के उपचार में प्रयुक्त स्टेम सेल को ड्रग्स एक्ट, 1940 के तहत ड्रग माना गया है, लेकिन मात्र यह तथ्य इसे नियमित क्लिनिकल सेवा के रूप में उपयोग करने की अनुमति नहीं देता। चिकित्सकों के कर्तव्य पर जोर देते हुए अदालत ने कहा कि डॉक्टरों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे एक विवेकशील चिकित्सक की तरह उचित सावधानी, कौशल और ज्ञान का पालन करें।



# मोदी के पंजाब दौरे से पहले ब्लास्ट की धमकी

एजेंसी, चंडीगढ़।

जालंधर पीएम नरेंद्र मोदी के पंजाब दौरे से एक दिन पहले (31 जनवरी को) जालंधर के 4 स्कूलों में बम ब्लास्ट की धमकी मिली है। सूचना मिलते ही थाना-7 अर्बन एस्टेट पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां एक्टिव हो गईं और सर्च ऑपरेशन चलाया। पुलिस ने कहा कि पहले कैंब्रिज स्कूल को धमकी मिली थी। अब 3 और स्कूल-पठानकोट चौक के पास स्थित केएमवी संस्कृति स्कूल, ब्रिटिश ओलिवा स्कूल और सीजेएस पब्लिक स्कूल को धमकी भरा ईमेल भेजा गया। हालांकि जांच के इस दौरान कुछ नहीं मिला है। आज गुरु रविदास महाराज की जयंती पर शोभायात्रा के चलते जालंधर के स्कूलों की छुट्टी है। कैंब्रिज स्कूल को भेजे गए ईमेल में लिखा गया है कि मोदी के दौरे को लेकर बम ब्लास्ट होगा। मेल को 'बिल्ली हाल' के नाम से भेजा गया। अंदर लिखा- आज 3-4 स्कूलों में बम धमाका होगा। हम गुरु रविदास जी की फुल रिस्पेक्ट करते हैं। लेकिन मोदी खालिस्तान वालों का दुश्मन है। खालिस्तानियों का बाबा निरंजन दास के साथ कोई गिला-शिकवा नहीं है। मसला मोदी का है। निज्जर की मौत का जिम्मेदार कौन है... बदला... बदला...बदला। निशाने पर डेरा बल्लां। उधर, पीएम मोदी 1 फरवरी को पौने 4 बजे जालंधर पहुंचेंगे और 2 बड़ी सौगात देंगे। इसमें आदमपुर एयरपोर्ट का नामकरण श्री गुरु रविदास जी एयरपोर्ट करेंगे। इसके साथ ही लुधियाना के हलवारा एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का वर्चुअली उद्घाटन करेंगे।




**मेल में लिखा- निशाने पर डेरा बल्लां, 4 स्कूलों में आज धमाका, आदमपुर एयरपोर्ट का नाम बदलेगा**

# हरदोई की ग्राम पंचायत हाजीपुर अब कहलाएगी 'सियारामपुर'

**फिरोजाबाद का उरमुरा किरार बना हरिनगर**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद हरदोई के विकास खण्ड भरावन अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत हाजीपुर व फिरोजाबाद जिले की विकासखण्ड शिकोहाबाद स्थित ग्राम पंचायत वासुदेवमई के अन्तर्गत ग्राम उरमुरा किरार का नाम परिवर्तित कर करने की स्वीकृति दे दी है।

सीएम स्वीकृति मिलने के बाद अब हाजीपुर सियारामपुर तो उरमुरा किरार को हरिनगर कहलाएगा। मुख्यमंत्री के इस निर्णय के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। नाम परिवर्तन के निर्णय के बाद अब राजस्व विभाग, पंचायत विभाग और अन्य संबंधित शासकीय अभिलेखों में आवश्यक संशोधन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। ग्राम पंचायत, खतौनी, भू-अभिलेख, विकास कार्यों से जुड़े रिकॉर्ड तथा सरकारी योजनाओं में नया नाम दर्ज किया जाएगा।

# जेल में बंद सोनम वांगचुक को एम्स ले जाया गया

एजेंसी, जोधपुर।

हरियाणा के जोधपुर की सेंट्रल जेल में चार माह से अधिक समय से बंद लद्दाख के पर्यावरणविद सोनम वांगचुक को शनिवार सुबह कड़ी सुरक्षा के साथ एम्स ले जाया गया। यहां उनकी स्वास्थ्य जांच की गई है। एम्स के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग ने वांगचुक का परीक्षण किया गया है। इसकी रिपोर्ट सोमवार को उच्चतम न्यायालय में पेश की जाएगी।

हाल ही सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई में उनके वकील कपिल सिब्बल ने कोर्ट में कहा था कि जेल के पानी से उन्हें पेट की गंभीर समस्या हो रही है। कोर्ट ने उनकी जांच कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए थे।

सोनम की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने सोशल मीडिया पर अगली सुनवाई दो फरवरी को होने की जानकारी साझा की थी।

वांगचुक की लोकप्रियता और मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एम्स परिसर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। आम मरीजों को असुविधा न हो और सुरक्षा में चूक न रहे, इसके लिए उन्हें सुबह जल्दी अस्पताल लाया गया। जेल प्रशासन अब उनकी मेडिकल रिपोर्ट सीधे सुप्रीम कोर्ट में पेश करेगा, जिसके आधार पर कोर्ट उनके इलाज या जेल की सुविधाओं पर आगे का फैसला सुना सकता है। इससे पूर्व उच्चतम न्यायालय में राजस्थान सरकार की ओर से पेश वकील ने दावा किया था कि पिछले 4 महीनों में जेल के डॉक्टर ने उनकी 21 बार जांच की है। हालांकि, उच्चतम न्यायालय की पीठ न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति पीबी वराले ने कहा कि सामान्य जांच काफी नहीं है, और उन्हें विशेषज्ञ डॉक्टर की जरूरत है।



**गैस्ट्रोएंटरोलॉजी जांच के बाद रिपोर्ट दो फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में होगी पेश**

# फिल्मी सितारों समेत छह के खिलाफ अदालत के आदेश पर नई एफआईआर

एजेंसी, पूर्वी सिंहभूम।

जमशेदपुर के साकची थाना क्षेत्र में सामने आए चर्चित निवेश घोटाले के मामले में अदालत के निर्देश पर एक नई प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस एफआईआर में बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा, चंकी पांडेय, शक्ति कपूर, गायक व अभिनेता मनोज तिवारी समेत मेक्सीजोन टच प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक चंद्रभूषण सिंह और उनकी पत्नी प्रियंका सिंह को आरोपित बनाया गया है। कंपनी के दोनों निदेशक पहले से ही न्यायिक हिरासत में हैं। साकची थाना प्रभारी आनंद मिश्रा ने शनिवार को नई एफआईआर दर्ज होने की पुष्टि करते हुए बताया कि यह मामला अदालत के आदेश के बाद दर्ज किया गया है, जिससे अब जांच को और तेज किया जाएगा। थाना प्रभारी ने बताया कि यह मामला बर्मामाइंस थाना क्षेत्र निवासी जसपाल सिंह की शिकायत पर दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार, उन्होंने मेक्सीजोन टच प्राइवेट लिमिटेड की निवेश योजना से प्रभावित होकर करीब आठ लाख रुपये कंपनी में निवेश किए थे। कंपनी ने उन्हें 15 प्रतिशत प्रतिमाह तक रिटर्न देने का भरोसा दिलाया था। हालांकि, निवेश के बाद न तो उन्हें मूलधन वापस मिला और न ही किसी प्रकार का ब्याज दिया गया। बार-बार संपर्क करने के बावजूद कंपनी की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला, जिसके बाद उन्होंने कानूनी कार्रवाई का रास्ता अपनाया।




**कफ सिरप केस में बड़ी कार्रवाई**

# आरोपी भोला की 5 करोड़ 77 लाख से अधिक की संपत्ति कुर्क

वाराणसी/सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।

सोनभद्र जिले की पुलिस ने अवैध नशीले कफ सिरप मामले में शनिवार को वाराणसी में भोला जायसवाल और उसके परिजनों की कुल पांच करोड़ 77 लाख से अधिक की संपत्ति कुर्क की। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

सोनभद्र के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिषेक वर्मा ने बताया कि राबर्ट्सगंज पुलिस थाने में पंजीकृत अभियोग के तहत अभियुक्त भोला प्रसाद जायसवाल के वाराणसी के मडौली, भरलाई और जगदीशपुर क्षेत्रों में 4.55 करोड़ रुपये की कुल सात अचल संपत्तियां और 51.16 लाख रुपये मूल्य के चार वाहन कुर्क किये गए हैं। इसके अलावा बैंक खातों में जमा 70,99,228 रुपये को भी कुर्क किया गया है। कुर्क की गई चल-अचल संपत्तियों की कुल कीमत 5,77,17,990 रुपये बताई गई है। वर्मा ने बताया कि ये सभी संपत्तियां अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी से अर्जित धन से खरीदी गयी थीं। उन्होंने बताया कि वाराणसी के आदमपुर थाना क्षेत्र का निवासी भोला जायसवाल कफ सिरप तस्करी के मुख्य साजिशकर्ता शुभम जायसवाल का पिता है। एसपी ने कहा कि नशीले पदार्थों की तस्करी और उससे अर्जित अवैध संपत्तियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे अपराधों पर आगे भी कठोर कार्रवाई की जायेगी। अभिषेक वर्मा ने बताया कि इसके पहले 23 जनवरी को पुलिस ने भोला की वाराणसी स्थित लगभग 28.5 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की थी। उन्होंने बताया कि न्यायालय से पुनः आदेश प्राप्त करके शनिवार को भोला प्रसाद और उनके परिजनों की वाराणसी स्थित लगभग छह करोड़ की संपत्ति और कुर्क करने की कार्यवाही की गई।




**बढ़ोत्तरी** | **आज से लगेगा अतिरिक्त उत्पाद शुल्क**

# तंबाकू-पान मसाला अब और महंगे

**पान मसाला निर्माताओं को एक फरवरी से स्वास्थ्य व राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर कानून के तहत नया पंजीकरण कराना होगा**

एजेंसी, नई दिल्ली।

सिगरेट और तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क तथा पान मसाला पर स्वास्थ्य उपकर एक फरवरी से लागू हो जाएगा। यह वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की उच्चतम 40 प्रतिशत की दर के ऊपर लगाया जाएगा। ये उपकर और उत्पाद शुल्क इन हानिकारक वस्तुओं पर एक जुलाई 2017 से लागू 28 प्रतिशत जीएसटी और क्षतिपूर्ति उपकर का स्थान लेंगे।

इसके अलावा, एक फरवरी से तंबाकू उत्पादों (चबाने वाला तंबाकू, फिल्टर खैनी, जर्दा युक्त सुगंधित तंबाकू और गुटखा) के लिए अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) आधारित मूल्यांकन की नई व्यवस्था शुरू होगी। इसके तहत जीएसटी का निर्धारण पैकेट पर घोषित खुदरा बिक्री मूल्य के आधार पर किया जाएगा।

पान मसाला निर्माताओं को एक फरवरी से स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर कानून के तहत नया पंजीकरण कराना होगा। ऐसे उत्पादों के निर्माताओं को सभी पैकिंग मशीनों को कवर करने वाली एक कार्यशील सीसीटीवी प्रणाली लगानी होगी और इसकी फुटेज को कम से कम 24 महीनों तक सुरक्षित रखना होगा। उन्हें उत्पाद शुल्क अधिकारियों को मशीनों की संख्या और उनकी क्षमता की जानकारी भी देनी होगी। यदि कोई मशीन लगातार कम से कम 15 दिनों तक बंद रहती है, तो वे उत्पाद शुल्क में छूट का दावा कर सकते हैं। एक फरवरी से प्रभावी केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम में संशोधन कर सिगरेट की लंबाई के आधार पर 2.05 रुपये से 8.50 रुपये प्रति स्टिक तक उत्पाद शुल्क लगाया गया है। इसके अलावा, स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर कानून पान मसाला इकाइयों की उत्पादन क्षमता पर उपकर लगाता है। इसके तहत 40 प्रतिशत जीएसटी को शामिल करने के बाद पान मसाला पर कुल कर का भार मौजूदा स्तर यानी 88 प्रतिशत पर ही बरकरार रखा गया है।



## खबरें एक नजर में

### राज्य कर विभाग में गूंजा सहज मार्ग साधना का संदेश



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** राज्य कर विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दैनिक कार्यभार की आपाधापी से कुछ क्षण निकालकर आत्मचिंतन और अंतर्मुखी यात्रा की ओर कदम बढ़ाया। शहर के गन्ना किसान शोध संस्थान के सभागार में आयोजित ध्यान सत्र में हार्टफुलनेस मेडिटेशन के माध्यम से उन्होंने मन, बुद्धि और भावनाओं के संतुलन का अनुभव किया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक दीपक खंडूरी एवं दीपक कुमार ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को सहज मार्ग साधना पद्धति के दर्शन से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि यह साधना केवल ध्यान की एक विधि नहीं, बल्कि जीवन को सरल, संयमित और संवेदनशील बनाने की आध्यात्मिक प्रक्रिया है हृदय पर किया गया ध्यान मन की अशांति को शान्त कर आत्मिक प्रकाश की अनुभूति कराता है। ध्यान सत्र के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने आंखें मूंदकर जब अंतःकरण की ओर दृष्टि की, तो मानो तनाव, चिंता और व्यस्तता की परतें धीरे-धीरे उतरती चली गई। यह क्षण आत्मबोध का साक्षात अनुभव बन गया। प्रशिक्षकों ने कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे सहज मार्ग साधना को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं, ताकि कर्मभूमि में रहते हुए भी साधना की सुगंध बनी रहे। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने अनुभव साझा करते हुए कहा कि ध्यान के कुछ ही क्षणों में मन हल्का और चित्त निर्मल हो गया। उन्होंने इसे मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ आध्यात्मिक उन्नयन की दिशा में एक सार्थक पहल बताया। यह आयोजन यह संदेश दे गया कि प्रशासनिक दायित्वों के साथ-साथ आंतरिक संतुलन और चेतनता की साधना भी उतनी ही आवश्यक है। डिप्टी कमिश्नर प्रवेश तोमर, आनंद कुमार, असिस्टेंट कमिश्नर प्रशांत सिंह, स्टेट टैक्स आफीसर,आभा शर्मा,अनंग पाल राजवंशी, मोहित कुमार, शिखा राय, योगेश श्रीवास्तव, विकास यादव, रमेश चंद्र,रामबेटी, शैलेन्द्र कुमार, अनिरुद्ध, अतुल आदि मौजूद रहे। आयोजन में सुयश सिन्हा, अभिषेक गोयनका, सार्थक गोयल, सुंदर अग्रवाल का विशेष योगदान रहा।

### यूपी बार काउंसिल चुनाव में 1580 मतदाताओं में से 1302 ने किया मतदान



**शाहजहांपुर।** यूपी बार काउंसिल चुनाव के अंतिम चरण के तहत शाहजहांपुर जनपद में दूसरे दिन का मतदान शनिवार को सुबह 10 बजे से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में शुरू कराया गया। जजी कचहरी परिसर के बाहर मतदाताओं, प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की सुबह से भारी भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। वोटिंग के लिए पुराने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के कोर्ट परिसर में सुबह से ही अधिवक्ताओं की लंबी कतारें लगी रही। मतदान केंद्र के बाहर प्रत्याशी व उनके समर्थक वोट डालने के लिए अधिवक्ताओं से संपर्क करते नजर आए। इस बार 1580 अधिवक्ताओं को दो दिनों में मतदान का अवसर दिया गया है। दो दिन में 1302 अधिवक्ताओं ने वोट डालकर अपने नेता को चुनने को लेकर उत्साह दिखाया। प्रदेश में इस बार कुल 333 प्रत्याशी मैदान में है, जिसमें जनपद से भी दो प्रत्याशी विश्वदीप अवस्थी व अमित थे।

बार काउंसिल मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए थे। कचहरी परिसर और आसपास के इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस के उच्चाधिकारियों द्वारा स्वयं मौके पर रहकर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की गई। कचहरी तिराहा, खिरनी बाग चौराहा समेत मुख्य मार्गों पर बैरिकेडिंग कर वाहनों का डायवर्जन किया गया था, ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। मतदान स्थल को सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रखा गया है। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन अध्यक्ष अजय कुमार वर्मा ने बताया कि दोनों दिन कचहरी परिसर में यूपी बार काउंसिल वोटिंग शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। वही तहसीलों में भी चुनाव सही से संपन्न हो गया। अब इसके परिणाम 5-6 माह में आएगें।

### पंचायत भवन में सिर कुचला पड़ा मिला युवक का शव

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** जिले में एक युवक की सिर पर भारी वस्तु से प्रहार कर हत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। एसपी राजेश द्विवेदी ने घटना स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। थाना अल्लाहगंज क्षेत्र के रावतपुर गांव निवासी कमलेश कुमार (17) का शव शनिवार सुबह उसके घर से लगभग 200 मीटर दूर पंचायत भवन के पास पड़ा मिला। युवक के सिर पर किसी भारी वस्तु से हमला किए जाने के स्पष्ट निशान पाए गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों और परिजनों के मुताबिक कमलेश एक ईट भट्ठे पर काम करता था। शुक्रवार शाम वह काम से लौटने के बाद अपने कमरे में चला गया था, लेकिन शनिवार सुबह उसका शव पंचायत भवन के पास मिलने से सभी स्तब्ध रह गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहन जांच की जा रही है। फिलहाल हत्या के कारणों और आरोपियों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। घटना के बाद इलाके में हडकंप मच गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हैं। एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया शव को पीएम के लिए भेजा गया, हत्यारोपियों की तलाश की जा रही हैं। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### हिंदुओं को आपस में बांटने वाले यूजीसी बिल को वापस ले सरकार

**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।** केंद्र सरकार द्वारा लाए गए यूजीसी-2026 के विरोध में हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र एवं प्रदेश संगठन मंत्री कमल दीक्षित के नेतृत्व में सरकार की बुद्धि शुद्धि के लिए पुवायां के राजीव चौक पर हनुमान चालीसा का पाठ किया और इसके बाद वहां से पैदल मार्च कर तहसील मुख्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौपा। इस दौरान ज्ञापन में बताया गया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा सरकार की सहमत पर लाए गए इस बिल से हिंदू समाज आपस में बटेगा। इससे विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं में जातीय संघर्ष होने की संभावना है और बच्चे शिक्षा ग्रहण करने के बजाय जात-पात का शिकार होंगे। इसलिए इस बिल को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। इस मौके पर प्रदेश कोषाध्यक्ष साहिल गर्ग, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष प्रखर मिश्रा, तहसील प्रभारी शोभित जोशी, तहसील अध्यक्ष अजय द्विवेदी, बंडा ब्लॉक अध्यक्ष वैभव यादव, प्रभारी प्रदीप कुमार, पुवायां ब्लॉक संरक्षक आनंद पांडे, नगराध्यक्ष भारत राठौर, ब्लाक प्रभारी यश दीक्षित, ब्लाक अध्यक्ष राघव श्रीवास्तव, आकाश दीक्षित, सुचित सिंह, किनसुक शुक्ला, शिवांकर दीक्षित, जयेश दीक्षित, रामसहारे शुक्ला, आदेश तिवारी, अमर शुक्ला, अमित पांडे, आशीष पांडे, हर्षित पांडे, राम बाजपेई, प्रांशु मिश्रा, विवेक कुमार, अमन पाल, सौरभ वर्मा, क्रश राठौर, मोहित राणा, पीयूष बाजपेई, अभिषेक मिश्रा, अमित मिश्रा, गौरव मिश्रा, दिव्यांशु त्रिवेदी, मोहन शुक्ला, वैभव प्रताप सिंह, शोभित मिश्रा, अजय बाजपेई, शोभित तिवारी, रंजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

# अपने भाग्य के निर्माता स्वयं बनें : सुरेश खन्ना

**जनपद में राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम**

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**




विद्यार्थी अपनी मेहनत एवं लगन से अपने भाग्य का निर्माण स्वयं करें। हम जो भी कर्म करते हैं, वे कभी न कभी प्रतिफलित होते हैं। उक्त उदगार उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना के थे। मंत्री सुरेश खन्ना स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में आयोजित एक गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि दृढ़ संकल्प कभी व्यर्थ नहीं जाता। इसका जीता जागता उदाहरण है स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज का राज्य विश्वविद्यालय के रूप में उच्चीकरण। उन्होंने कहा कि जनपद में राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम है।

मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने इस अवसर पर अपने भावुक उदगारों को व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय बनने के उपरांत अब शनैःशनैः मेरी भूमिका का अंत हो रहा है। इससे आगे यह जनपद के नागरिकों, विद्यार्थियों एवं जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि वे शाहजहांपुर के शैक्षिक परिदृश्य को इस तरह से विकसित करें कि यहाँ से निकलने वाले विद्यार्थी राष्ट्र की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो सकें। कॉलेज के समस्त संकाय प्रभारियों के द्वारा मंत्री सुरेश खन्ना को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। स्वागत उदबोधन प्रबंध समिति के सचिव प्रो. अवनीश मिश्र ने दिया, साथ ही उन्होंने मंत्री को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। एसएस कॉलेज के प्राचार्य प्रो आर के आजाद ने मंत्री को स्मृति चिन्ह तथा विधि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो जयशंकर ओझा ने दोनों महाविद्यालयों की प्रगति आख्या भेंट की।

कॉलेज के उपप्राचार्य प्रो. अनुराग अग्रवाल के संचालन में हुए इस कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य प्रो आर के आजाद ने किया। स्वागत गीत एवं राष्ट्रगीत डॉ कविता भटनागर ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अशोक अग्रवाल, सुरेश सिंघल, डॉ अमीर सिंह यादव, प्रो आलोक मिश्र, प्रो प्रभात शुक्ला, प्रो देवेंद्र सिंह, प्रो मधुकर श्याम शुक्ला, प्रो कमलेश गौतम, डॉ आलोक कुमार सिंह, डॉ आदर्श पांडेय, डॉ विकास खुराना, डॉ पवन गुप्ता, डॉ अनिल सिंह सहित मुमुक्षु शिक्षा संकुल की समस्त शिक्षण संस्थाओं के शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**संकुल की सभी संस्थाओं का किया भ्रमण**

गोष्ठी से पूर्व मंत्री ने संकुल की समस्त शिक्षण संस्थाओं का भ्रमण किया।

उन्होंने पुस्तकालय, वाचनालय, क्रीड़ा स्थल, प्रयोगशालाओं सहित समस्त संसाधनों का गहन अवलोकन किया। इस अवसर पर उनके द्वारा श्री शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ के नवीन भवन का उदघाटन भी किया गया। प्रत्येक संस्था के शिक्षकों ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया।

## वित्तमंत्री ने सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा मोहल्ला अज़ीजगंज नवादा इंदेपुर मे सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नालियों की सफाई एवं क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को बेहतर करने तथा स्वच्छता से सम्बंधित कार्यो को अधिक से अधिक बेहतर रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही सड़क पर मलबा एवं गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध जुर्माना लगाने के सख्त निर्देश भी दिए गए, ताकि स्वच्छता व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सके। इस मौके पर नगर आयुक्त, डा. बिपिन कुमार मिश्र, अपर नगर आयुक्त, क्षेत्रीय पार्षद मनीष गुप्ता व अन्य अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

## भाजपा सरकार वेंटीलेटर पर चल रही हैं : अर्चना

**मनरेगा बचाव अभियान के तहत गांव की महिलाओं से संपर्क किया**



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा व पश्चिमी जोन प्रदेश अध्यक्ष भारती त्यागी के निर्देशानुसार जनपद की महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष अर्चना कटारिया के नेतृत्व में तिलहर विधानसभा के ग्राम देवरिया तालिबपुर में मनरेगा बचाव अभियान के तहत गांव की महिलाओं से संपर्क किया और मनरेगा के बारे में महिलाओं को बताया आज की भाजपा सरकार कांग्रेस के संस्थान व योजनाओं को बदलने में लगी हुई है लेकिन भाजपा सरकार ने अंदरूनी घमासान बहुत चल रहा है आज भाजपा सरकार वेंटीलेटर पर चल रही है बहुत जल्द भाजपा सरकार का अंत होने वाला है।

अर्चना ने आगे कहा कि आप सब भलीभांति जानती है कि इस डबल इंजन की भाजपा सरकार में महिलाएं कितनी सुरक्षित है। महिला उत्पीड़न की घटनाओं में सर्वाधिक भाजपा नेता शामिल है। इस मौके पर प्रमुख रूप से नन्ही देवी, राधा, अनीता देवी, नीरज, पूनम, सत्यवती, लौंगश्री, रीना, नंदनी, संगीता, शिवानी, ग्राम प्रधान वेदराम सहित तमाम मनरेगा मजदूर उपस्थित रहे।

## किसानों का हित ही हमारी प्राथमिकता : डीपीएस

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** भावलखेड़ा ब्लॉक और मोहम्मदी रोड क्षेत्र के किसानों को अब खाद के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। नवगठित एम-पैक्स मुकरमपुर के लिए यूरिया खाद की पहली खेप रवाना कर दी गई है। शनिवार को हरदोई बाईपास स्थित पीसीएफ गोदाम पर आयोजित कार्यक्रम में चेयरमैन ने यूरिया से लदे ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर किसानों के हित में बात करते हुए चेयरमैन डीपीएस राठौर ने कहा किसानों की खुशहाली और सुविधा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, सहकारिता विभाग का संकल्प है कि अन्नदाता को खाद-बीज के लिए कतारों में न लगना पड़े और न ही दूर जाना पड़े। मुकरमपुर समिति के माध्यम से अब किसानों को उनके घर के पास ही पारदर्शी तरीके से और समय पर खाद उपलब्ध होगी।

## बाल विवाह कराना, उसमें सहयोग करना अपराध है : एसपी

**एसपी कार्यालय पर पेस संस्थान द्वारा बाल विवाह मुक्ति पहल में एसपी का संदेश**



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** को पेस संस्थान ने बाल विवाह मुक्ति पहल के अंतर्गत एसपी कार्यालय में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम के पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा गया कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक कुरीति होने के साथ-साथ कानूनन दंडनीय अपराध है, जो बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षिक विकास को प्रभावित करता है। बाल विवाह से बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो जाता है तथा समाज की उन्नति भी बाधित होती है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी द्वारा बताया गया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अंतर्गत बाल विवाह कराना, उसमें सहयोग करना अथवा उसे बढ़ावा देना अपराध की श्रेणी में आता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि बाल विवाह से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर उसे तत्काल पुलिस अथवा संबंधित विभाग को उपलब्ध कराएँ, ताकि समय रहते प्रभावी वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। पुलिस अधीक्षक द्वारा वाल विवाह मुक्ति हेतु बने पोस्टर पर हस्ताक्षर कर वहाँ मौजूद लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, बाल अधिकारों तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के संबंध में जागरूकता संदेश दिया गया। साथ ही समाज के सभी वर्गों से बाल विवाह उन्मूलन हेतु सक्रिय सहभागिता की अपील की गई।

## सीडीओ की चौपाल में समस्याओं पर फोकस




**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** मिर्जापुर के ग्राम पंचायत बीघापुर सिठौली में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें सीडीओ डा.अपराजिता सिंह द्वारा चौपाल में गौवंश की समस्या, बाढ़ के कारण विद्यालय परिसर में जलभराव, जल जीवन मिशन के अंतर्गत सड़क रेस्टोरेशन कार्य, तथा कई घरों में पेयजल आपूर्ति न होने से संबंधित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सीडीओ द्वारा उक्त सभी समस्याओं के समुचित एवं त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। डीडीओ ऋषिपाल, सचिव, ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे।

## वरिष्ठ लिपिक के सेवानिवृत्त पर हुआ समारोह

**क्षेत्रीय विधायक वीर विक्रम सिंह, ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र गुप्ता व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह ने शाल ओढ़ाकर सम्मान किया**

**समृद्धि न्यूज**



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** नगर पंचायत सभागार में वरिष्ठ लिपिक रामशरन सिंह उर्फ मुन्नु सिंह के सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह कार्यक्रम में उनके अग्रिम उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की वरिष्ठ लिपिक रामसरन सिंह के सेवा निवृत्त होने पर नगर पंचायत कार्यालय पर सम्मान समारोह किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक वीर विक्रम सिंह एवं ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र गुप्ता एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह ने शाल ओढ़ाकर सम्मान किया।

रामसरन सिंह ने अपने जीवन काल के महत्वपूर्ण 38 वर्ष खुदागंज नगर पंचायत में अपनी सेवा देकर नगर पंचायत खुदागंज के विकास मे सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक डॉ.वीर विक्रम सिंह प्रिंस, ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृपाल सिंह, भाजपा अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष अधिवक्ता सत्यपाल सिंह, जिला पंचायत सदस्य राजेश सिंह, जिला पंचायत सदस्य जगदीश गंगवार, गौरव सिंह, दीपक राठौर सहित समस्त सभासद, नगर पंचायत के समस्त स्टाप आदि उपस्थित रहा।

## पात्र व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट में छूटने न पाए : डीईओ



**शाहजहांपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी-जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुरीक्षण अभियान के अन्तर्गत डा. सुदामा प्रसाद कन्या इंटर कॉलेज में बूथों का निरीक्षण किया तथा प्राप्त फार्म 6 का अवलोकन किया। प्राप्त फर्मो का गहन निरीक्षण कर उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिए कि फार्म में मतदाता का अंग्रेजी एवं हिंदी के नाम भरने में विशेष ध्यान दिया जाए। जिससे फार्म में कोई त्रुटि न हो। फॉर्म भरने के उपरांत उसे अच्छी तरह जांच लें। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले सभी लोग फार्म 6 भरकर जमा करें। जिससे वोटर लिस्ट में नाम शामिल हो सके। जिला निर्वाचन अधिकारी डीपी सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष प्रगाढ़ पुरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है इसमें किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट में छूटने न पाये। अर्हता तिथि 1 जनवरी के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण् 2026 के अन्तर्गत विशेष अभियान दिवस 31 जनवरी को जनपद की समस्त 6 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के सभी मतदेय स्थलों पर बीएलओ द्वारा जनसामान्य से दावे, आपत्तियां प्राप्त किये जाने का कार्य किया गया।

विशेष अभियान दिवस में उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों तथा बीएलओ सुपरवाइजर्स द्वारा मतदेय स्थलों का भ्रमण किया गया। इस अवसर नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## यातायात नियमों का पालन करना हम सबका दायित्व व कर्तव्य : डीएम

**राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में संपन्न**

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**




मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार 1 जनवरी से 31 जनवरी तक जनपद में आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डीएम रहे। कार्यक्रम में सीओ यातायात संजय कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी विवेक कुमार मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता तथा अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग एमके पाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। समारोह में एआरटीओ प्रशासन एसके सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन हरिओम, यात्री-माल कर अधिकारी आरपी गौतम, यातायात उप निरीक्षक विनय कुमार पाण्डेय सहित जनपद के मीडियाकर्मी एवं लगभग 500 नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारम्भ डीएम द्वारा दीप जलाकर चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

**यातायात नियमों का पालन करना हम सबका दायित्व व कर्तव्य : डीएम**

डीएम ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह का समापन हुआ है, इसका मतबल यह नहीं हैं कि जन जागरूकता न हो। यातायात नियमों का पालन करना हम सबका दायित्व व कर्तव्य है। सड़क सुरक्षा अभियान आगे भी चलता रहेगा। अभियान में पुलिस, ट्रैफिक पुलिस व प्रशासन, समाजसेवी संस्थाओं का योगदान सराहनीय रहा है। इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभागीय अधिकारियों का सहयोग रहा, जोकि बधाई के पात्र हैं।

## कारापाल कृष्ण मुरारी गुप्ता सेवानिवृत्त, जेल में विदाई समारोह




**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** जेल में कारापाल कृष्ण मुरारी गुप्ता अपनी अधिवर्षता की आयु 60 वर्ष पूर्ण कर कारागार विभाग में 24 वर्ष 9 माह 13 दिन की सेवाएं देने के उपरान्त शनिवार को सेवा निवृत्त हुए। विदाई कार्यक्रम में जेल अधीक्षक जेपी तिवारी अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जेल अधीक्षक ने कहा कि कारापाल कृष्ण मुरारी गुप्ता का सेवा निवृत्त होना कारागार प्रशासन के एक अनुभवी, समर्पित और अनुशासित स्तम्भ का औपचारिक विदा लेना है। कृष्ण मुरारी गुप्ता को यादगार स्वरूप उपहार देते हुए उनके आगामी भविष्य के लिए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं जेल अधिकारियों ने दी।

## परिपक्व उम्र में ही हो सोशल मीडिया तक पहुंच

बच्चों व किशोरों की सोशल मीडिया पर बढ़ती अति-सक्रियता अभिभावकों ही नहीं, देश के लिये भी एक गंभीर चिंता का विषय है। छात्रों का पढ़ाई से भटकाव व एकाग्रता में गिरावट समय की बड़ी फिक्र है। इसी बीच इकोनॉमिक सर्वे में सोशल मीडिया तक उम्र के हिसाब से पहुंच का सुझाव एक स्वागत योग्य कदम है। सालों से, डिजिटल विस्तार को एक बिना शर्त अच्छे बदलाव के रूप में देखा जाता रहा है। कहा जाता रहा है कि सोशल मीडिया तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने, डिजिटल लिटरेसी की खामियों को दूर करने और शिक्षा को आधुनिक बनाने में डिजिटल क्रांति सहायक है। निश्चित रूप से आर्थिक सर्वे में इस बाबत उल्लेख एक असहज करने वाली सच्चाई को संतुलित करने का प्रयास करता है। यह स्वीकार किया जा रहा है कि बिना रोक-टोक के डिजिटल एक्सपोजर तेजी से एक सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता बनता जा रहा है। सही मायनों में डिजिटल लत को मानसिक स्वास्थ्य, शैक्षणिक प्रदर्शन और उत्पादकता को प्रभावित करने वाली समस्या के रूप मे पहचानते हुए, सर्वे इस बहस को तथ्यों पर आधारित नीति बनाने की जरूरत बताता है। इसकी सिफारिश है कि उम्र के हिसाब से एक्सेस की सीमाएं तय करने, उम्र की वेरिफिकेशन के लिये प्लेटफॉर्मों की जवाबदेही निर्धारित करने, बच्चों के लिये सरल डिवाइस बनाने और ऑनलाइन कक्षाओं पर निर्भरता कम करने की आवश्यकता है। सही मायनों में इस मुद्दे पर वैश्विक सहमति का ही अनुसरण किया जा रहा है। वास्तव में बच्चों को सम्मोहित करने वाले डिजिटल डिजाइनों से उन्हें सुरक्षा उपलब्ध कराने की भी जरूरत है। जो कोमल मन-मस्तिष्क वाले बच्चों पर खासा नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। निश्चित रूप से डिजिटल लत के शिकार होते बच्चों व किशोरों के, शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के मद्देनजर राष्ट्रीय स्तर पर नीति-निर्धारण समय की मांग है। इसके अलावा इस बाबत सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर देना भी उतना ही जरूरी है। तभी इस संकट का आशाजनक समाधान तलाशना संभव हो सकेगा। वहीं दूसरी ओर, इस संकट से उबरने के लिये प्लेटफॉर्म लेवल सेफ्टी और फैमिली डेटा प्लान की भी मांग की जा रही है। जो पढ़ाई की जरूरत और मनोरंजन के लिये डिजिटल प्लेटफॉर्म के लिए इस्तेमाल का फर्क कर सके। इसके साथ ही हालिया आर्थिक सर्वे में इस बात को स्वीकार किया गया है कि माता-पिता पहले से ही यह जानते हैं कि व्यक्तिगत कंट्रोल बड़े पैमाने से इस समस्या का समुचित हल नहीं निकाल सकता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हुए प्रयास इस तथ्य की पुष्टि करते हैं। यही वजह है कि आस्ट्रेलिया व फ्रांस जैसे विकसित देशों में सरकारों को इस दिशा में सख्त पहल करनी पड़ी। एक ओर जहां आस्ट्रेलिया ने सोलह साल से कम उम्र वाले बच्चों की सोशल मीडिया तक पहुंच पर रोक लगायी है, वहीं फ्रांस ने पंद्रह साल से कम उम्र वाले बच्चों की सोशल मीडिया तक सीधी पहुंच को रोकने को कदम उठाये हैं। कुछ अन्य देशों में भी सरकारें तेजी से सख्त सीमाएं तय करने की दिशा में काम कर रही हैं। आज जहां भारत में स्मार्टफोन के इस्तेमाल की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। वैसे भारत जैसे देश जहां युवाओं की आबादी बहुत ज्यादा है, वहां डिजिटल क्रांति से पूरी तरह अलग भी नहीं रहा जा सकता। ऐसे में एक नियम से ही सबको नियंत्रित करना संभव नहीं होगा। इसके बावजूद हमें स्वीकारना होगा कि विदेशी प्लेटफॉर्मों से प्रसारित अपसंस्कृति भारतीय किशोरों को पथभ्रष्ट करने में घातक भूमिका निभा रही है। जिससे देश में किशोरों की यौन अपराधों में संलिप्तता का खतरा बढ़ रहा है। ये अपसंस्कृति न केवल समय से पहले बच्चों को वयस्क बना रही है, बल्कि उनमें मानवीय संवेदनाओं का भी क्षरण कर रही है। जो किसी भी सभ्य समाज के लिये एक गंभीर चुनौती है। खासकर भारत जैसे देश में जहां सांस्कृतिक मूल्यों व संबंधों में शुचिता को हमेशा प्राथमिकता दी जाती रही है। इस बाबत सरकार की सख्त पहल और अभिभावकों की सजगता मिलकर ही समस्या का समाधान निकाल सकती है।

# इतिहास का इतिहास

*हृदयनारायण दीक्षित*



**अध्ययन के सभी विषयानुशासन मनुष्य के गढ़े हैं, मनुष्य के लिए हैं। वृहत्तर मानवता का लोकमंगल ही सभी विषयों के ज्ञान का लक्ष्य है। इतिहास में लोकमंगल साधने का कर्मयोग और व्यवहार शास्त्र पसरा हुआ है। स्वाभाविक ही इतिहास लेखन, संकलन और अध्ययन का कार्य लोकमंगल के लक्ष्य से जुड़ा होना चाहिए। मूलभूत प्रश्न यह है कि भारतीय उपमहाद्वीप की इतिहास देखने की प्राचीन दृष्टि क्या थी? क्या मिथकीय ही थी? क्या तथ्यों को झुठलाने की लत थी? क्या महाकाव्यों पुराणों और उसके भी पहले रचे गए वैदिक साहित्य के नायक काल्पनिक ही हैं? पूर्वजों की ऐसी ही इतिहास दृष्टि क्यों थी? आधुनिक इतिहासकारों का एक वर्ग इतिहास में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को सही और जरूरी मानता है। इस दृष्टिकोण से वैदिक साहित्य-इतिहास में क्या खामियां हैं? क्या मार्क्सवादी इतिहास लेखन ही वैज्ञानिक है? इस तरह तो कार्ल मार्क्स के पहले का समूचा इतिहास लेखन अवैज्ञानिक होगा? ऐसी प्रश्नावली बड़ी हो सकती है। मसलन क्या पुरातात्विक साक्ष्य ही प्रमाण है? शब्द अनुभूति श्रुति स्मृति क्यों बकवास है? उसी कालखण्ड का प्रेमपूर्ण समाज क्यों महत्वपूर्ण नहीं है?**

गाँधी जी जीवित होते तो आज 156 साल के होते। परसों उनकी पुण्यतिथि थी। वे बहुत गहराई से याद किए गए। उन्होंने विश्व इतिहास में हस्तक्षेप किया और काल की अखण्ड सत्ता को प्रभावित किया। काल है भी अखण्ड सत्ता। सारी घटनाएं समय के भीतर होती हैं। अथर्ववेद (19.53-54) में भृगु कहते हैं काल-अश्व विश्व-रथ का संवाहक है। काल ही पिता है, वही आगे पुत्र होता है। काल में प्राण हैं, मन हैं, सारे नाम हैं, काल की अनुकूलता ही आनंद है। काल स्वयंभू है। काल के द्वारा ही भूत और भविष्य पैदा हुए हैं आदि आदि।

समय पकड़ में नहीं आता। घटनाएं घटती हैं, घटना अतीत है। अतीत की घटनाओं का यथातथ्य संकलन इतिहास है। प्राचीन राष्ट्र की घटनाएं करोड़ों की संख्या में होती हैं। भारत ऐसा ही राष्ट्र है। मूलभूत प्रश्न है कि घटनाओं के संकलन में संकलनकर्ता की रूचि क्या है? रूचि क्यों है? कुछेक विद्वान् युद्ध प्रिय होते हैं, वे युद्धों का इतिवृत्त संकलित करते हैं। कुछ विद्वान् प्रकृति प्रेमी होते हैं, वे प्राकृतिक परिवर्तनों के संकलन को इतिवृत्त का विषय बनाते हैं। मार्क्सवादी सोच के विद्वान् उत्पादन पद्धति की विवरणी का संकलन करते हैं। इतिहास अतीत का दर्पण होता है लेकिन इतिहास लेखन या संकलन की कोई भी शैली प्राचीन समाज या राष्ट्र का सम्पूर्ण विवरण नहीं हो सकती। जैसे समुद्री लहरों की गणना असंभव होती है वैसे ही इतिहास संकलन का काम भी बड़ा जटिल है। इसलिए इतिहास का रूप स्वरूप और इतिहास खोजना बहुत कठिन काम है।

भारत में 'इतिहास के इतिहास' पर बहसें चलती हैं। यूरोपीय विद्वान भारत पर इतिहास की उपेक्षा का आरोप लगाते हैं। मैक्समूलर ने लिखा, हिन्दू दार्शनिकों की एक जाति थी। उनका संघर्ष विचारों का संघर्ष था। उनका अतीत सृष्टि की समस्या थी, उनका भविष्य अस्तित्व का प्रश्न था। यह कहना सही है कि विश्व के राजनैतिक इतिहास में भारत का कोई स्थान नहीं है। मैक्समूलर को वैदिक और पौराणिक सहित प्राचीन इतिहास में राज्यव्यवस्था नहीं दिखाई पड़ती। एलफिन्सटन को सिकंदर के हमले के पूर्व किसी भी घटना का निश्चित समय नहीं दिखाई पड़ता। उन्होंने 1839 में लिखा, भारतीय इतिहास में सिकंदर के आक्रमण के पूर्व किसी सार्वजनिक घटना की तिथि निश्चित नहीं की जा सकती है। विटरनिट्ज यहां काव्य, नायकत्व और इतिहास का घालमेल देखते हैं। अलबेरूनी के आरोप ज्यादा सख्त है कि हिन्दू चीजों (घटनाओं) के ऐतिहासिक क्रम पर अधिक ध्यान नहीं देते। वे अपने सम्राटों के काल क्रमानुसार उत्तराधिकार के वर्णन में लापरवाह है।

गांधीजी को यह सब खासा बुरा लगा था।

राष्ट्रबोध की वास्तविक शर्त सच्चा इतिहास बोध है। गणित, ज्योतिष, चिकित्सा आदि के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियां विश्वख्यात थीं। भारत ने इतिहास संकलन की अपनी विशेष परम्परा विकसित की थी लेकिन यूरोपीय तर्ज के इतिहासविद् भारत को इतिहासविहीन बता रहे हैं। गांधीजी राजाओं के विवरण को सच्चा इतिहास नहीं मानते थे। उन्होंने हिन्द स्वराज में लिखा इतिहास जिस अंग्रेजी शब्द (हिस्ट्री) का तरजुमा है और जिस शब्द का अर्थ बादशाहों या राजाओं की तवारीख होता है। हिस्ट्री में दुनिया के कोलाहल की ही कहानी मिलेगी। राजा लोग कैसे खेलते थे? कैसे खून करते थे? कैसे वैर करते थे, यह सब हिस्ट्री में मिलता है। गांधीजी ने यूरोपीय इतिहास की अंतर्वस्तु को ठीक ही सिर्फ खूनखराबे का संग्रह बताया है।

अतीत और वर्तमान दो नहीं हैं, वर्तमान अतीत का ही विस्तार है। अतीत निजज्व सत्ता नहीं है, वर्तमान बीते प्राणवान समय का ही चेहरा है। इसलिए पुराने समय के पर्वत, वन उपवन, पशु, पक्षी और ग्रहदशा तथा गीत, नृत्य भी वर्तमान काल में किसी न किसी रूप में मौजूद रहते ही हैं। इतिहास और वर्तमान का सम्बंध अविच्छिन्न है। इतिहास में मनुष्य के कर्म अनुभव होते हैं। भूलें-चूकें और जय-पराजय होती हैं। मनुष्य उनसे सीखता है। वर्तमान की वस्तुनिष्ठ व्याख्या का उपकरण भी इतिहास ही है। इतिहास मनुष्य जीवन की प्रयोगशाला है। समाज इसी प्रयोगशाला के निष्कर्षो के अनुसार सही, गलत, करणीय या अकरणीय और अनुकरणीय कार्यो विचारों की सूची बनाता हैं। इसलिए इतिहास संकलन का काम वैज्ञानिक जैसा है। लेकिन दोनों के लक्ष्य में आधारभूत अन्तर हैं। विज्ञान प्रकृति का विश्लेषण करता है, उसके निष्कर्ष अंतिम नहीं होते। प्रकृति विराट है, यहां अनंत रहस्य हैं। विज्ञान द्वारा जाना गया कोई भी तथ्य सम्पूर्ण या अंतिम सत्य नहीं होता। इतिहास 'हो चुके' का विवरण है। अतीत में अब कुछ भी नया होने की संभावना नहीं है। जो हो गया, उसी का तथ्यगत संकलन इतिहास है।

गांधीजी इतिहास निर्माता थे लेकिन स्वयं एक अच्छे इतिहास लेखक भी थे। अनेक विद्वानों ने गांधीजी की लिखी दक्षिण अफ्रीका के सत्याग्रह का इतिहास पुस्तक की प्रशंसा की है। गांधीजी की इस किताब का पहला अध्याय है 'भूगोल'। इतिहास की घटनाएं एक खास भू क्षेत्र पर घटित होती हैं। भू क्षेत्र का रूप स्वरूप स्थायी नहीं रहता। उत्पादन के साधनों में भी परिवर्तन होते हैं। इसलिए इतिहास के सम्यक् अध्ययन में भूगोल की महत्ता है। वैदिक कवि भी अपने परिवेश, नदियों, पर्वतों का दिल खोल कर वर्णन करते थे। साथ में तत्कालीन अर्थव्यवस्था का काव्य बिम्ब भी खींचते थे। गांधीजी ने भी दक्षिण अफ्रीका के तत्कालीन अर्थतंत्र का वर्णन किया-दक्षिण अफ्रीका के गाय और बैल हिन्दुस्तान के गाय बैलों से से अधिक बड़े और मजबूत होते हैं। दक्षिण अफ्रीका में अंगूर हैं, अन्य मीठे फल हैं आम भी हैं। लेकिन गांधीजी के अनुसार आमों की गुठलियां हिन्दुस्तानी ही ले गये थे। गांधीजी ने इतिहास लेखन में भाषा को भी प्रमुख स्थान दिया है। मार्क्सवादी चिन्तक डॉ0 रामविलास शर्मा ने याद दिलाया है जो लोग नस्लवादी दृष्टि से इतिहास लिखते हैं उनके लिए अफ्रीका का इतिहास काले आदमियों का इतिहास है। गांधीजी का दृष्टिकोण इससे भिन्न है। वह काले आदमियों में उनकी भाषाओं और जातियों की पहचान करते हैं।

अध्ययन के सभी विषयानुशासन मनुष्य के गढ़े हैं, मनुष्य के लिए हैं। वृहत्तर मानवता का लोकमंगल ही सभी विषयों के ज्ञान का लक्ष्य है। इतिहास में लोकमंगल साधने का कर्मयोग और व्यवहार शास्त्र पसरा हुआ है। स्वाभाविक ही इतिहास लेखन, संकलन और अध्ययन का कार्य लोकमंगल के लक्ष्य से जुड़ा होना चाहिए। मूलभूत प्रश्न यह है कि भारतीय उपमहाद्वीप की इतिहास देखने की प्राचीन दृष्टि क्या थी? क्या मिथकीय ही थी? क्या तथ्यों को झुठलाने की लत थी? क्या महाकाव्यों पुराणों और उसके भी पहले रचे गए वैदिक साहित्य के नायक काल्पनिक ही हैं? पूर्वजों की ऐसी ही इतिहास दृष्टि क्यों थी?

आधुनिक इतिहासकारों का एक वर्ग इतिहास में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को सही और जरूरी मानता है। इस दृष्टिकोण से वैदिक साहित्य-इतिहास में क्या खामियां हैं? क्या मार्क्सवादी इतिहास लेखन ही वैज्ञानिक है? इस तरह तो कार्ल मार्क्स के पहले का समूचा इतिहास लेखन अवैज्ञानिक होगा? ऐसी प्रश्नावली बड़ी हो सकती है। मसलन क्या पुरातात्विक साक्ष्य ही प्रमाण है? शब्द अनुभूति श्रुति स्मृति क्यों बकवास है? उसी कालखण्ड का प्रेमपूर्ण समाज क्यों महत्वपूर्ण नहीं है?

*(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)*

विचार

# समाज के लिए सर्वस्व समर्पण करने वाली बुधरी ताती

*प्रियंका कौशल*

बुधरी ताती, ये नाम शायद आपने पहले ना सुना हो। लेकिन दक्षिण बस्तर में बुधरी ताती महिला सशक्तिकरण का दूसरा नाम है। उन्हें भारत सरकार ने पद्मश्री देने की घोषणा की है। दक्षिण बस्तर यानि दंतेवाड़ा से अबूझमाड़ तक फैला धुर नक्सल प्रभावित इलाका। एक ऐसा इलाका जहां चप्पे-चप्पे पर मौत अपना शिकार ढूंढती थी। बारूद, गोली, एनकाउंटर, पुलिस-नक्सली संघर्ष वाले इस क्षेत्र में बुधरी ताती 80 के दशक से शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और आत्मनिर्भरता की अलख जगा रही हैं। 1985 में 12 आदिवासी बच्चों के छात्रावास को प्रारंभ कर अपने सामाजिक जीवन की शुरुआत करने वाली बुधरी ताती ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले के छोटे से गांव हीरानार निवासी बुधरी ताती का जन्म 15 सितम्बर 1966 को हुआ। समाज सेवा का जुनून ऐसा कि 15 साल की उम्र से ही परिजनों की मनाही के बावजूद दूसरों की मदद करना शुरू कर दिया। बड़ी दीदी के नाम से प्रसिद्ध बुधरी जी पिछले 36 साल से लगातार समाज सेवा के लिए काम कर रहीं हैं। इस काम में गृहस्थी बाधक न बन सके, इसके लिए खुद का घर तक नहीं बसाया। विभिन्न समाज सेवा के साथ बुधरी बारसूर में महिला प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना कर अब तक 550 महिलाओं को प्रशिक्षित कर चुकी हैं। इनके इस समाजसेवा के जूनुन को देखते हुए उन्हें पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में पीएचडी की मानद उपाधि भी दी गयी।

प्रदेश के सुदूर आदिवासी अंचल गीदम, दंतेवाड़ा के हीरानार गांव से बुधरी ताती ने महिला उत्थान एवं जागरण का कार्य प्रारंभ किया। ताती ने 18 वर्ष की आयु में ही समाज के लिए राष्ट्रीय कार्य का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर बस्तर अंचल के भानपुरी में वर्ष 1985 में 12 छात्राओं को लेकर छात्रावास प्रारंभ किया। इन्होंने वर्ष 1986 में दक्षिण बस्तर के बारसूर को केन्द्र बनाकर महिला जागरण एवं सशक्तिकरण का श्री गणेश किया। 1986 में अबूझमाड़ व दक्षिण बस्तर के 400 गांवों में अपने सहयोगियों के साथ आदिवासी महिलाओं में सामाजिक चेतना व स्वाभिमान भाव जागृत करने पदयात्रा की।

बुधरी ने वर्ष 1987 में बारसूर में महिला प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की, जिसमें अब तक 500 से ज्यादा महिलाएं प्रशिक्षित हो चुकी हैं। इन वनवासी महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई, बुनाई, गृह और कुटीर उद्योग में प्रशिक्षित किया गया है। सन् 1990 मे बारसूर में कन्या छात्रावास का शुभारंभ भी किया गया। बुधरी हीरानार में स्थापित माँ शंखिनी महिला उत्थान केंद्र के माध्यम से विगत 14 वर्षों से नशामुक्ति, नशापान से दूर रहने की शिक्षा, संस्कार व स्वास्थ्य जागरण द्वारा जनजाति समाज के उत्थान के लिए कार्यरत हैं। जनजातीय समाज के उत्थान में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए उन्हें इस वर्ष पद्मश्री से सम्मानित किया जाएगा।

1986 से 1987 तक पूरे वर्ष भर अबूझमाड़ में पैदलयात्रा कर 400 गांवों से संपर्क साधा और वहां रहने वाली महिलाओं को सशक्त बनाने का काम बुधरी ताती ने किया है। महज 15 वर्ष की आयु में शुरु हुई बुधरी ताती की ये यात्रा कभी नहीं रुकी। बचपन में ही स्कूल छोड़ देने वाली महिलाओं को खोज-खोजकर पढ़ाने वाली बुधरी ताती खुद केवल दसवीं पास हैं। उनके प्रयास से 550 आदिवासी महिलाओं ने सिलाई,बुनाई और अन्य हुनर सीखकर कुटीर




उद्योग चलाने के लिए ट्रेनिंग ले चुकी हैं।

बुधरी ताती ने अबूझमाड़ के कई गावों में लोगों को प्रतिदिन नहाना सिखाया। देवी प्रकोप के डर से दवाई ना खाने वाले आदिवासियों को बुधरी ताती ताती ने दवाई खाना सिखाया। उनके मन का डर दूर किया कि दवाई खाने से देवी-देवता नाराज नहीं होते हैं।

आपको जानकर आश्चर्य होगा कि सुदूर बस्तर के हीरानार में बुधरी ताती वृद्धाश्रम भी चला रही हैं। उनकें वृद्धाश्रम में कई बूढ़ी महिलाओं को शरण दी है, जिन्हें किसी कारणवश अपना घर नसीब नहीं है। बुधरी ताती ने बिना किसी सरकारी सहायता के ये कार्य सम्पन्न किये। बच्चों का छात्रावास, आदिवासी महिलाओं का सशक्तिकरण, उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य का अभियान बुधरी ताती अपने दम-खम से ही चला रही हैं। उनका साथ उनकी परछाई की तरह शांति बेक देती हैं, जो रिश्ते में उनकी भतीजी हैं। बुधरी और उनकी टीम की सभी महिलाओं ने अविवाहित रहने का संकल्प लिया है और अपना पूरा जीवन बस्तर के लोगों के नाम कर दिया है।

**बुधरी ताती को अब तक मिले सम्मानः-** सुश्री तांती को नागपुर में नवंबर 1998 में भारतीय स्त्री-शक्ति पुरस्कार, जनवरी 2001 में नानू फाउंडेशन, पुणे द्वारा सम्मान, पिंडवाड़ा, राजस्थान में जनजाति समाज की ओर से सम्मान, सेवा प्रकल्प संस्थान, आगरा द्वारा नागरिक सम्मान, सितंबर 2006 में सामाजिक समरसता, महिला सम्मेलन, जयपुर द्वारा सम्मान, नवंबर 2007 में महिला उत्थान के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मिनी माता सम्मान और जनवरी 2008 को श्रीश्री रविशंकर धाम बैंगलोर में जनजातीय महिला प्रतिनिधि के रूप में सम्मान प्राप्त हुआ है।

बस्तर की इन महान विभूतियों को मिला पद्मश्री पुरस्कार

बस्तर के धर्मपाल सैनी, अजय मंडावी, हेमचंद मांझी और पंडी राम मंडावी को पहले पद्मश्री पुरस्कार से नवाज़ा जा चुका है। अब बस्तर की बुधरी ताती और गढ़बोले दंपति को पद्मश्री देने की घोषणा हुई है।

**(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

साहित्य



## पता

**श्याम सिंह बिष्ट**

पता पूछ रहा यहाँ मानव
जूआलय, शराबआलयों का
मंदिरों का पता पुछे
क्यों न अब कोई?

नाचे फूहड़ धनु में यहां
है कैसा लगा यह अजब कोलाहल
रामधुन में थिरके
क्यों न अब कोई?

मैले तन को कर ले मानव
कितना भी सुगंधित तू
मन के भीतर अपने झांके
क्यों न अब कोई?

है चढ़ा सर पर कैसा यह रुतबा
शानो-शौकत का
दर पर तेरे झुका
क्यों न कोई?

तुम ही कर्ता तुम ही धर्ता
तुम ही प्रारंभ तुम ही अंत
इस ज्ञान को सीखा फिर भी
क्यों न कोई?



# राशिफल

**मेषः-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें।

**वृषभ :-** भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं।

**मिथुन :-** भावनाओं पर नियंत्रण रख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम का लाभ मिलेगा।

**कर्क :-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।

**सिंह :-** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

**कन्याः-** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा।

**तुलाः-** कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**वृश्चिकः-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है।

**धनुः-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

**मकरः-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुंभः-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे।

**मीनः-** पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

# अजित पवार के निधन से राकांपा में अनिश्चितता

*नोरा चोपड़ा*

अजित पवार के अचानक निधन से महाराष्ट्र में एक राजनीतिक शून्य पैदा हो गया है और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का भविष्य पूरी तरह से अनिश्चित हो गया है। इस बात पर सवाल उठ रहे हैं कि उनका जनसमर्थन और संगठनात्मक नियंत्रण किसे मिलेगा। ऐसे में राकांपा बिखराव, पुनर्गठन और सुलह के चौराहे पर खड़ी है। अजित पवार के बाद पार्टी में कोई दूसरा बड़ा नेता नहीं है।

अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार राज्यसभा सांसद हैं और महाराष्ट्र की राजनीति में सक्रिय हैं। हालांकि, उनके पास प्रशासनिक अनुभव की कमी है। इस बीच, पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल और राज्य राकांपा अध्यक्ष सुनील तटकरे नेतृत्व संभालने के संभावित दावेदार हैं। हालांकि, उनके पास अजित पवार जैसा राज्यव्यापी जमीनी जुड़ाव नहीं है। उनके बेटे-पार्थ पवार और जय पवार उनकी राजनीतिक विरासत को संभालने के लिए पूरी तरह तैयार नहीं हैं।

पार्थ ने मावल निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ा था लेकिन हार गए थे। छोटे बेटे जय पवार राजनीति में ज्यादा सक्रिय नहीं हैं। दोनों बेटों की अपनी कंपनियां हैं, वे व्यवसाय और सामाजिक उद्यम चलाते हैं। अब, अजित पवार के बाद कौन केंद्र में आएगा और पवार के गढ़ को बरकरार रखेगा? राकांपा (ए.पी.) कैसे आगे बढ़ेगी या राकांपा (एस.पी.) में विलय होगी? इन सवालों के जवाब महाराष्ट्र की राजनीति की गतिशीलता को पहले की तरह बदल सकते हैं।

**थरूर की खरगे, राहुल से मुलाकात :** पार्टी नेतृत्व के साथ बेचौनी की खबरों के बीच, तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ एक लंबी बैठक की, जिससे संबंधों में संभावित सुधार का संकेत मिला। दोनों पक्षों ने एकता और समन्वय पर जोर दिया क्योंकि पार्टी महत्वपूर्ण केरल विधानसभा चुनावों की तैयारी कर रही है। एक्स पर एक पोस्ट में, थरूर ने कहा, ''आज कांग्रेस अध्यक्ष खरगे जी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी जी को विभिन्न विषयों पर गर्मजोशी भरी और रचनात्मक चर्चा के लिए धन्यवाद। हम सभी भारत के लोगों की सेवा में आगे बढ़ते हुए एक ही पेज पर हैं।''



केरल विधानसभा चुनावों के लिए मुख्यमंत्री पद के चेहरे के मुद्दे पर एक सवाल के जवाब में, थरूर ने कहा कि यह कभी मुद्दा नहीं था। यह बैठक तब हुई जब थरूर ने विधानसभा चुनावों के लिए रणनीतियों को अंतिम रूप देने के लिए दिल्ली में केरल के शीर्ष नेताओं के साथ ए.आई.सी.सी. की एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग नहीं लिया था। सूत्रों के अनुसार, मीटिंग के दौरान राहुल गांधी ने थरूर से कहा कि वह बहुत महत्वपूर्ण हैं और पार्टी के लिए जरूरी हैं तथा उन्हें विश्वास दिलाया कि उन्हें भरोसे में लिया जाएगा और केरल में कांग्रेस के सभी अहम फैसलों में उनकी मौजूदगी पर भी विचार किया जाएगा। प. बंगाल में माकपा व जे.यू.पी. में गठबंधन होगा!

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों से पहले, पश्चिम बंगाल माकपा के सचिव मोहम्मद सलीम की जनता उन्नयन पार्टी के प्रमुख हुमायूं कबीर से मुलाकात ने माकपा और जनता उन्नयन पार्टी (जे.यू.पी.) के बीच गठबंधन की अटकलों को हवा दी थी। जनता उन्नयन पार्टी एक नया राजनीतिक दल है जिसे पूर्व टी.एम.सी. नेता ने बनाया था, जब सत्तारूढ़ पार्टी ने उन्हें मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद बनाने हेतु अभियान चलाने के लिए सस्पैंड कर दिया था। हालांकि, सलीम ने कहा कि वह कबीर से सिर्फ यह जानने के लिए मिले थे कि वह क्या करने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, कबीर ने इस मुलाकात को एक शिष्टाचार मुलाकात बताया लेकिन यह माना कि चर्चा में विधानसभा चुनावों के लिए संभावित गठबंधन पर बात हुई। इस बीच, तृणमूल कांग्रेस ने माकपा पर हमला बोला और कहा कि माकपा कंगाल हो गई है, और गठबंधन के लिए भीख का कटोरा लेकर घूम रही है।

**द्रमुक-कांग्रेस में सीटों का खेल :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और द्रमुक नेता कनिमोझी ने आने वाले तमिलनाडु विधानसभा चुनावों पर चर्चा करने के लिए 10 जनपथ पर मुलाकात की, लेकिन सीटों के बंटवारे पर कोई समझौता नहीं हो सका। द्रमुक ने साफ तौर पर कह दिया है कि वह कांग्रेस को कैबिनेट सीट नहीं देगी, हालांकि उसने गठबंधन जारी रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक के दौरान, राहुल गांधी ने कनिमोझी के जरिए द्रमुक नेतृत्व को साफतौर पर बताया कि उनकी पार्टी ऐसी कोई रणनीति नहीं अपनाएगी, जिससे गठबंधन में तनाव पैदा हो, जिसमें सत्ता-सांझेदारी की बातचीत भी शामिल है। यह भी कहा जा रहा है कि उन्होंने चुनाव से पहले किसी वैकल्पिक गठबंधन को चुनने या विजय की तमिलगा वेट्री कषगम (टी.वी.के.) के साथ गठबंधन करने के किसी भी विकल्प को खारिज कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस ने 42 सीटों की मांग की थी, लेकिन द्रमुक ने अपने ऑफर को 25 से बढ़ाकर सिर्फ 30-32 सीटों तक करने पर सहमति जताई। हालांकि कनिमोझी और राहुल गांधी ने गठबंधन में तनाव को खत्म कर दिया है लेकिन सभी की नजरें इस बात पर हैं कि अभी शुरू होने वाला सीटों का खेल द्रमुक-कांग्रेस गठबंधन को आगे कैसे प्रभावित करेगा।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### गैंगरेप आरोपी के व्यवसायिक भवन पर चला प्रशासन का बुलडोजर



**समृद्धि न्यूज, हमीरपुर भरुआ सुमेरपुर।** लवजिहाद, गैंगरेप व धर्मांतरण के दबाव के मामले में प्रशासन ने कार्यवाही करना शुरू कर दिया है।शनिवार को आरोपी भूमाफिया के गल्ला मंडी के बगल में बने व्यवसायिक भवन के नाले पर बुलडोजर चलाया गया। इससे जल भराव की समस्या से जूझ रही गल्ला मंडी को निजात मिलने की उम्मीद हो गई है। कस्बे हुए लवजिहाद आरोपी मौलाना ने गल्ला मंडी के बगल में स्थित व्यवसायिक भवन में गल्ला मंडी के नाले से ऊंचा नाला बना दिया था। जिससे गल्ला मंडी में बारिश का पानी भर जाता था।जिससे गल्ला व्यापारियों सहित किसानों का अच्छा नुकसान होता था। इसके लिए मंडी सचिव लगातार प्रशासन को पत्राचार करते रहे है। लेकिन आरोपी मौलाना खान के रसूख के चलते इस नाले को गिराने की किसी ने हिम्मत नहीं जुटाई थी। लेकिन लवजिहाद,गैंगरेप एवं धर्मांतरण के आरोपी बनाएं जाने पर प्रशासन की अब नींद टूटी है।शनिवार को प्रशासन ने दिनभर रणनीति बनाने के बाद शाम करीब पांच बजे नगर पंचायत का बुलडोजर मंगवा कर आरोपी के भवन के आगे बनाए गए नाले को तोड़ा। इसके साथ ही प्रशासन द्वारा आगे क्या कार्यवाही की जाएगी इसकी भी नगर में चर्चा होती रही। कार्यवाही के दौरान कस्बे की गल्ला मंडी में एसडीएम सदर केडी शर्मा, सीओ सदर राजेश कमल, अधिशासी अधिकारी दिनेश आर्य, राजस्व लेखपाल अशोक कुमार सहित पंचायत नगर पंचायत के कर्मी फावड़ा,गैंती आदि लेकर डटे रहे।

### गश्त के दौरान गांजा तस्कर को किया गिरफ्तार

**कुरारा, हमीरपुर।** 31 जनवरी थाना क्षेत्र के झलोखर गांव निवासी युवक को गांजा लेकर जाते समय पुलिस ने गश्त के दौरान गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया है। तथा आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।क्षेत्र के झलोखर गांव निवासी पवन कुमार पुत्र रामनरायण को गांजा लेकर जाते समय कुरारा व झलोखर गांव के बीच में सैय्यद बाबा की मजार के पास पुलिस ने गश्त के दौरान पकड़ लिया तथा तलाशी के दौरान उसके पास से बोरी में गांजा बरामद हुआ। जिसकी तौल करने पर दो किलो सौ ग्राम सूखा गांजा निकला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अवैध रूप से गांजा रखने के आरोप में एन डी पी एस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। तथा आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

### पुलिस उपनिरीक्षक चित्र कूट धाम मंडल ने मौदहा कोतवाली का किया औचक निरीक्षण



**समृद्धि न्यूज, मौदहा हमीरपुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम मंडल के मौदहा कोतवाली में औचक निरीक्षण से पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों के हाथ पैर फूल गए और मौजूद सभी बिंदुओं पर तत्परता दिखाते हुए उच्च अधिकारियों के समक्ष अभिलेख प्रस्तुत किया वही आईजी ने निरीक्षण कर व्यवस्था चुस्त दुरुस्त होने पर संतोष जाहिर किया बताते चले कि शनिवार की दोपहर चित्रकूट धाम मंडल के उपमहानिरीक्षक राजेश एस पुलिस अधीक्षिका दीक्षा शर्मा ने कोतवाली पहुंच औचक निरीक्षण किया। राष्ट्रीय महिला सुरक्षा मिशन के तहत विभिन्न बिंदुओं पर जमीनी स्तर पर जांच पड़ताल किया जिसमें सीसीटीवी कैमरा, कंप्यूटर कक्ष, अभिलेखों का रखरखाव, शस्त्रागार ,साफ सफाई तथा बाहर से आए शिकायतकर्ताओं के लिए बैठने की उचित व्यवस्था उनकी सुरक्षा से जुड़े हुए मामलों पर गंभीरता के साथ जांच किया। इस संबंध में डीआईजी राजेश एस ने बताया कि भारत सरकार की महिला सुरक्षा योजना के तहत मंडल के सभी कोतवाली, थाना,चौकी सहित संबंधित क्षेत्र में जमीनी स्तर पर आवश्यक निरीक्षण कर जांच पड़ताल की जा रही है इसी क्रम में कोतवाली मौदहा का निरीक्षण किया गया जहां पर सारी व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त पाई गई। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी अधिकारी राजकुमार पांडे को कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

### झलोखर गांव में चल रही विष्णु महायज्ञ के समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया

**समृद्धि न्यूज, कुरारा, हमीरपुर।** 31 जनवरी विकास खंड क्षेत्र के झलोखर गांव में चल रही विष्णु महायज्ञ का समापन पूर्णाहुति के साथ हो गया। तथा समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया क्षेत्र के झलोखर गांव में ग्रामीणों द्वारा विष्णु महायज्ञ का आयोजन किया गया था। एक सप्ताह तक यज्ञ में कथा व्यास अयोध्या से पधारे शिवम जी महाराज ने श्री मद्भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं को श्रवण कराया। यज्ञाचार्य बृजेश तिवारी द्वारा पूर्णाहुति के साथ यज्ञ संपन्न कराया। समापन अवसर पर यज्ञ स्थल पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम संतो व कन्याओं को भोजन कराया गया। तथा संतो को कंबल देकर विदाई दी गई। इसके बाद भंडारे में आने वाले लोगों को भोजन कराया गया। भंडारे में गांव सहितआपसास के गांवों के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर श्री मद्भागवत कथा के यजमान दीपिका व राजकुमार भारद्वाज व यज्ञ के यजमान जयकला व शिरोमणि गर्ग रहे।

# एपीएल प्रीमियर लीग-2026 फाइनल : आगरा ने ब्रदर्स इलेवन पनवाड़ी को 3 रनों से हराया

- जो मैने कह दिया सो कह दिया... इं. प्रकाश वर्मा (अनुरागी)
- पनवाड़ी में युवाओं के लिये बनेगा खेल मैदान





**पनवाड़ी (महोबा), समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र में खेल भावना, युवाओं के जोश और सामाजिक एकता का प्रतीक बन चुकी एपीएल प्रीमियर लीग-2026 का फाइनल मुकाबला दर्शकों के लिए बेहद रोमांचक, ऐतिहासिक और यादगार साबित हुआ। आगरा और ब्रदर्स इलेवन पनवाड़ी के बीच खेला गया यह खिताबी मुकाबला अंतिम ओवर तक सांसें रोक देने वाला रहा, जिसमें आगरा की टीम ने शानदार संयम और जुझारूपन का परिचय देते हुए महज तीन रनों से जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। फाइनल मुकाबले का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं समापनकर्ता ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इंजीनियर श्री प्रकाश वर्मा (अनुरागी) ने फीता काटकर तथा बल्ले से शॉट खेलकर किया। आयोजन की जिम्मेदारी श्री अजय रावत (प्रतिनिधि ग्राम प्रधान, अलीपुरा) ने कुशलतापूर्वक निभाई। टूर्नामेंट अध्यक्ष हरी सिंह राजपूत (पत्रकार) ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि एपीएल जैसे टूर्नामेंट ग्रामीण अंचल के युवाओं को प्रतिभा निखारने का मंच देने के साथ अनुशासन, एकता और खेल भावना का पाठ पढ़ाते हैं। मैच से पूर्व अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस कराया गया। 15-15 ओवर के इस फाइनल मुकाबले में आगरा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। आगरा की टीम ने दबाव भरे माहौल में संतुलित और संघर्षपूर्ण बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए निर्धारित 15 ओवरों में 127 रन बनाए। जवाब में ब्रदर्स इलेवन पनवाड़ी को जीत के लिए 128 रनों का लक्ष्य मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ब्रदर्स इलेवन पनवाड़ी की टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और मैच को आखिरी ओवर तक खींच ले गई। एक-एक रन के लिए संघर्ष करते खिलाड़ियों ने दर्शकों को रोमांच से भर दिया। अंतिम ओवर में जब जीत-हार का फैसला होना था, तब पूरा मैदान तालियों और नारों से गूंज उठा। लेकिन 15वें ओवर की तीसरी गेंद पर ब्रदर्स इलेवन पनवाड़ी की टीम 124 रनों पर ऑल आउट हो गई और आगरा ने तीन रनों से रोमांचक जीत दर्ज कर एपीएल प्रीमियर लीग-2026 की चैंपियन ट्रॉफी अपने नाम कर ली। समापन समारोह में इंजीनियर श्री प्रकाश वर्मा (अनुरागी) ने विजेता टीम आगरा को 51 हजार रुपये नकद एवं ट्रॉफी, जबकि उपविजेता ब्रदर्स इलेवन पनवाड़ी को 21 हजार रुपये नकद एवं ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने अपने चर्चित वक्तव्य 'जो मैंने कह दिया, सो कह दिया' के साथ यह घोषणा कर तालियां बटोरीं कि पनवाड़ी में युवाओं के लिए एक आधुनिक खेल मैदान का निर्माण किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। खेल और खिलाड़ियों के प्रति निरंतर सहयोग के लिए टूर्नामेंट समिति द्वारा इं. श्री प्रकाश वर्मा को सम्मानित किया गया। साथ ही समापनकर्ता एवं आयोजनकर्ता द्वारा पत्रकार साथियों, गणमान्य नागरिकों और आयोजन से जुड़े सभी कमेटी सदस्यों, अंपायर, कमेंटेटर व स्कोरर का भी सम्मान किया गया।खास बात यह रही कि हरि सिंह राजपूत एवम अजय रावत ने कड़ी मेहनत कर इस टूर्नामेंट को सफल बनाया और अगली बार और भव्य तरीके से क्रिकेट का आयोजन किया जाएगा गौरतलब हो कि इन मैच के आयोजनों से प्रतिभा निखारने के मौका मिलता है और क्षेत्रीय खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आगरा के दिनेश कुमार को मैन ऑफ द मैच तथा पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल के लिए आगरा के ही खिलाड़ी रानू को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया। पूरे मुकाबले के दौरान सुनील नायक की जोशीली कमेंट्री ने दर्शकों में उत्साह बनाए रखा, स्कोरिंग की जिम्मेदारी शाहरुख खान ने निभाई, जबकि अंपायरों ने निष्पक्ष निर्णयों से फाइनल मुकाबले की गरिमा बनाए रखी। फाइनल मैच के दौरान बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, युवा खिलाड़ी और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक पूर्व जिला पंचायत सदस्य पत्रकार राजू नगायच वरिष्ठ पत्रकार जमाल अहमद कादरी अरविंद मिश्रा डॉ पंकज तिवारी रमाकांत रावत अलीपुरा प्रधान प्रतिनिधि उपस्थित रहे। एपीएल प्रीमियर लीग-2026 ने न केवल क्रिकेट प्रतिभाओं को मंच दिया, बल्कि क्षेत्र में खेल संस्कृति, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द को भी नई मजबूती प्रदान की।

## थाना खन्ना की पुलिस टीम ने पाक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन मे अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना अर्जुन सिंह द्वारा गठित की गयी टीम के उ0नि0 नरोत्तम सिंह मय हमराह रामबाबू द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मु.अ.सं. 11/2026 धारा 137(2)/87/64(2)रू बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट एवं 3(2)5, 3(2)5क एससी एसटी एक्ट थाना खन्ना जनपद महोबा से सम्बन्धित एक नफर वांछित अभियुक्त ओमशंकर तिवारी उर्फ आशुतोष पुत्र राजेश तिवारी निवासी बहिंगा थाना खन्ना जनपद महोबा उम्र करीब 26 वर्ष को बरभौली मोड बहद ग्राम खन्ना से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

## अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को दी गई सम्मानपूर्ण व भावुक विदाई

- पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की



**समृद्धि न्यूज, महोबा।** उ.प्र. पुलिस में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानपूर्वक विदाई दिए जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस लाइन महोबा स्थित सभाकक्ष में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को उनके परिवारजनों की गरिमामयी उपस्थिति में स्मृति चिन्ह, शॉल, उपहार एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक महोबा ने अपने संबोधन में सेवानिवृत्त हो रहे पुलिसकर्मियों द्वारा अपने दीर्घकालीन सेवाकाल में निभाई गई कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, ईमानदारी एवं निस्वार्थ सेवा भावना की सराहना करते हुए उनके योगदान को अविस्मरणीय बताया। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में दी गई सेवाएं समाज की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगी। साथ ही सभी सेवानिवृत्त कर्मियों के उज्ज्वल भविष्य, सुखमय पारिवारिक जीवन एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए भावुक विदाई दी गई। सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मी उ.नि.स.पु. नरेन्द्र सिंह, उ.नि.ना.पु. अवधेश कुमार द्विवेदी, मु.आ. शमशाद खाँ, मु.आ. देवलाल तिवारी उक्त विदाई समारोह के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी गौरव उपाध्याय, प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार सिंह सहित जनपद के अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण एवं सेवानिवृत्त हो रहे पुलिसकर्मियों के परिवारजन उपस्थित रहे।

## थाना परिसर में रविदास जयंती व शबे बारात को लेकर आहूत की गई शांति समिति की बैठक

- बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत गोंड व थाना प्रभारी ने सभी से शान्ति पूर्ण व्यवस्था में सहयोग की अपील की



**समृद्धि न्यूज, कुलपहाड़ /महोबा।** संत रविदास जयंती एवं सबे बारात पर्व को लेकर कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक क्षेत्राधिकारी रविकांत गोंड की अध्यक्षता एवं प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह की मौजूदगी में आयोजित की गई। इस बैठक में संत रविदास की निकलने वाली शोभायात्रा की रूट के बारे में जानकारी ली। और आयोजकों द्वारा होने वाले कार्यक्रम के बारे में बताया गया। वहीं उपस्थित मदार बक्स सुगिरा एवं सगीर पहलवान ने सबे बारात पर्व के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी ने शांतिपूर्ण तरीके से अपने अपने त्योहार मनाने की अपील की है। और जुलूस रूट को परंपरागत तरीके से ही निकालने के लिए कहा गया। कहा कि रूट में कोई परिवर्तन न करें। एक जुलूस में एक ही डीजे रखा जाएगा। और डीजे की आवाज कम रखें, ताकि किसी को कोई तकलीफ़ न हो। उन्होंने आयोजकों से कहा कि संत रविदास जी का जुलूस निकालने के लिए पहले परमीशन जरूरी है, बिना परमीशन के कोई भी जुलूस नहीं निकालेगा। और अपने अपने जुलूस में कम से कम दस-दस वालंटियर जरूर रखें, ताकि हुड़दंग करने वाले लोगों को कंट्रोल में रख सकें। आयोजकों ने बताया कि रविवार को संत रविदास जयंती की शोभायात्रा नगर कुलपहाड़, बेलाताल, भटेवरा, सतारी ग्रामों में निकाली जाएगी। इस मौके सगीर खां पहलवान, डॉ हरगोविंद सेनी, प्रधान प्रेमचन्द्र साहू, प्रधान मनोज राजपूत, संदीप पांडेय सतारी, महेन्द्र अहिरवार, मदार बक्स, हाजी अलादीन, नीतू सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## उपजिलाधिकारी ने विशेष बूथ का जायजा लेकर सही कार्य करने के दिए निर्देश




**समृद्धि न्यूज, कुलपहाड़/महोबा।** नगर के आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट में विशेष मतदाता बूथ का उपजिलाधिकारी ने जायजा लेते हुए सभी बीएलओ का हौसला बढ़ाया और सही कार्य करने का निर्देश दिया । बता दे कि इस समय एस आई आर के तहत तहसील सभागार में नो मैपिंग नोटिस के बाद मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया जारी रही है वही नगर के उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट में विशेष मतदाता बूथ पर पहुंचे उपजिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार ने बूथ पर उपस्थित बीएलओ से फॉर्म 6 ,7 एवं 8 के बारे में जानकारी हासिल करते हुए सभी का हौसला बढ़ाया और निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार कार्य करते हुए मतदाताओं के फॉर्म जमा कराए जाने का निर्देश दिया। बूथ पर वी एल ओ राकेश सक्सेना, भूपेंद्र सैनी, एवं विमल सोनी आदि कार्य करते पाए गए।

## नमामि गंगे का ब्लॉक की पंचायतों में बुरा हाल टोटियां गायब रास्तों में बह रहा पानी

**समृद्धि न्यूज, भरुआ सुमेरपुर।**

नमामि गंगे योजना का पूरे ब्लॉक में बुरा हाल है। ज्यादातर घरों के अंदर पानी नहीं पहुंच रहा है। टोटियां नदारत होने से लाखों लीटर पानी रास्तों में बह रहा है। लीकेज ग्रामीणों के लिए सर दर्द बनकर रह गए हैं। शिकायतों के बाद समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है।



नमामि गंगे परियोजना का ब्लॉक की पंचायतों में बुरा हाल है। किसी भी पंचायत में आज तक सौ फीसदी जलापूर्ति नहीं हो सकी है। ज्यादातर गलियां खुदी पड़ी है। लीकेज ठीक करने के लिए खोदे गए गड्ढों को नहीं भरा गया। घरों को दिए गए कनेक्शन में टोटियां नहीं लगाई गई है। किसी भी घर में अंदर तक पानी नहीं जा रहा है।टोटियां गायब होने से लाखों लीटर पानी रास्तों में बह रहा है। इससे रास्ता खराब हो रहे हैं। शनिवार को ब्लॉक की ग्राम पंचायत विदोखर मेदनी, विदोखर पुरई, इंगोहटा, चंदपुरवा बुजुर्ग, पंधरी, अतरैया डंडा,पौथिया आदि गांवों में की गई। पड़ताल में यह सच सामने आया। नमामि गंगे के कार्य से ब्लॉक का कोई प्रधान संतुष्ट नहीं मिला। बातचीत का सिलसिला शुरू होते ही प्रधानों ने शिकायतों की पोटली खोल दी। कहा कि शिकायतों के बाद इस योजना से जुड़े अधिकारी कार्यवाही नहीं करते हैं।

## कस्बे की शिव बारात में इस वर्ष शामिल होंगी 25 नयनाभिराम झांकियां



**समृद्धि न्यूज, भरुआ सुमेरपुर।** शुक्रवार को देर शाम अमरनाथ सेवा मंडल की बैठक कस्बे की सुरही मंदिर में संपन्न हुई बैठक में सीताराम गुप्ता को सर्व सम्मति से अध्यक्ष चुनकर शिवबारात के 25 वर्ष पूर्ण होने पर विशाल शिव बारात निकालने पर मंथन किया गया कमेटी के सदस्य डॉ शिवम गुप्ता ने बताया कि कस्बे में शिव बारात निकालने की शुरुआत अमरनाथ सेवा मंडल ने की थी शिव बारात निकाले जाने के 25 वर्ष पूर्ण होने से इस वर्ष शिव बारात में 25 झांकियां शामिल करके महाशिवरात्रि पर्व पर शिव बारात निकालने का निर्णय लिया गया है। बैठक में सर्वसम्मति से सीताराम गुप्ता को कमेटी का अध्यक्ष चुना गया है। बैठक में सुरेश गुप्ता, अजय उर्फ कल्लू यादव, डॉ राहुल गुप्ता, राधे शुक्ला, रेशु गुप्ता, दीपक गुप्ता, टोनी गुप्ता, आलोक गुप्ता, आर्यन चंदेल, वीरू सिंह, मिंटू गुप्ता, तुषार गुप्ता, सुरेंद्र, मोहित, उदय यादव आदि मौजूद रहे।

## कोहरे संग सर्द हवाएं चलने से ठिठुरे लोग

**भरुआ सुमेरपुर।** शनिवार को मौसम में एक बार फिर पलटी मारी। रात में पड़ा कोहरा सुबह मुसीबत बन गया और जन जीवन अस्त व्यस्त नजर आया। सर्द हवाओं के बहने से लोग दिन भर ठंड से जूझते नजर आए। दिन में सूर्य देव के दर्शन जरूर हुऐ लेकिन इनकी तपिश का एहसास नहीं हो सका मौसम में बदलाव का दौर थम नहीं रहा है। शुक्रवार को मौसम साफ होने पर किसानों के साथ लोगों ने राहत महसूस की थी लेकिन यह राहत ज्यादा देर तक नहीं रही। रात में ही घना कोहरा छा गया कोहरे के कारण सुबह से जन जीवन अस्त व्यस्त नजर आया सर्द हवाएं चलने से लोग पूरे दिन ठंड से ठिठुरते नजर आए।

## जिला प्राधिकरण सचिव ने वृद्धा आश्रम पहुंच कर वृद्धजनों का हाल-चाल लिया

**समृद्धि न्यूज, हमीरपुर।** न्यायाधीश मनोज कुमार राय के कुशल निर्देशन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा वृद्धा आश्रम पहुँचकर वृद्वजनों का हाल चाल लिया गया। वृद्वजनो से आश्रम के व्यवस्था एवं नाश्ता, खाना एवं अन्य विषयों पर विस्तार जानकारी ली गयी। सचिव द्वारा आश्रम कें पाकशाला, बाथरूम सहित भवन का निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को साफ-सफाई एवं मौसम के चलते वृद्वजनों को गरम कपड़े उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही सचिव द्वारा



स्थित विशेष दत्तक ग्रहण संस्था का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय 01 बच्चा भारत उम्र लगभग 2 माह संवासित पाया गया। साचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि उक्त बच्चे को बाल रोग विशेषज्ञ चिकित्सक को दिखाकर उसकी डायट प्लान एवं टीकाकरण आदि के सम्बन्ध में सलह प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चत करें।

सचिव द्वारा विश्व कुष्ठ रोग निवाण दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी प्रतिभाग किया गया।

## लव जिहाद के आरोपियों पर बड़ी कार्यवाही की तैयारी में जुटा प्रशासन

**भरूआ सुमेरपुर।** कस्बे में गत 15 जनवरी को हुए लवजिहाद, गैंगरेप, धर्मांतरण के दबाव की घटना के बाद शनिवार को प्रशासन बड़ी कार्रवाई के लिए कस्बे में एकत्र होकर रणनीति बनाने में मशगूल रहा। इसकी चर्चा पूरे दिन कस्बे में होती रही। लोगों की निगाहें प्रशासन के द्वारा होने वाली कार्रवाई की ओर टिक गई है। फिलहाल अधिकारियों ने कुछ भी बताने से इनकार करते हुए कहा कि इंतजार करिए बड़ी कार्रवाई होगी कस्बे के अबान उर्फ अफान खान ने एक हिंदू किशोरी को प्रेमजाल में फंसाकर अश्लील वीडियो बनाकर धर्मांतरण का दबाव बनाया था। किशोरी के मना करने पर गत 14 जनवरी को आरोपी ने किशोरी के अश्लील वीडियो सोशल मीडिया में वायरल कर दिये थे। इससे कस्बे का माहौल बिगड़ गया था और 15 जनवरी को सुबह हिंदूवादी संगठनों ने बाजार बंद कराकर हाईवे जाम करके हंगामा करते हुए कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पीड़ित किशोरी के पिता की तहरीर पर अबान उर्फ अफान खान, उसके पिता मौलाना खान को नामजद करके गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करके उसी दिन शाम को मुख्य आरोपी को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। पीड़िता ने अदालत में पिता पुत्र के अलावा दो और नाम लिए थे जिनको पुलिस ने मुकदमे में आरोपी बनाया है।

## रहमानिया इन्टर कालेज में मतदाता जागरूकता पंजीकरण कार्यक्रम आयोजन किया गया

**समृद्धि न्यूज, मौदहा (हमीरपुर)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 (उत्तर प्रदेश) के अंतर्गत आज दिनांक 31 जनवरी 2026 को रहमानिया इंटर कॉलेज, मौदहा सुपरवाइजर मोहम्मद अख्तर की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता एवं पंजीकरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया कार्यक्रम के दौरान प्रातः 10:30 बजे से 4:30 बजे तक सभी संबंधित बूथों पर ब्लह की उपस्थिति सुनिश्चित रही। इस अवसर पर 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पात्र नागरिकों से मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन



प्राप्त किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य योग्य नागरिकों को मताधिकार के महत्व के प्रति जागरूक करना एवं अधिक से अधिक नए मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़ना रहा। नागरिकों को voters.eci.gov.in पोर्टल एवं हेल्पलाइन नंबर 1950 की जानकारी भी दी गईआयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि 'आपका वोट, आपकी पहचान, और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में प्रत्येक मतदाता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# पूर्व मंत्री राजा राजीव कुमार सिंह की पुण्यतिथि पर हुई श्रद्धांजलि सभा

**शिवपाल सिंह यादव ने दी श्रद्धांजलि, फूंका सियाशी बिगुल**



**रामसनेहीघाट, बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

ग्राम हडाहा में पूर्व मंत्री और सपा नेता स्वर्गीय राजा राजीव कुमार सिंह की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई।इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। स्व. राजा राजीव कुमार सिंह के पुत्र सपा नेता राजा रितेश कुमार सिंह रिंकू भैया ने शिवपाल यादव का चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया।सभा को संबोधित करते हुए शिवपाल यादव ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने महंगाई, धान खरीद और भ्रष्टाचार सहित विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरा।शिवपाल यादव ने कहाकि अभी तक डबल इंजन आपस में टकरा रहे थे,लेकिन अब डिब्बे भी टकराने लगे हैं। शिवपाल यादव ने 2027 के विधानसभा चुनावो मे बाराबंकी की सभी छह विधानसभा सीटें जीतने की अपील की। उन्होने दरियाबाद विधानसभा से समाजवादी पार्टी का टिकट मांग रहे राजा रितेश कुमार सिंह को आशीर्वाद दिया और जनता से उन्हें मजबूत करने का आह्वान किया।

रितेश कुमार सिंह ने इस सभा मे हजारों लोगो को एकत्रित कर अपनी राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन किया।शिवपाल यादव दोपहर करीब 12:15 बजे कार्यक्रम स्थल पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले समाधि स्थल पर जाकर स्वर्गीय राजा राजीव कुमार सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।इसके बाद वे मंच पर पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश कुमार वर्मा भी शिवपाल यादव के साथ मौजूद रहे। अपने संबोधन में शिवपाल यादव ने स्वर्गीय राजा राजीव कुमार सिंह को याद करते हुए कहाकि वे उनके साथ मंत्री थे और छह बार विधायक रहे। उन्होने हमेशा जनता के लिए कार्य किया। उन्होंने स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा,स्वर्गीय रामसेवक यादव और अनंत राम जायसवाल सहित स्वर्गीय राजा राजीव कुमार सिंह जैसे समाजवादी नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहाकि इन नेताओं ने जिले का चौमुखी विकास करवाया। उन्होंने दावा किया कि समाजवादी पार्टी की सरकारों (2003 और 2012) के दौरान केवल इटावा और बाराबंकी ही नहीं, बल्कि प्रदेश के 75 जिलों में विकास कार्य हुए। शिवपाल यादव ने नमामि गंगे परियोजना में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए इसकी जांच की मांग की।

उन्होने यह भी कहाकि अब तो सत्तारूढ़ दल के विधायक ही अपने मंत्रियों को घेरने लगे हैं।इस मौके पर फैजाबाद सांसद अवधेश प्रसाद,विधायक गौरव रावत,जिला पंचयात सदस्य मोहम्मद अहमद शहंशाह,विजय कुमार यादव, आदेश जैन,राजवीर यादव,सोनू सिंह,स्वतंत्र सिंह,अतुल सिंह मौजूद रहे।मंच का संचालन प्रीतम सिंह वर्मा ने किया।

# तहसीलदार ने लिया फाल्गुनी मेले का जायजा

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



लोधेश्वर महादेवा में चल रही फाल्गुनी मेले की तैयारियो का पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय और तहसीलदार विपुल कुमार सिंह ने जायजा लिया। उन्होने मेला परिसर की व्यवस्थाओ का स्थलीय निरीक्षण कर जिम्मेदार अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बोहनिया सरोवर का निरीक्षण कर स्वच्छ पानी सुरक्षा आदि की जानकारी ली। मेले मे श्रद्धालुओ के जलाभिषेक करने के लिये लग रही बैरीकेटिग का निरीक्षण कर मजबूती के साथ लगाये जाने की दिशा निर्देश दिये। मंदिर प्रांगण रैन बसेरा अभरण सरोवर मे साफ सफाई के साथ स्वच्छ जल भराए जाने मजबूत बैरिकेटिग और जाल के लगाने पीएसी की जल पुलिस गोताखोरों के साथ तैनात किए जाने के दिशा निर्देश दिये। जर्जर भवनो के छज्जे हटवाने के साथ जाल लगाने का निर्देश दिया। रूट डायवर्जन सुरक्षा प्वाइंटों पर पर्याप्त पुलिस बल श्रद्धालुओ की सुरक्षा में लगाये जाने की बात कही। मेला शुरु होने से पहले श्रद्धालुओ की मूलभूत सुविधाओं को पूरा कर लिया जाय जिससे मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी न होने पाए। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत,नायब तहसीलदार अभिनव सिंह,थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे,ठेकेदार अखिलेश सिंह, लेखपाल संतोष वर्मा,चौकी प्रभारी अभिनंदन पांडे,उप निरीक्षक अजय कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या मे अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# जीजीआईसी हैदरगढ़ में आयोजित हुआ वार्षिकोत्सव

**कैरियर मेला,खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं का अतिथियों ने बढ़ाया हौसला**



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हैदरगढ़ में वार्षिकोत्सव करियर मेला खेलकूद प्रतियोगिता एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतीत के रूप में एससी एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक दिनेश रावत नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने हिस्सा लिया।

एससी एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों के जीवन में विकास होता है और उनकी प्रतिभाओं को निखारने का मौका मिलता है। इसके अलावा विधायक दिनेश रावत पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह एवं नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने भी छात्राओं को संबोधित कर उनका उत्साहवर्धन किया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम खेलकूद गतिविधियों एवं रचनात्मक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई। छात्राओं की प्रतिभा आत्मविश्वास एवं अनुशासन अत्यंत प्रसंसनीय रहा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंह बैजनाथ मौर्य मंडल महामंत्री संतोष श्रीवास्तव राजकीय इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य पूनम कनौजिया प्रवक्ता मोहिनी द्विवेदी पूनम यादव सहायक अध्यापक मीना कुमारी जयंती भारती सुचेता शर्मा सोनू कैथल वरिष्ठ लिपिक अमित सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्राएं अभिभावक उपस्थित रहे।

## आवास की आस लगाए बैठे लोगों के चेहरे पर आई मुस्कान खाते में आई पहली किश्त

जैदपुर बाराबंकी। देश के प्रधानमंत्री का सपना हर गरीब के सर के ऊपर होगी छत इस योजना के अंतर्गत नगर पंचायत जैदपुर में भारी संख्या में गरीबो की पहली किश्त खाते में आने पर जहां एक तरफ लोगो मे खुशी का माहौल बना हुआ है। वहीं आज गरीबो को आवास दिलाने हेतु सभासद नसीम शाहरुख के साथ लेखपाल पंकज मिश्रा,शिवम वर्मा जांच करते नजर आये ज्ञानकारी के अनुसार नगर पंचायत जैदपुर में 292 गरीब लोगो को पहली किस्त मे एक एक लाख रूपए आने पर लोगो के चेहरे की चमक बढ गयी है। जिसे लेकर शनिवार को सभासद नसीम शाहरुख,लेखपाल पंकज मिश्रा,लेखपाल शिवम वर्मा के साथ जांच करते नजर आये।जबकि सभासद ताहिर,सुफियान,राम सिंह,शाहे आलम, अबसार,अलताब अंसारी, कलीम ,आलम,निजामुद्दीन सहित अन्य सभासद भी गरीबो को आवास दिलाने हेतु लगातार प्रयास करते नजर आ रहे है।

# चालक समझें अपनी जिम्मेदारी: राजकुमार सिंह

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



सड़क हादसो को रोकने के लिये परिवहन विभाग द्वारा 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत प्रशास्ति पत्र वितरण एंव समापन समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र अयोध्या राजकुमार सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप मे क्षेत्राधिकारी यातायात आलोक पाठक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला, यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी, सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव मौजूद रहे। समारोह में सड़क सुरक्षा के क्षेत्र मे विशेष योगदान देने वाले समाजसेवियो, शिक्षको, पत्रकारो को प्रशास्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र अयोध्या राजकुमार ने सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों को सर्वप्रथम अपनी जिम्मेदारी को समझकर चलना होगा। ताकि इनसे कोई लोग हताहत न हो। किसी की जान एक छोटी सी लापरवाही से जा सकती है। सावधानी हटी और दुर्घटना घटी। छोटी छोटी बातों पर ध्यान देकर हम सड़क दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं। सड़क सुरक्षा माह का समापन हो रहा है, अभियान का नहीं। रोड़ सेफ्टी नियमों का पालन हमें स्वयं करना होगा। हेलमेट-सीटबेल्ट पहनकर दिखावा करने के बजाय इसे अपनी आदत मे बनायें। एआरटीओ प्रशासन श्रीमती शुक्ला ने कहा कि जीवन अनमोल है। इसे बचाना आवश्यक है तमाम नागरिकों का यह कर्त्तव्य बनता है कि गलत ढंग से सड़कों पर चलने वाले लोगों को जागरूक करें ताकि उनकी जीवन रक्षा हो सके। इसके उपरांत 'सड़क पर वाहन चलाने से पहले सभी सुरक्षा सम्बन्धी बातो का ध्यान रख सड़क व यातायात नियमों का हमेशा पालन करुगा' की शपथ दिलाई गई। तो वही बिना हेलमेट वाहन संचालन करने वाले दो पहिया वाहन चालको को गुलाब का फूल व हेलमेट भेटकर रोड़ सेफ्टी नियमो का पालन करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला स्काउट मास्टर राजेन्द्र त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर यातायात प्रभारी रामयतन यादव, जीजीआईसी उप प्रधानाचार्य डॉ. पूनम सिंह, रेड़ क्रास से शैलेन्द्र प्रताप सिंह, स्वास्तिक पेट्रोल पम्प प्रबन्धक दीपक जैन सहित अन्य मौजूद रहे।

## बाबा रामसनेहीदास मंदिर में चोरी, नहीं हुआ खुलासा



**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** बाराबंकी-अयोध्या सीमा पर स्थित प्रसिद्ध बाबा रामसनेही दास मंदिर में शनिवार रात अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देकर सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए अभी भिटरिया चौराहा हनुमान मंदिर की चोरी का खुलासा भी नही हो सका कि दूसरी वारदात को अंजाम दे दिया अज्ञात चोरों ने पहले मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की वायरिंग क्षतिग्रस्त की, ताकि उनकी गतिविधियां रिकॉर्ड न हो सकें। इसके बाद मंदिर का मुख्य ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और इनवर्टर, सीसीटीवी कैमरों का डीबीआर व एलसीडी उठा ले गए। इतना ही नहीं, चोरों ने मंदिर के सामने रखी दो गुमटियों को भी निशाना बनाते हुए उनके ताले तोड़ दिए। हालांकि गुमटियों में रखे सामान में से कुछ ही सामान चोर ले जा सके। घटना के बाद मंदिर परिसर में अफरा-तफरी का माहौल रहा। चोरी की जानकारी रविवार सुबह तब हुई, जब मंदिर प्रबंधन मौके पर पहुंचा। इसके बाद पुजारी भोला गोस्वामी ने तत्काल पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस उपाधीक्षक जटाशंकर मिश्र और कोतवाली प्रभारी जगदीश प्रसाद शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस अधिकारियों ने मंदिर परिसर का गहन जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा शीघ्र घटना के खुलासे का आश्वासन दिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मंदिर जैसी धार्मिक स्थल पर हुई चोरी से श्रद्धालुओं में रोष व्याप्त है।

# नमूनों को संकलन कर करायी जाये जांच

**डीएम की अध्यक्षता में हुई खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की बैठक**



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय समिति की तृतीय त्रैमासिक बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने गत बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की तथा खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा की गयी प्रवर्तन कार्यवाही, अभियोजन कार्यवाही, आरोपित अर्थदण्ड, जारी आरसी आदि की गहनतापूर्वक समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी खाद्य सुरक्षा अधिकारी निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रवर्तन कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा नमूनों को संकलन कर इनकी जांच भी करायी जाये। उन्होंने कहा कि लम्बित वादों की प्रभावी पैरवी करते हुये अधोमानक खाद्य पदार्थों के निर्माण एवं विक्रय में संलिप्त लोगों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। असुरक्षित घोषित किये गये नमूनों के मामले में भी कड़ी कार्यवाही के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्धारित समयावधि में समस्त प्रकार के लाइसेंस जारी कराये जायें।

इसके लिये समय-समय पर बैठक करते हुये सभी को प्राविधानों से अवगत कराया जाये। विद्यालयों में बनने वाले मिड-डे-मिल एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में दिये जाने वाले खाद्य पदार्थों की भी लक्ष्य के अनुरूप जांच कराने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि त्यौहारों से पूर्व विशेष अभियान अवश्य चलाये जायें तथा अधोमानक पाये जाने वाले खाद्य पदार्थों को नियमानुसार नष्ट भी कराया जाये।

# 'न्याय चला गांव की ओर' पहल की चहुं ओर हो रही है सराहना

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

गौरतलब हो कि मुसाफिरखाना तहसील में एक माह से वकीलों की हड़ताल के कारण मुसाफिरखाना की सभी अदालतों में न्यायिक कार्य ठप्प हो गया है। जिससे वादकारियों में गहरा रोष व्याप्त है, वादकारियों में अब दिनों दिन असंतोष बढ़ रहा है हालांकि सिविल कोर्ट में इस हड़ताल का कोई भी प्रभाव नहीं पड़ा है। सिविल कोर्ट में अनवरत वादों में सुनवाई हो रही है। वादकारियों की समस्या को समझते हुए उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया ने आम जनता को सुलभ न्याय उपलब्ध कराने हेतु गांवों में ग्राम्य न्यायालय लगाना शुरू कर दिया है। वादकारी व आम जनता उपजिलाधिकारी की इस अनूठी पहल का गर्मजोशी से स्वागत कर रही है। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष चुन्नू सिंह ने स्पष्ट कहा है हमारा संगठन वकीलों की हड़ताल का कतई समर्थन नहीं कर रहा हूं हमारा संगठन सदैव जनता की हित के लिए तत्पर रहता है वादकारियों को जो कष्ट हो रहा है उसके निवारण हेतु जो भी संभव होगा वह हमारा संगठन कार्य करेगा।

उपजिलाधिकारी द्वारा अब तक उतेलवा, मोहब्बतपुर व शिवली गांवों में जनता की समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर रहे हैं। जनता इस अनूठी पहल का गर्मजोशी से स्वागत कर रही है।

## कुत्ते नोचते रहे, मृत गोवंश खुले में फेंके गए शव

सीतापुर। उत्तर प्रदेश सरकार के गोवंश संरक्षण अभियान को विकास खण्ड महोली की ग्राम पंचायत राई पेड़रहिया में जिम्मेदारों ने पलीता लगा दिया। गौशाला में मृत गोवंशों का नियमानुसार निस्तारण न कर उन्हें खुले में फेंक दिया गया, जहां आवारा कुत्ते शवों को नोच-नोचकर खाते रहे। यह दृश्य इतना भयावह था कि देखने वालों के रोंगटे खड़े हो गए। ग्रामीणों की शिकायत पर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील राजवंशी द्वारा किए गए औचक निरीक्षण में गौशाला की अमानवीय हकीकत सामने आई। मौके पर न हरा चारा मिला, न भूसा, न साफ पानी और न ही बीमार गोवंशों के इलाज की कोई व्यवस्था। कई गोवंश भूख, बीमारी और उपेक्षा के चलते दम तोड़ चुके थे। प्रदेश अध्यक्ष ने सीधे तौर पर ग्राम प्रधान और सचिव लक्ष्मी यादव पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि गौशाला के नाम पर केयरटेकर, चारा व अन्य मदों में फर्जी भुगतान किए गए।

## चोरी के सामान व नकदी सहित आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस द्वारा अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में शनिवार को क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अर्जुन पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम पूरबगांव थाना गौरीगंज को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 1120/- रुपये नकद बरामद हुआ है। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि 29 जनवरी की रात्रि में वह पूरबगांव में स्थित बंगाली स्वीट हाउस दुकान के अन्दर से एक एलईडी टीवी, एक इलेक्ट्रानिक तराजू व रुपये चोरी कर लिया था।

# शैक्षिक भ्रमण के लिए 53 छात्र नई दिल्ली रवाना



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

माध्यमिक शिक्षा विभाग के 53 छात्र शुक्रवार को शैक्षिक एक्सपोजर विजिट के लिए नई दिल्ली रवाना हुए। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी ने बताया कि इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को उच्च शिक्षण संस्थानों, राष्ट्रीय महत्व के प्रतिष्ठानों और ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना है। भ्रमण के दौरान छात्र दिल्ली विश्वविद्यालय, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, राष्ट्रपति भवन तथा अन्य प्रमुख शैक्षिक और सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। इस दौरान विद्यार्थियों को संस्थानों की कार्यप्रणाली, शैक्षिक वातावरण और उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी जाएगी। इस प्रकार के एक्सपोजर विजिट से छात्रों में उच्च शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

## कस्बा गौरीगंज में शुरू हुआ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ

अमेठी समृद्धि न्यूज़। जिला मुख्यालय कस्बा गौरीगंज स्थित सुरेश कुमार सोनी के घर के पास नजदीक कान्हा मैरिज लान के बगल श्रीमद्भागवत कथा की शुरुआत हुई है। कथा के मुख्य यजमान सुरेश कुमार सोनी और निर्मला देवी मूलनिवासी भटगवां व वर्तमान निवासी माधोपुर गौरीगंज हैं। कथा व्यास कामाख्या धाम से पधारे पूज्य इन्द्रेश कौशिक जी महाराज हैं। पहले दिन कथा व्यास जी ने श्रीमद्भागवत महात्म श्रीशुकदेव कथा पर प्रकाश डाला। इन्द्रेश जी ने कहा कि भागवत कथा सुनने से भक्ति ज्ञान वैराग्य और मुक्ति की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि बिना आराध्य के जीवन व्यर्थ होता है। अतः कोई न कोई आराध्य जरूर बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिना आराध्य के यह जीवन गाड़ी फेल हुई ब्रेक और लाइट विहीन गाड़ी की तरह होती है जो चलती तो जरूर है लेकिन अंधेरे में पता नहीं किस खंदक में गिर जाय या किसी पेड़ से टकरा जाये यह पता नहीं होता है।

## नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड जामों कस्बा स्थित राजभवन जामों में राजा उमारमण चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर करवाया इलाज। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि, पूर्व ब्लॉक प्रमुख, ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य मौके पर मौजूद रहे। जिसमें बुजुर्गों व नेत्र संबंधी समस्याओं से परेशान मरीजों की अधिक संख्या रही।

# सांसद के प्रयास से गौरीगंज रिंग रोड को मिली मंजूरी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

जनप्रिय सांसद किशोरी लाल शर्मा लगातार संसद के प्रत्येक सत्र में क्षेत्रीय समस्याओं को पूरी मजबूती के साथ उठाते रहे हैं। सड़क, यातायात, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे जैसे मूलभूत विषयों पर उनकी सक्रियता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। गौरीगंज रिंग रोड का प्रस्ताव उन्हीं निरंतर प्रयासों का ठोस परिणाम माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार सांसद ने इस मुद्दे को संबंधित मंत्रालयों, अधिकारियों और संसदीय मंचों पर लगातार प्रभावी ढंग से उठाया। इसी का परिणाम है कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने इस मांग को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 128 के चार-लेन डीपीआर में शामिल करते हुए गंभीरता से विचार किया। क्षेत्र में रिंग रोड जैसी बुनियादी विकास परियोजना न केवल यातायात समस्या का समाधान करेगी, बल्कि क्षेत्र को नई विकास पहचान भी देगी। संसद के प्रत्येक सत्र में जनता की आवाज बनकर खड़े होने वाले सांसद किशोरी लाल शर्मा ने 22 मई 2025 को गौरीगंज रिंग रोड निर्माण का विषय औपचारिक रूप से केंद्र सरकार के समक्ष रखा।

# एसजेएस स्कूल में फंटूरा फिएस्टा कार्यक्रम संपन्न

**बच्चों ने दी देश के विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति, वेशभूषा और विशेषताओं पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियां**



**लालगंज, समृद्धि न्यूज़।**

नगर के सर्वश्रेष्ठ व बहुचर्चित अंग्रेजी माध्यम शिक्षण संस्थान एस. जे. एस. पब्लिक स्कूल, लालगंज में आयोजित फंटूरा फिएस्टा कार्यक्रम हर्षोल्लास और रंगारंग गतिविधियों के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ पर विद्यालय के गेट पर अभिभावकों का आत्मीय स्वागत किया गया। इसके पश्चात मेले के लिए टोकन वितरण किया गया, जिससे बच्चों और अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। मेले में बच्चों द्वारा देश के विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति, वेशभूषा और विशेषताओं पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। वहीं मेले में लगे फूड कॉर्नर ने सभी का ध्यान खींचा, जहां स्वाद और जानकारी का सुंदर संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण जंगल सफारी रहा, जिसमें शेर, चीता, भालू, जिराफ आदि के मॉडल अभिभावकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बने।

खेल प्रतियोगिताओं में बस्ट द बैलूंस, फेस रिकग्निशन, पारले-जी एंड मिल्क रेस, मेकअप रेस, जेलीफिश रेस, मेकिंग द गार्लैंडिंग, सर्च द की एंड ओपन द लॉक, होमवर्क रेस, ऑरेंज पील ऑफ रेस, बनी रेस, रिंग रेस, हूलाहूप रेस, सॉफ्टी रेस, कैच द फ्लावर रेस, पील ऑफ वेजिटेबल रेस, नीडल थ्रेड रेस, फाइंड द कॉइन रेस आदि शामिल रहीं। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए तथा सभी बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# डीएम-एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण



**रायबरेली,समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने जिला कारागार रायबरेली का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा कैदियों की समस्याओं को सुना। सभी बैरकों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कारागार के पाकशाला में बन्दियों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता, साफ सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था आदि का भी अवलोकन किया गया। उन्होंने कहा कि व्यवस्थाओं को नियमानुसार दुरूस्त रखने के साथ ही बंदी गृह में रह रहे मरीजों के चिकित्सा व्यवस्था का भी ध्यान रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी व्यवस्थाओं को जेल मैनुअल के अनुरूप ही सुनिश्चित कराया जाए।

# राज्यमंत्री ने किया जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सम्मानित

**बच्चों एवं शिक्षकों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर जनपद के साथ-साथ प्रदेश का नाम किया रोशन: दानिश आजाद अंसारी**



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद स्तर पर आयोजित पुलिस लाइन क्रीड़ांगन में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता एवं शैक्षिक समारोह सकुशल संपन्न कराए जाने पर रायबरेली जनपद के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह को अल्पसंख्यक कल्याण वक्फ एवं हज राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार दानिश आजाद अंसारी एवं भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अमील शम्सी के द्वारा उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित राज्य मंत्री द्वारा कहा गया की जनपद के समस्त तहसीलों एवं ब्लाक के बच्चों एवं शिक्षकों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर जनपद के साथ-साथ प्रदेश का नाम भी रोशन किया है।

प्रशस्ति पत्र अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी सैयद एजाज अहमद ने कार्यालय उपस्थित होकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह को सौंप कर सम्मान किया इस अवसर पर महताब खान प्रधान अध्यापक प्राथमिक विद्यालय वसालत नगर विकास क्षेत्र अमावा एवं मोहम्मद वसीम प्रधान अध्यापक प्राथमिक विद्यालय गौवा बाजार विकास क्षेत्र सलोन के साथ-साथ एसआरजी सुनील यादव एवम राजवंत सिंह,महफूज़ हक़ व कार्यालय के समस्त स्टाफ ने बीएसए को इस उपलब्धि की ढेरों बधाई की।

## बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव

# पांच प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र लिए वापस

- संयुक्त सचिव पुस्तकालय पद पर अजय का निर्विरोध निर्वाचन तय
- गौरव चतुर्वेदी, गुलाम हुसैन भी उपाध्यक्ष द्वितीय होंगे निर्विरोध

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में शनिवार को नामांकनपत्रों की वापसी के बाद कई पदों पर निर्विरोध निर्वाचन लगभग तय माना जा रहा है। वहीं अब अध्यक्ष और महासचिव पद पर पांच-पांच प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगा। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष प्रथम, संयुक्त सचिव प्रशासन, संयुक्त सचिव प्रसारण, कोषाध्यक्ष और प्रशासनिक सदस्य कनिष्ठ के पद पर रोचक मुकाबला देखने को मिलेगा। 16 फरवरी को मतदान कराया जाएगा, जबकि अगले दिन 17 को मतगणना होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी रामचंद्र यादव ने बताया कि नामांकनपत्रों की वापसी के अंतिम दिन महासचिव पद पर राजीव दीक्षित ने, संयुक्त सचिव प्रशासन के पद पर राजीव कुमार शुक्ला, संयुक्त सचिव पुस्तकालय पद से मो.फैज व पुष्पेंद्र सिंह ने तथा प्रशासनिक सदस्य कनिष्ठ के पद से तनवीर अहमद ने पर्चा वापस लिया है।

अब अध्यक्ष के पद पर किशुनदत्त वर्मा, जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, राजकुमार सिंह बैस, रामचंद्र मिश्रा व शिवनाथ सिंह के बीच मुकाबला होगा। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर फहीमजमा खां, संजीव कुमार दुबे व श्याम सिंह भारती के बीच चुनाव होगा। महासचिव के पद पर पंकज मिश्रा, अजीतप्रताप सिंह, घनश्याम, रजनीश कुमार यादव व रामप्रकाश के बीच मुकाबला होगा। वहीं उपाध्यक्ष प्रथम के दो पदों के लिए गौरव कुमार, दिनेशचंद्र यादव, विनीत त्रिपाठी व शिवप्रकाश यादव, संयुक्त सचिव प्रशासन के पद पर नरेंद्र सिंह व अंकित कुमार यादव के बीच चुनाव होगा। संयुक्त सचिव प्रसारण के पद पर अमित कुमार राजपूत व विशाल दुबे, कोषाध्यक्ष के पद पर अंजू पटेल, विमलेश कुमार व संजय मिश्रा तथा प्रशासनिक सदस्य कनिष्ठ के पद पर सचिन बौद्ध, संजीव यादव, रणवीर सिंह, अवनीश वर्मा, ललित दुबे, वेदराम, सुखेंद्र सिंह, अनीस, वेदमती व शहनूर अहमद के बीच मुकाबला होगा।



**इन पदों पर निर्विरोध निर्वाचन लगभग तय**

छिबरामऊ। नामांकनपत्रों की वापसी के बाद अब संयुक्त सचिव पुस्तकालय के पद पर अजय कुमार सक्सेना, उपाध्यक्ष द्वितीय के दो पद पर गौरव चतुर्वेदी व गुलाम हुसैन तथा प्रशासनिक सदस्य वरिष्ठ के पद पर अभिरूप सिंह दीक्षित, अमित कुमार दुबे, राकेश कुमार भटनागर व अमित दुबे का निर्विरोध निर्वाचन लगभग तय है।

# समधन पहुंचे अखिलेश, सपा नेता व कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

समधन, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी सुप्रीमो व पूर्व मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से पार्टी संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया है। समधन नगर निवासी सपा नेता रफी अनवर सिद्दीकी की बेटी हिबा सिद्दीकी की होने वाली शादी कार्यक्रम को लेकर एक दिन पहले शुक्रवार समधन पहुंचे सपा सुप्रीमो व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सबसे पहले कार्यकर्ताओं व नेताओं से मुलाकात करने के बाद कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिये बूथ स्तर से तैयारी करने को कहा है साथ ही पार्टी की नीतियों व सिद्धांतो को तक पहुंचाने का आह्वान किया साथ ही जनता की समस्याओं को निराकरण कराने का प्रयास करें। इस अवसर पर



सपा नेता रफी अनवर सिद्दीकी, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष गुफरान सिद्दीकी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी, पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी, बसीम सिद्दीकी, ऐनुद्दीन खान, पप्पे सिद्दीकी, पिंटू यादव, असलम खां, आदिल परवेज आदि मौजूद रहे। साथ ही उधर बीते दिनों पहले नगर पंचायत समधन की चेयरमैन आसमा बेगम के पति अखलाक हुसैन का निधन हो गया जिसकी सूचना पर उनके आवास पर पहुंचकर दुखी परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की गई। इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि अयान हुसैन, आकिब हुसैन,आफाक हुसैन, सपा नेता इरफान हुसैन,हाफिज अतीक,मानू खान आदि मौजूद रहे।

## देश में परस्पर प्रेम व सद्भाव से रहने का है समय



**छिबरामऊ, कन्नौज।** माघ महीने के अंतिम शनिवार को अमृतासन खिचड़ी कार्यक्रम में शक्तिपीठ गमा देवी के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने कहा हम सभी भारतीय अनेकता में एकता रखते हैं भले ही हम अनेक जाति धर्म के हो। आज देश में परस्पर प्रेम सद्भाव से रहने का समय है क्योंकि यह बहुत ही संक्रमित समय चल रहा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार दाल चावल एवं अन्य भोज्य पदार्थ मिलकर स्वादिष्ट खिचड़ी बनती है उसी प्रकार हम सभी के अनेक वर्ग से होते हुए भी परस्पर प्रेम से रहने व संगठित रहने का अलग ही आनंद है। उन्होंने कहा कि एक बनेंगे नेक बनेंगे तभी राष्ट्रीय एकता संभव है। माघ महीने के अंतिम शनिवार को अमृतासन खिचड़ी नगर की श्रद्धालु महिलाओं ने बड़ी श्रद्धा भक्ति से बनाई और भगवती को भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम में गौरव कौशल, रामू गुप्ता, सौरभ वर्मा, मोहित गुप्ता, सोनू गुप्ता, धर्मेंद्र सिंह भदोरिया, कार्तिक चौरसिया, नितिन सिंह आदि श्रद्धालुओं ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया।

## कोहरा की मार से सर्दी का कहर, अलाव बने जीवनरक्षक

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पूरे दिन आसमान पर काले बादल छाए रहे, धूप का नामोनिशान नहीं रहा। इससे तापमान में भारी गिरावट आ गई और सर्दी की गलन ने शहरवासियों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया। तेज हवाओं ने ठंड को और भयानक बना दिया, जिससे बुजुर्गों और बच्चों के हाड़ कांपने लगे। सड़कों पर सन्नाटा पसर गया, लोग कंबलों में लिपटे सिकुड़ने लगे। इन हालातों को भांपते हुए भो पालिका प्रशासन ने नगर के प्रमुख चौराहों और बाजारों में लकड़ियों के ढेर नहीं डलवाए जिन्हें जलाकर अलाव सुलगा दिए जाते। कई जगह स्थानीय निवासियों ने स्वयं के खर्चे से लकड़ियां मंगवाईं और अलाव जलाए, ताकि पड़ोसी और राहगीर भी गर्माहट महसूस कर सकें। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक बादल बरकरार रहने और बारिश की संभावना से शीतलहर का खतरा बढ़ सकता है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि गर्म कपड़े पहनें और अनावश्यक बाहर न निकलें।

# सुधीर कुमार अध्यक्ष, सुवेश कुमार बने महामंत्री



- सविता समाज की कार्यकारिणी का हुआ गठन

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

नगर के ताजपुर रोड स्थित महावीर सिंह फौजी के आवास पर आयोजित सविता समाज की बैठक में समाज की कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से सुधीर कुमार को अध्यक्ष और शिक्षक सुवेश कुमार को महामंत्री पद पर मनोनीत किया गया। बैठक में आगे के कार्यक्रम के आयोजन को लेकर भी रणनीति पर चर्चा की गई।

इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए अन्नू श्रीवास्तव बाबाजी को नामित किया गया। ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव, वीरेंद्र कुमार सविता व दिनेश कुमार को उपाध्यक्ष, शिक्षक नीरज कुमार सविता को कोषाध्यक्ष, रामानंद सविता को प्रचार मंत्री और डॉ.राकेश श्रीवास्तव व डॉ आदित्य श्रीवास्तव को संगठन मंत्री पद का दायित्व सौंपा गया। इसके अलावा अन्य पदाधिकारियों की भी शीघ्र घोषणा की जाएगी। बैठक में तय किया गया कि इस बार भव्य ढंग से होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। समाज के निम्न वर्ग के लोगों से जनसंपर्क कर उन्हें साथ जोड़ने का काम किया जाएगा।

महावीर सिंह फौजी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अखिलेश सविता राजू एडवोकेट, राजेश कुमार श्रीवास्तव बीमा वाले, अजय श्रीवास टिंकू, नीरज कुमार, दिनेश कुमार सविता, प्रभु दयाल श्रीवास्तव समेत काफी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

## आर्य समाज मंदिर में तीन दिवसीय वृहद यज्ञ एवं वैदिक कार्यक्रम शुरू



**छिबरामऊ, कन्नौज।** मोहल्ला बजरिया रोड स्थित आर्य समाज मंदिर में मानव उत्थान, पर्यावरण शुद्धि एवं वैदिक मूल्यों के प्रचार हेतु तीन दिवसीय यज्ञ, वैदिक कथा, भजन, उपदेश एवं शंका समाधान का भव्य आयोजन प्रारंभ हो गया है। प्रातः 9:30 से 10:30 बजे तक हवन-यज्ञ एवं वैदिक कथा के बाद दोपहर 1:00 बजे से वैदिक कथा, भजन एवं शंका समाधान सत्र चले। एटा से पधारे पंडित शिवपाल आर्य ने उपदेश देते हुए कहा ईश्वर निराकार, सर्वव्यापक एवं सर्वज्ञ है। वह ध्यान का विषय है, इसीलिए आंखों से दिखाई नहीं देता, किंतु कण-कण में विद्यमान रहकर संसार का पालन करता है। कासगंज से आईं आचार्या किरन आर्या ने भजनोपदेश के माध्यम से वैदिक जीवनशैली अपनाने एवं ओ3म् के जप पर जोर दिया, श्रद्धालुओं को आत्मशुद्धि का मार्ग बताया। शाहजहांपुर से आए पंडित मुकेशानंद ने मधुर भजनों की गंगा बहाई। उन्होंने गाया तू है सच्चा पिता सारे संसार का, ओम् प्यारा तू ही रक्षक है हमारा... ढोलक पर कुंवर पाल ने संगत प्रदान की। सायंकाल 7:00 से 9:30 बजे तक वैदिक प्रवचन, भजन एवं उपदेश जारी रहे। कार्यक्रम में संरक्षक इंदिरा दुबे, संयोजक डॉ. श्रीप्रकाश त्रिपाठी, सत्यराम यादव, शाखा प्रधान ज्ञान प्रकाश भारद्वाज, मंत्री गोविंद वर्मा, कोषाध्यक्ष अजय कुमार राजू, पुस्तकालय अध्यक्ष शालिगराम शर्मा, निरीक्षक राकेश बाथम आर्य सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### कंबल पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिले




**छिबरामऊ, कन्नौज।** भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज सिकंदरपुर में दिव्यांग बच्चों के लिए आयोजित खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान कंबल पाकर उनके चेहरे खुशी से खिल गए। इस अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से समाजसेवी एवं चिकित्सक डॉ. शरद द्विवेदी ने दिव्यांग बच्चों को कंबल वितरित किए, जिससे उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र, कंबल एवं ट्रैक सूट व स्वेटर वितरित कर मानवीय संवेदना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया गया। इस अवसर पर डॉ. शरद द्विवेदी ने कहा कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों के साथ खुशियां बांटना ही सबसे बड़ा धर्म है। ऐसे सेवा कार्य समाज में सकारात्मक सोच और मानवीय मूल्यों को मजबूत करते हैं। इस दौरान प्रबंध समिति अध्यक्ष राजेश मिश्रा, प्रधानाचार्य योगेंद्र, प्रवेश प्रजापति, सप्तऋषि त्रिपाठी सहित समस्त शिक्षक एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

### छात्रा से दुष्कर्म मामले में आरोपी पर एफआईआर दर्ज

**माधौगढ़ (जालौन)।** सेवानिवृत्त एएनएम के साथ रह रही नातिन को घर में अकेला देख विद्यालय का छात्र अंदर घुस गया जहां उसने छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। घर पहुंचे परिजनों को छात्रा ने जब आपबीती बताई तो वह पुत्री के साथ कोतवाली पहुंचे जहां छात्रा के पिता ने छात्र के खिलाफतहरीर दी। पुलिस ने छात्र के खिलाफपास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। कस्बा के एक इंटर कॉलेज के कक्षा 9 की छात्रा दादी के साथ रह रही थी। घटना के दिन घर के सदस्य किसी काम से बाहर गए थे। घर में अकेली छात्रा थी तभी युवक छात्रा घर के अंदर घुस गया और उसने छात्रा के साथ घिनौने कृत्य को अंजाम दिया। जब देर रात घर पहुंचे परिजनों को छात्रा ने आप-बीती बताई। पुत्री के साथ कोतवाली पहुंचे पिता ने छात्र के खिलाफ तहरीर दी। कोतवाल विकेश बाबू का कहना है पिता की तहरीर पर जमरेही अव्वल निवासी आकाश करण के खिलाफदुष्कर्म सहित पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

### एनएचआई पर अस्थाई अतिक्रमण पर गरजी जेसीबी



**कालपी (जालौन)।** शनिवार को नगर में राष्ट्रीय राजमार्ग में अमलतास तिराहे से दुर्गा मंदिर चौराहे तक सर्विस रोड के किनारे किए गए अस्थायी अतिक्रमण पर एनएचआई द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गयी। अभियान के तहत नेशनल हाईवे के दोनों ओर बनी सर्विस रोड पर चलाया जा रहा है। मालूम हो कि कालपी नगर के मध्य से निकले नेशनल हाईवे के सर्विस रोड लंबे समय से जर्जर स्थिति में थी। नगर के फ्लाईओवर चौराहे से अमलतास तिराहे तक सड़क का पुनर्निर्माण कराया गया है। इसके साथ ही सड़क किनारे बनी नालियों से दो मीटर तक किए गए अस्थायी अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान होटल, चाय-पान की दुकानें, ठेले तथा दुकानों के बाहर लगे टीन शेड आदि को हटाया गया। एनएएचआई के अधिकारी इंग्लेश शर्मा ने बताया कि नालियों के ऊपर और आसपास अतिक्रमण के कारण बरसात में पानी सड़क पर भर जाता था। अतिक्रमण हटने से जल निकासी सुचारू होगी और सड़क सुरक्षित रहेगी। चेतावनी दी है कि एनएचआई की सीमा में दोबारा अतिक्रमण न करें बल्कि हटाने के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। यह अभियान अमलतास तिराहे से दुर्गा मंदिर चौराहे तक जारी रहेगा।

# वार्षिक रजाये मुस्तफा कॉन्फ्रेंस में हुआ दस्तारबंदी का आयोजन





गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

नगर के मोहल्ला गांधीनगर मे स्थित मदरसा अलजामेअतुल रजविया मजहरुल उलूम का सालाना जलसा देर रात को सकुशल आयोजित किया गया। भीषण सर्दी होने के बाद भी जलसे के कार्यक्रम में आस्था का जन सैलाब उमड पड़ा। इस दौरान दूर दराज से आए शायरो ने अपनी नातिया कलाम पेश किया और उलेमाओ ने मुल्क मे अमन शान्ती बनाये रखने की तकरीर की। रजाये मुस्तफा कॉन्फ्रेंस मे दूर दराज के कई मौलाना तशरीफ लाए। इस जलसे का पैगाम यह था कि हमारे मुल्क हिन्दुस्तान में और दुनिया में शांति का बोल बाला हो, दुनिया में अमन का राज हो यही सबसे बड़ा उद्देश्य है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जलसे मे तकरीर के अलावा मदरसे मे हिफ्ज मुकम्मल करने वाले छात्रों की दस्तार बंदी का आयोजन भी किया इस कार्यक्रम में 49 छात्रों की दस्ताआर बंदी हुई इसके साथ ही प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए जिनमें हाफिज आलिम और मुफ्ती शामिल है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष फर्रूखाबाद हाजी तहसीन सिद्दीकी ने बताया कि जलसे मे इंग्लैंड से आए अल्हाज डॉ फ़रोगुल कादरी मध्य प्रदेश से सय्यद आदिल मियां प्रतापगढ़ से डॉ आसिफ रजा सैफी कानपुर से इसराईल अख्तर मसऊदी दिल्ली से महबूब जफर झारखंड से शमीम फैजी शायरे इस्लाम नईम अख्तर फिरोजाबादी तथा मदरसे के सभी अध्यापको कार्यक्रम मौजूद रहे। कार्यक्रम में छात्रों एवं मदरसे के अध्यापकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। आयोजक हाजी बजीरुद्दीन सिद्दीकी पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हाजी तहसीन सिद्दीकी सपा नेता अरशद जमाल सिद्दीकी पूर्व ब्लाक प्रमुख कमालगंज राशिद जमाल सिद्दीकी जिला पंचायत सदस्य जुनैद सिद्दीकी सहित कई जनपदों और राज्यों से आए हजारों की संख्या में लोग आदि उपस्थित रहे।

# कोर्ट से स्टे के बाद भी खेत जोत बो दी मक्का की फसल

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

सौरिख रोड पर जाफराबाद के पास एक खेत पर आपसी विवाद के चलते कोर्ट से स्टे आर्डर चल रहा है। इसके बाद भी एक पक्ष ने रात के अंधेरे में ट्रैक्टर से खेत जोत कर उसमें मक्का की फसल बो दी। पीड़ित किसान ने एसडीएम से मामले की शिकायत कर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

तुलसीपुर गांव निवासी किसान प्रबल प्रताप सिंह पुत्र राम सिंह उर्फ शिवसिंह ने बताया कि सौरिख रोड पर उसकी आराजी गाटा संख्या 351मि. रकवा 0.1882 हेक्टेयर खेत है। विवाद के चलते इस पर कोर्ट से स्टे मिला हुआ है। इसके



बाद भी दूसरे पक्ष ने रात के अंधेरे में ट्रैक्टर से खेत जोतवा कर उसमें मक्का की फसल बो दी। जब उसने इस बात का विरोध किया, तो दबंगों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित किसान की शिकायत पर एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस से कोर्ट के आदेशों का अनुपालन कराने के निर्देश दिए।

# चिकित्सक मरीजों को कत्तई न लिखें प्राइवेट दवा: गौरीशंकर



- विधायक ने ओपीडी में बैठे मरीजों से स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में लिया फीडबैक

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।

शनिवार को सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण करने जा पहुंचे जहां उन्होंने मरीजों व तीमारदारों से स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में फीडबैक लेकर जिला अस्पताल के चिकित्सकों को चेतावनी दी कि वह किसी भी मरीज को प्राइवेट दवा पर्चा पर न लिखे यदि दवा की कमी है तो उन्हें अवगत करायें दवा की खरीद समय से करायी जा सके।

सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा अपने रुटीन कार्यो के साथ जिला अस्पताल का निरीक्षण करने जा पहुंचे अचानक सदर विधायक के ओपीडी के अंदर पहुंचते ही चिकित्सकों के कक्षों में कब्जा जमाये बैठे प्राइवेट कर्मी इधर उधर मुंह छिपाते नजर आये इसी बीच सदर विधायक ओपीडी के बरामदे में मिले मरीजों से जिला अस्पताल में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में फीडबैक भी लिया। इस दौरान कुछ मरीजों चिकित्सक द्वारा प्राइवेट दवा लिखने की शिकायत की तो उन्होंने चिकित्सकों को चेतावनी दी कि किसी भी मरीज को प्राइवेट दवा न लिखी जाये यदि कोई दवा जिला अस्पताल में उपलब्ध नहीं है तो उसके बारे में सीएमओ व मुझे अवगत करायें ताकि जो दवा उपलब्ध नहीं है उसकी खरीद समय से सुनिश्चित करायी जा सके।

# गुलाब देकर किया राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन



छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतिम दिन पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन एवं प्रभारी यातायात रवि शंकर त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में उपनिरीक्षक यातायात अरशद अली ने नगर के फर्रुखाबाद चौराहा, तालग्राम चौराहा एवं पूर्वी बाईपास पर विशेष जागरूकता एवं चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों को रोका गया और उन्हें गुलाब का फूल भेंट कर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया गया। टीएसआई अरशद अली ने कहा, ÷सुरक्षा घर से शुरू होती है।÷ माता-पिता सुनिश्चित करें कि उनके बच्चे बिना हेलमेट के घर से न निकलें। चालक हमेशा याद रखें घर पर आपका कोई इंतजार कर रहा है। सावधान रहें, सुरक्षित रहें और हमेशा हेलमेट पहनें। हेलमेट चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि जान बचाने के लिए पहना जाता है। एक छोटा फैसला पूरे परिवार की खुशियां बचा सकता है।

**सूचना**

मैं उजागर पुत्र मयाराम निवासी कोठार दाखिला बसनेरा तहसील पयागपुर जिला बहराइच का निवासी हूं । मेरा नाम आधार कार्ड में विदेशी पुत्र मयाराम हो गया है। जबकि अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम उजागर पुत्र मयाराम है। अतः मैं अपना नाम उजागर पुत्र मयाराम ही रखना चाहता हूं। इसलिए अब से मुझे उजागर पुत्र मयाराम नाम से ही जाना पहचाना जाए।

**सूचना**

स्व. श्याम सिंह यादव पुत्र स्व. जगन्नाथ सिंह, प्रवक्ता, हीरालाल वी. एन. इण्टर कालेज छिबरामऊ, कन्नौज का आकस्मिक निधन दिनांक- 20.08.2025 को होने के फलस्वरूप उनके पुत्र श्री अभिशार यादव द्वारा मृतक आश्रित अनुकम्पा नियुक्ति का दावा किया गया है। दावाकर्ता श्री अभिशार यादव के पिता का नाम स्व. श्याम सिंह यादव एवं माता का नाम श्रीमती किरण यादव उर्फ रन्नो देवी (निवासी-ग्राम-प्रानपुर पो.-हरिहरपुर जिला कन्नौज / ग्रेसीगंज छिबरामऊ, कन्नौज) हैं। यदि कोई अन्य विधिक दावेदार हो तो वह विद्यालय प्रधानाचार्य को अभिलेखीय साक्ष्यो सहित एवं कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, कन्नौज मे अपना दावा दो सप्ताह के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है÷। अन्यथा की स्थिति मे यह मान लिया जायेगा कि अन्य कोई विधिक दावेदार नहीं है।

**प्रधानाचार्य -**
**हीरालाल वी.एन. इंटर कॉलेज, छिबरामऊ (कन्नौज)।**

# रेहड़ी-पटरी दुकानदारों से अब नहीं लिया जायेगा पैसा : ईओ

समधन, समृद्धि न्यूज।

नगर पंचायत समधन बाजार में अब दुकानदारों को तहबाजारी का पैसा नहीं देना होगा अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने शनिवार को नगर की मुख्य सड़क पर नगर पंचायत कार्यालय के वाहन से मुनादी कराकर लोगों को जागरूक किया गया। इस वर्ष अभी तक तहबाजारी का ठेका नहीं किया गया है इसी कारण नगर पंचायत कार्यालय की ओर से रेहड़ी-पटरी दुकानदारों और अन्य छोटे व्यापारियों कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा नगर की सब्जी मंडी ,गली मोहल्लों और सड़क किनारे ठेली लगाकर अपना रोजगार चलाने वाले



सभी दुकानदारों को इस छूट का लाभ मिलेगा। अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति नगर पंचायत कार्यालय के नाम पर पैसा वसूलता पाया जाता है तो इसकी सूचना तत्काल नगर पंचायत कार्यालय में देने को कहा गया है। अधिशासी अधिकारी ने स्पष्ट किया कि इस बार नगर पंचायत कार्यालय द्वारा दुकानदारों से शुल्क वसूली का कोई ठेका अभी तक नहीं उठाया गया है।

# उरई मेडिकल कॉलेज में मेगा विधिक सहायता शिविर 22 को

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।

आम नागरिकों को न्यायिक सहायता के साथ-साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी 22 फरवरी 2026 को राजकीय मेडिकल कॉलेज, उरई में मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर की तैयारियों एवं उद्देश्यों को लेकर आज आयोजित प्रेस वार्ता में अपर जिला जज प्रथम/नोडल अधिकारी सतीश चन्द्र द्विवेदी ने विस्तृत जानकारी दी।

नोडल अधिकारी ने बताया कि इस मेगा शिविर के माध्यम से गरीब, वंचित, महिला, वृद्ध, दिव्यांग एवं



अन्य जरूरतमंद वर्गों को निःशुल्क विधिक परामर्श, विवादों का समाधान, लोक अदालत से संबंधित जानकारी के साथ-साथ केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही मंच पर उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनपद न्यायाधीश के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र व्यक्ति केवल जानकारी के अभाव में योजनाओं के लाभ से वंचित न रह जाए। इसके लिए जनपद के सभी विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल स्थापित किए जाएंगे, जहां योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही लाभान्वित किया जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे अपनी योजनाओं की अद्यतन सूची समयबद्ध रूप से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध कराएं, जिससे शिविर को व्यवस्थित, सुचारु एवं अधिकतम जनोपयोगी बनाया जा सके। इस अवसर पर सचिव (पूर्णकालिक) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाम्भवी प्रथम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक योगेंद सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसआईआर में छूटे मतदाताओं के साक्ष्य संकलित कर की सुनवाई

**कालपी (जालौन)।** 220 विधानसभा क्षेत्र के छूटे हुए मतदाताओं के नोटिसों की तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी, नायब तहसीलदारों तथा 21 एईआरओ के द्वारा सुनवाई की गई। एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने मतदाताओं से संवाद स्थापित किया। कालपी के बीआरसी प्रभारी शशांक कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि 220 कालपी विधानसभा क्षेत्र के कदौरा ब्लाक, महेवा विकासखंड के अलग-अलग स्थानों में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर कार्यक्रम के तहत छूटे हुये मतदाताओं के साक्ष्य संकलित किये किये गये तथा सुनवाई की गई। वर्ष 2003 के मतदाता सूची एवं विवरण प्रस्तुत नहीं किया था। मालूम हो कि 25 हजार 33 लोगों को नोटिस प्रदान किए गए थे। नोटिस पर तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी, नायब तहसीलदारों चंद्र मोहन शुक्ला मुकेश कुमार के समक्ष साक्ष्य प्रस्तुत किए गए।

# मेला रामनगरिया में नीम करोरी आश्रम से निकली शोभायात्रा



फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

शोभायात्रा में शामिल संतगण

पांचाल घाट स्थित रामनगरिया मेले में शनिवार को नीम करोरी संत सेवा शिव आश्रम ट्रस्ट की ओर से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। हरदोई के रानीखेड़ा आश्रम के महंत बच्चा बाबा महाराज के नेतृत्व में निकली इस यात्रा में एक हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए। इस शोभायात्रा में आवाहन अखाड़ा, अग्नि अखाड़ा, दंडी मंडल और वैष्णव संप्रदाय के साथ-साथ नागा साधु भी उपस्थित रहे। जूना अखाड़ा प्रमुख और मेला रामनगरिया संत समिति के अध्यक्ष सत्य गिरी महाराज भी यात्रा में शामिल हुए। डीजे पर बज रहे भजनों के बीच यात्रा के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा। मेला क्षेत्र में जगह-जगह कल्पवासियों और श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का स्वागत किया। इस दौरान साधु-संतों पर पुष्प वर्षा की गई और उन्हें मालाएं पहनाई गई।

▸ बच्चा बाबा महाराज के नेतृत्व में एक हजार से अधिक श्रद्धालु हुए शामिल

शोभायात्रा में बाबा नीम करोरी महाराज का चित्र भी शामिल था।

बड़ी संख्या में नर्तक भजनों पर झूमते हुए चल रहे थे। कई संतों ने शस्त्रों का प्रदर्शन करते हुए हैरतअंगेज करतब दिखाए।

यात्रा में बच्चों, महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों सहित हर उम्र के लोग सम्मिलित हुए। इस शोभायात्रा में फर्रुखाबाद के अलावा हरदोई, शाहजहांपुर, मैनपुरी और सीतापुर सहित कई जनपदों से आए भक्तों ने भाग लिया।

## माघी पूर्णिमा के मद्देनजर एएसपी ने मेला रामनगरिया में परखी सुरक्षा व्यवस्था

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पांचाल घाट गंगा तट पर रविवार को स्थित मेला रामनगरिया में माघी पूर्णिमा के अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। जिला प्रशासन और गंगा पुत्रों द्वारा स्नान घाटों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही हैं।
मेला प्रशासन ने गंगा किनारे सभी घाटों पर बैरिकेडिंग को ठीक कराया है। जहां कहीं भी यह क्षतिग्रस्त हुई थी। उसे दुरुस्त किया गया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी लगातार गश्त कर रहे हैं और ड्यूटी प्वाइंट्स की जांच कर रहे हैं। पुलिसकर्मियों और फ्लड पीएसी के जवानों को सतर्क रहने और आवश्यक घोषणाएं करते रहने के निर्देश दिए गए हैं। गंगा पुत्र घाटों पर साफ़-सफाई कर रहे हैं और नई चादरें बिछा रहे हैं। उन्होंने अपने घाटों पर गगरी, मिट्टी का लोटा, तुला और झंडी जैसे अलग-अलग निशान लगाए हैं, ताकि अन्य जिलों से आने वाले श्रद्धालु दूर से ही अपने घाटों को पहचान सकें। गंगा पुत्र मुकेश कुमार ने बताया कि वे तीस वर्षों से गंगा की सेवा कर रहे हैं। माघी पूर्णिमा पर मैनपुरी, हरदोई, फिरोजाबाद, एटा, इटावा, बरेली, शाहजहांपुर सहित कई जिलों से श्रद्धालु आते हैं। गंगा स्नान सुबह लगभग ढाई से तीन बजे शुरू हो जाता है। माघ पूर्णिमा पर स्नान का विशेष महत्व है, क्योंकि इस दिन से सूर्य उत्तरायण होते हैं।



मेले में सुरक्षा व्यवस्था परखते एएसपी

# गैर इरादतन हत्या के मामले में पिता-पुत्रों सहित तीन को आजीवन कारावास

**तीनों आरोपियों को 25-25 हजार रुपए के अर्थदंड से किया गया दंडित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**





जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम शैली रॉय ने गैर इरादातन हत्या के मामले में अनूप कुमार उर्फ अमित कुमार, रोहिताश पुत्रगण पातीराम वर्मा, पातीराम पुत्र स्व0 निरंजन समस्त निवासीगण पुनपालपुर मेरापुर को दोषी करार देते हुए अनूप, रोहिताश को जेल भेज दिया, जबकि पातीराम को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व पच्चीस-पच्चीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

बीते पंद्रह वर्षों पूर्व थाना मेरापुर क्षेत्र के ग्राम पुनपालपुर निवासी श्रीकृष्ण पुत्र रामस्वरूप ने पुलिस को जुबानी सूचना देकर बताया कि मेरा रोहिताश, अनूप, सुरजीत, पातीराम से मोबाइल फोन के लेनदेन को लेकर झगड़ा हो गया था। उक्त लोगों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वादी श्रीकृष्ण की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। सुरजीत की पत्रावली पृथक कर किशोर न्यायालय में चली गई। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता संजीव कुमार पाल की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैली रॉय ने अनूप, रोहिताश, पातीराम को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व पच्चीस-पच्चीस हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

# जानलेवा हमले के मामले में युवक को आजीवन कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम शैली रॉय ने बंटू पुत्र राजकुमार निवासी बाबुरारा नवाबगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर आजीवन कारावास व सात हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। बीते 18 वर्षों पूर्व थाना नबावगंज क्षेत्र के ग्राम बबुरारा निवासी प्रमोद कुमार पुत्र बाबूराम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 28 अगस्त 2007 को वह अपने खेत से घर आ रहा था, तो राकेश के घर के सामने पड़ी उसकी चाची की जगह को अभियुक्तगण कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे, जब मैंने विरोध किया, तो समय करीब छः बजे गांव के रामबहादुर, राजकुमार, रामप्रकाश, बंटू ने अपने अपने हाथों में लिए हुए टकोरा व लाठी-डंडों से मुझे मारापीटा। जिससे मेरी पीठ में चोटें आईं। मौके पर गांव के कई लोग आ गए। उन्होंने लोगों ने मुझे बचाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता कृष्ण कुमार पांडेय की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैली रॉय ने बंटू को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर आजीवन कारावास व सात हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया, जबकि अन्य आरोपियों की पत्रावली पृथक हो गई और न्यायलय द्वारा दंडित किया जा चुका है।

# क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में खिलाड़ियों के बीच हुई मारपीट

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



खिलाड़ियों के बीच होतीं नोकझोंक व मारपीट

नगर के बबना रोड स्थित पीजी कॉलेज के पीछे आयोजित एक क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में खिलाड़ियों के बीच मारपीट हो गई। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

यह फाइनल मुकाबला फर्रुखाबाद और नवाबगंज की टीमों के बीच खेला जा रहा था। जानकारी के अनुसार मैच के दौरान चार रन को लेकर दोनों टीमों के खिलाड़ी आपस में भिड़ गए। शुरुआती कहासुनी जल्द ही मारपीट में बदल गई। जिसमें दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने एक-दूसरे पर हाथ चलाए। वायरल वीडियो में खिलाड़ियों के बीच हुई यह झड़प साफ देखी जा सकती है। हालांकि समृद्धि न्यूज इस वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। इस मामले पर पुलिस ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि कोई शिकायत प्राप्त होती है तो नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सिपाही की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जनपद न्यायालय/त्वरित न्यायालय प्रथम न्यायाधीश संजय कुमार ने सिपाही राहुल उर्फ किंग हिटलर पुत्र जय किशोर निवासी ग्राम वाकमन थाना हसमान जिला हाथरस की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया। थाना कादरीगेट में पीड़िता ने 31 मार्च 2025 को मुकदमा दर्ज कराया की राहुल उर्फकिंग हिटलर ने मुझे झूठे प्यार में फंसाकर मेरे साथ दिखावे की शादी 31 जनवरी 2025 को मंदिर में की थी व किंग हिटलर ने मुझसे कहा था मैं अपने परिवार की सहमति के बाद तुमसे शादी करूंगा। मैं राहुल की बातों में आ गई। राहुल मुझे एक किराए के मकान में रखने लगा। चार-पांच दिन तक उसने मुझे सही से रखा व पत्नी की तरह रखा चार-पांच दिन बाद मुझे मारने पीटने लगा और कहने लगा तुझे मैं अब नहीं रखूंगा मैं तुझसे दिखावे के लिए झूठी शादी की थी तू अपने घर चली जा। मैंने जाने से मना किया तो राहुल रोज मेरे साथ मारपीट करने लगा और मेरे साथ रोज शारीरिक संबंध बनाने लगा। मैंने इसका विरोध किया तो राहुल ने मुझे जान से मारने की कोशिश और मेरा गला दबा दिया। राहुल ने मुझे दो माह तक बिना शादी के जबरदस्ती बंधक बनाकर रखा। एक बार में गर्भवती हुई, तो राहुल ने मुझे दवा खिला दी। जिससे मेरा गर्भपात हो गया। मैंने कई उच्च अधिकारियों को राहुल की शिकायत की, तो उसने कहा मेरा तुम कुछ नहीं बिगाड़ सकती। राहुल उर्फ किंग हिटलर ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी। जिसे अपर जनपद न्यायालय/त्वरित न्यायालय प्रथम न्यायाधीश संजय कुमार ने खारिज कर दिया।

# भीषण सर्दी के बावजूद मेला रामनगरिया में उमड़ी भारी भीड़



मेला रामनगरिया में उमड़ी दर्शनार्थियों की भीड़

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट गंगा तट स्थित मां भागीरथी की गोद में आबाद तंबुओं का शहर मेला रामनगरिया अपने अंतिम दौर में पहुंच चुका है। शनिवार को भीषण सर्दी के बावजूद मेले में काफी भीड़भाड़ रही है। माघ पूर्णिमा के पर्व को देखते हुए शाम से ही श्रद्धालुओं का आना शुरु हो गया था।

शनिवार को पूरे दिन धूप के दर्शन नहीं हुए। पूरे दिन भीषण सर्दी रही। इसके बावजूद मेला श्री रामनगरिया में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। मनोरंजन क्षेत्र के सामने और फिक्स प्राइस दुकानों पर लंबी कतारें लगी रहीं। महिलाएं बड़ी संख्या में घरेलू सामान, बर्तन और गृहस्थी के अन्य सामान की खरीदारी करती दिखीं। वहीं बच्चे, युवतियां व युवक झूलों का आनन्द लेते दिखे। बताते चलें कि मेला अंतिम दौर में है।

रविवार को माघ पूर्णिमा के बाद मेले समाप्त हो जाता है, जिसके चलते माघ पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। स्थानीय के अलावा दूरदराज जनपदों से लोगों का आना शुरु हो गया। जो देर रात तक जारी रहा। वहीं भीड़भाड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये। भारी भीड़भाड़ के चलते पुलिस अधीक्षक ने रुट डायवर्जन भी किया है। जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न न हो सके।

# फिर आसमान को छुआ जनपद के सितारे ने

▸ युवक का इकाना स्टेडियम के एलपीएल मैच में हुआ सिलेक्शन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



शैलेश कुमार

विकास खंड मोहम्मदाबाद की ग्राम पंचायत पमरखिरिया निवासी लख्मीचंद विकास खंड कार्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत में कर्मचारी के पद तैनात हैं। उनके पुत्र शैलेश कुमार ने जनपद का नाम रोशन किया है। पिता लख्मीचंद के मुताबिक शैलेश कुमार बचपन से ही मैच का शौकीन था। जिसके लिए शैलेश ने कड़ी मेहनत की और वह मैच में लगातार अपना दिमाग लगाता रहता था। बीते दो वर्ष से वह बाहर मैच खेलने जाता था और एक वर्ष से वह लखनऊ में रहकर मैच खेल रहा था। जिसके चलते आज एलपीएल मैच में उसका सिलेक्शन हो गया। शैलेश कुमार की इस कामयाबी उसके परिजनों के साथ-साथ जनपद के लोगों में भी उत्साह है।

## एचटी लाइन के करंट से गाय की मौत

▸ घर के बाहर बंधी थी गाय

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** एचटी लाइन की चपेट में आकर गाय मर गयी। पीड़ित स्वामी ने थाना पुलिस को सूचना दी। थाना क्षेत्र के गांव मिल्कसुल्तान निवासी दयावती पत्नी स्व0 वीर सिंह के घर के बाहर शुक्रवार को गाय बंधी थी, तभी गांव से निकली 11000 की एचटी लाइन का तार टूटकर नीचे गिर गया। जमीन गीली होने के कारण करंट लगने से गाय मर गई। थाना पुलिस को दयावती पत्नी स्व0 वीर सिंह ने घटना की सूचना दी।

# यूजीसी के समर्थन में अधिवक्ता लामबंद, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता

तहसील परिसर में शनिवार को रेवेन्यू बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ताओं ने शिक्षा और न्याय व्यवस्था में समानता के मुद्दे पर आवाज उठाई।

उन्होंने यूजीसी के समर्थन में उपजिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। जिसमें दलित, पिछड़े और वंचित वर्गों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की पुरजोर मांग की गई। रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विश्वेश्वर दयाल यादव और महासचिव अवनीश कुमार गंगवार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपजिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह के कार्यालय पहुंचे। अधिवक्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से स्पष्ट किया कि समाज के सभी वर्गों विशेषकर वंचित समूहों को उच्च शिक्षा में समान अवसर और न्यायिक प्रणाली में उचित प्रतिनिधित्व मिलना अनिवार्य है। उन्होंने सर्वजन हिताय की नीति पर जोर देने की आवश्यकता बताई, ताकि उच्च वर्ग के लाभ के बजाय सभी का हित सुनिश्चित हो सके।

अधिवक्ताओं ने फर्रुखाबाद जैसे जनपदों में कथित उत्पीड़न और भेदभाव पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यूजीसी की मजबूती से ही शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होगी और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को न्याय मिल पाएगा। इस दौरान बार एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारी और बड़ी संख्या में अन्य अधिवक्ता भी मौजूद रहे।

# एसपी ने किया आज रात 8 बजे से रूट डायवर्जन

▸ माघ पूर्णिमा के मद्देनजर यातायात में किया गया बदलाव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक आरती सिंह

माघी पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान के लिए शनिवार रात 8 बजे से रूट डायवर्जन लागू किया जाएगा। यह व्यवस्था जनपद में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए की गई है।

रविवार को माघी पूर्णिमा है और शहर के पांचाल घाट पर श्री रामनगरिया मेला भी लगा हुआ है। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए पहुंचेंगे। इसी के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। कन्नौज और कानपुर रोड से फतेहगढ़ आने वाले मालवाहक वाहन (ट्रक), टैंकर, डीसीएम, लोडर जिला जेल क्रॉसिंग से सेंट्रल जेल मैनपुरी की ओर डायवर्ट किए जाएंगे। शाहजहांपुर और जलालाबाद से आने वाले मालवाहक वाहनों को डबरी तिराहा से अमृतपुर होते हुए बरेली मार्ग पर भेजा जाएगा। बेवर (जनपद मैनपुरी) की ओर से फतेहगढ़ आने वाले मालवाहक वाहनों को बेवर से सेंट्रल जेल आईटीआई चौराहा, फैजबाग तिराहा और शमशाबाद के लिए डायवर्ट किया जाएगा। गंगा स्नान के लिए बरेली, शाहजहांपुर और बदायूं मार्ग से पांचाल घाट आने वाले वाहनों के लिए वन चेतना में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इटावा मार्ग और छिबरामऊ मार्ग से पांचाल घाट आने वाले छोटे वाहनों को राधा रानी हॉस्पिटल में पार्क किया जाएगा। नवाबगंज, शमशाबाद, लाल गेट तिराहा, कादरी गेट और लकूला रोड से आने वाले छोटे वाहनों के लिए मालती गार्डन में पार्किंग की व्यवस्था है। मिलेट्री चौराहा से आर्मी कैंट मार्ग होते हुए पांचाल घाट पहुंचने वाले वाहनों को सोनू टाल में पार्क किया जाएगा।

## सर्वेंद्र यादव बने राजेपुर संवादाता



सर्वेंद्र यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अमृतपुर निवासी सर्वेंद्र यादव पुत्र सूरज दयाल यादव को राजेपुर क्षेत्र के लिए संवाददाता अधिकृत किया गया है। इन्हें संस्था ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।

# भीषण सर्दी से जनजीवन प्रभावित सुबह छायी रही कोहरे की चादर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



सुबह आसमान में छायी कोहरे की चादर

भीषण सर्दी से जनजीवन प्रभावित हुआ। लोग कम ही घरों से निकले। वहीं सुबह के समय कोहरे की चादर छायी रही। कोहरा बूंद के रुप में टपकता रहा। न्यूनतम तापमान 11.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लोग सर्दी से बचाव के लिए अलाव तापते दिखे। शनिवार को घना कोहरा छाया रहा। जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। न्यूनतम तापमान 11.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विजिबिलिटी घटकर लगभग 30 मीटर रह गई। जिसके कारण लोगों को सर्दी से बचने के लिए अलाव का सहारा लेना पड़ा। जिले में पिछले दो दिनों से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मंगलवार शाम से बुधवार सुबह तक हुई बारिश के बाद मौसम में बदलाव आया है। शुक्रवार को हल्का कोहरा और तेज हवाएं थीं, लेकिन शनिवार सुबह से ही घना कोहरा छाया हुआ है। चालकों को वाहनों की लाइटें जलाकर धीमी गति से चलना पड़ रहा है। फर्रुखाबाद-फतेहगढ़ मार्ग और इटावा-बरेली हाईवे पर वाहनों की रफ्तार धीमी रही। शनिवार को न्यूनतम तापमान 11.3 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 19.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आद्रता 28 प्रतिशत रही। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में बारिश की संभावना है। किसानों के लिए यह कोहरा लाभदायक बताया जा रहा है। किसानों का कहना है कि घना कोहरा गेहूं, सरसों और आलू की फसलों के लिए फायदेमंद है। जिससे उत्पादन अच्छा होने की पूरी उम्मीद है।

## गन्ने के अभाव में चीनी मिल आज से बंद



कायमगंज चीनी मिल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** चीनी मिल का पेराई लक्ष्य इस वर्ष बाढ़ के कारण बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मिल ने चालू सत्र के लिए करीब 15 लाख कुंतल गन्ने की पेराई का लक्ष्य निर्धारित किया था, लेकिन गन्ने की भारी किल्लत के चलते यह आंकड़ा मात्र 7.88 लाख कुंतल पर सिमट गया। गन्ने की आवक न होने के कारण शनिवार सुबह 8:30 बजे मिल बंद कर दी गई।
यह पेराई निर्धारित लक्ष्य का केवल 52 प्रतिशत है। पिछले वर्षों की तुलना में इस बार गन्ने की फसल को बाढ़ से हुए भारी नुकसान का सीधा असर मिल के उत्पादन आंकड़ों पर दिखाई दिया। गन्ने की कम आवक का असर सीधे तौर पर चीनी उत्पादन पर भी पड़ा है। लक्ष्य के मुकाबले पेराई कम होने से इस बार कुल चीनी उत्पादन 72 हजार 60 कुंतल ही रहा। जो पिछले सामान्य सत्रों के मुकाबले काफी कम है। 16 नवंबर को शुरू हुई मिल मात्र 73 दिन लगभग दो महीने 11 दिन चलकर ही गन्ने के अभाव में बंद हो गई। मिल बंद होने के साथ ही महाप्रबंधक ने किसानों से अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी किसान के पास अभी भी पेराई योग्य गन्ना अवशेष बचा है तो वह उसे तत्काल मिल में आपूर्ति कर दे।

# मिशन शक्ति अभियान चलाकर महिलाओं व छात्राओं को किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



महिलाओं को जागरुक करतीं महिला कांस्टेबिल

थाना मऊदरवाज़ा में महिला पुलिस टीम ने मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत एक जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान तथा आत्मनिर्भरता के प्रति आत्मविश्वास जगाना था।

थाना प्रभारी अजब सिंह के नेतृत्व में महिला कांस्टेबिलों विमलेश, मंजू, मोनिका तिवारी और गोल्डी राजपूत ने महिलाओं और छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने सुरक्षा, आत्मरक्षा के तरीके और उनके कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया। पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं को निर्भय होकर घर से निकलने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्राओं को आत्मरक्षा के विभिन्न तरीके भी सिखाए गए, ताकि वे आपात स्थिति में अपनी सुरक्षा कर सकें। अभियान के दौरान विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। इनमें 1090 वुमेन पावर लाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 181 महिला हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध और 102 एम्बुलेंस शामिल थे। इन नंबरों के उपयोग और महत्व पर प्रकाश डाला गया।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का हुआ समापन छात्राओं को दिलायी गई शपथ

▸ 25 ड्राइविंग लाईसेन्स किये गये निलम्बित, वसूला गया 18 लाख जुर्माना



शपथ दिलाते एआरटीओ व मौजूद छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह का आयोजन राजकीय बालिका इकालेज फतेहगढ़ में किया गया। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह रहे। एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत एवं एआरटीओ-प्रशासन कृष्ण कुमार यादव व प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत उपस्थित रहीं। एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने बताया कि दिसम्बर 2025 तक जनपद में 490 सड़क दुर्घटनायें घटित हुई हैं जिनमें 284 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है, जबकि दिसम्बर 2024 तक जनपद में 390 सड़क दुर्घटनायें घटित हुई थीं, जिनमें 213 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी। जनपद में घटित लगभग 65 प्रतिशत दुर्घटनाओं में शामिल कम से कम एक वाहन दो पहिया है तथा मृतकों की संख्या में लगभग 60 प्रतिशत दो पहिया वाहन सवार है। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत परिवहन विभाग द्वारा 25 ड्राइविंग लाईसेन्स निलम्बित किये गये तथा रू0 18 लाख जुर्माना वसूल किया गया। सभी छात्रायें यह प्रण करें कि वह किसी भी स्थिति में अपने परिवार के सदस्य को बिना हेल्मेट एव सीटबेल्ट का प्रयोग किये वाहन नहीं चलाने देगीं तथा अपने परिवार को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करेंगीं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने विद्यार्थियों को अनुशासन, समयबद्धता, कर्तव्यनिष्ठा और सहयोग जैसे गुणों को अपनी जीवन शैली में शामिल करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि अच्छे गुणों का समावेश न केवल व्यक्ति के विकास के लिए अपितु समाज की उन्नति के लिए भी आवश्यक है। प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी 122 छात्राओं, शिक्षिकाओं तथा कर्मचारियों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई कि वे सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पालन करेंगे, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करेंगे तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

## पूर्णिमा पर होने वाले स्नान तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा



कंबल वितरित करते डीएम, एसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने संयुक्त रूप से ढ़ाई घाट मेला पहुँचकर माघ पूर्णिमा के अवसर पर होने वाले स्नान की तैयारियों की समीक्षा की। डीएम ने निर्देशित किया कि ट्रैफिक पर विशेष ध्यान रखा जाये, जाम न लगने पायेए,पुलिस की पर्याप्त व्यवस्था रहे, घाट पर नाव व गोताखोरों की पर्याप्त व्यवस्था की जाये। वहीं डीएम एसपी ने मेला क्षेत्र में कल्पवास कर रहे साधु-संतों को कंबल भी वितरित किये। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी न्यायिक कायमगंज, क्षेत्राधिकारी कायमगंज व संबंधित उपस्थित रहे।

## अनुज राजपूत बने भाकियू टिकैत के युवा जिलाध्यक्ष



स्वागत के दौरान मौजूद भाकियू नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला कार्यालय पर स्वागत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। नव नियुक्त युवा जिलाध्यक्ष अनुज राजपूत का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि अनुज राजपूत को युवा जिला अध्यक्ष मनोनीत करने के लिए शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। अनुज संगठन को अपनी नई पारी के साथ नई ऊर्जा देंगे। युवा उनके साथ जुड़ रहा है। वह किसानों की समस्याओं की मिलजुल कर समाधान करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद शाक्य, छविनाथ शाक्य, जगन्नाथ शाक्य, गोपी शाक्य, अभय यादव, कृष्ण गोपाल मिश्रा, सुशील दीक्षित, पुजारी कटियार, अरविंद गंगवार, मुकेश शर्मा, संजीव यादव, राजेश गंगवार, विजय सिंह शाक्य, अनीश सिंह, सोनू सोमवंशी, रामप्रकाश पाल, टिंकू यादव, शिवराम शाक्य, अंकेश गंगवार, सतीश कठेरिया, गंगा सिंह, संजय सिंह, अजीत सोमवंशी, आशीष यादव, राघवेंद्र सिंह, डंपी यादव, अमित कठेरिया उपस्थित रहे।



प्रमाण पत्र के साथ अभ्यार्थी

## रोजगार/अप्रेन्टिसशिप मेले में 30 अभ्यार्थियों का हुआ चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठण्डी सड़क में रोजगार/अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया गया। मेला में 03 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया व रिक्तियां 150 के सापेक्ष मेले में 34 अभ्यर्थी उपस्थित हुये। कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने 34 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर कुल 30 अभ्यर्थियों का चयन किया। जिसमें जेबिल सर्किट इण्डिया प्रा.लि. पुणे-02, हायर इण्डिया प्रा.लि. पुणे-08, इलजिन इलेक्ट्रानिक्स प्रा.लि. ग्रेटर नोएडा-20 के लिए सभी का अप्रेन्टिसशिप हेतु चयन किया गया। मेला की व्यवस्था में प्रमुख रूप से नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह, बृजेश कुमार कार्यदेशक, सुनील कुमार प्लेसमेन्ट प्रभारी, रंजीत कुमार सुमन अप्रेन्टिस प्रभारी, विजेन्द्र सिंह भास्कर, राजकिशोर महतो एंव स्टॉफ उपस्थित रहा।

## मेला श्रीराम नगरिया के सांस्कृतिक पांडाल में हुए कार्यक्रम

### राम स्वयंवर का मंचन देख कल्पवासी हुए भावविभोर



कार्यक्रम प्रस्तुत करती अंजली चौहान व बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

मेला श्रीराम नगरिया के सांस्कृतिक कार्यक्रम में कथक नृत्यांगना और प्रशिक्षिका अंजली चौहान टीम ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने इस बार जनपद के कलाकारों को महत्व देते हुए प्रस्तुति देने को प्रोत्साहित किया।

मेला श्री रामनगरिया के सांस्कृतिक पंडाल में आयोजित कार्यक्रम में समवेत संस्था की सदस्य अंजली चौहान की नृत्यकला ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंजली चौहान बॉलीवुड फिल्म ग़दर-2 सहित कई मंचों पर अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुकी हैं और वर्तमान में जनपद के बच्चों को नृत्यकला का प्रशिक्षण देकर स्थानीय प्रतिभाओं को निखारने का कार्य भी कर रही हैं। कार्यक्रम के मध्य राम स्वयंवर का अत्यंत मनोहारी मंचन किया गया। जिसमें नृत्यकला और नाट्य का जो अद्वितीय संगम देखने को मिला, उसने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। अंजलि चौहान द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों की प्रस्तुतियाँ में वातावरण को और अधिक आनंदमय बना दिया। जिन्हें देखकर दर्शकों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेला सचिव एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) दिनेश कुमार, भूपेंद्र प्रताप सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया।

## खबरें एक नजर में

### सत्यगिरि महाराज के भण्डारे में साधु-संतों ने चखा प्रसाद



प्रसाद ग्रहण करते साधु-संत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पांचाल घाट पर लगे मेला श्रीराम नगरिया में नागा बाबा मनमोहन गिरि व सत्य गिरि महाराज द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। माघ मेले की सबसे बड़ी खूबी यह है कि यहां कोई भी भूखा नहीं सोता। मेले के अलग-अलग सेक्टरों में बने आश्रमों और शिविरों में चौबीसों घंटे भंडारे चलते रहते है। श्री पंच दश नाम जूना अखाड़ा मेला रामनगरिया पांचाल घाट के संत समिति अध्यक्ष सत्य गिरि महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि नागा बाबा मनमोहन गिरि की सोषठी में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। साधु-संतों ने भण्डारे में पहुंचकर प्रसाद चखा।

### भारतीय पाठशाला इं.का. में प्रयोगात्मक परीक्षायें 4 फरवरी से शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज में प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथि परीक्षकों द्वारा निर्धारित की गई। भौतिक विज्ञान प्रयोगात्मक परीक्षा 4 फरवरी को, जीव विज्ञान प्रयोगात्मक परीक्षा 5 फरवरी को, भूगोल प्रयोगात्मक परीक्षा 5 फरवरी को तथा रसायन विज्ञान प्रयोगात्मक परीक्षा 6 फरवरी को संपादित की जाएंगी। यह जानकारी भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा ने दी है।

### विशाल हिन्दू सम्मेलन आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सकल हिन्दू समाज नगर द्वारा विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन रविवार को कन्हैया लाल रामशरन रस्तोगी इंटर कालेज रेलवे स्टेशन निकट पर दोपहर 1 बजे सम्पन्न होगा। सम्मेलन में बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के लोग भाग लेंगे। यह जानकारी केदार शाह ने दी है।

### डिजिटल पुस्तकालय के लिए जैम पोर्टल पर निविदा आमंत्रित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला पंचायतराज अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद फर्रुखाबाद की 117 ग्राम पंचायतों में डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना में पुस्तकें क्रय हेतु जैम पोर्टल पर निविदा आमंत्रित की गयी हैं। जो दिनांक 24 जनवरी 2026 को जैम पोर्टल पर अपलोड की गयी है और दिनांक 09 फरवरी 2026 को पूर्ण होगी। निविदा का विवरण निर्देश और निविदा में भाग लेने के लिए आवश्यक दस्तावेजों के संदर्भ में महत्वपूर्ण तिथि एवं विवरण https://bidplus.gem.gov.in/ से भाग ले सकते हैं। इच्छुक व्यक्ति इन तिथियों के मध्य पोर्टल पर निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा केवल ऑनलाइन माध्यम से ही जमा की जायेगी।

## पसमांदा मुस्लिम समाज ने नागरिक सम्मान से जवाहर सिंह को किया सम्मानित



जवाहर सिंह को सम्मानित करते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम समाज द्वारा शनिवार को मुमताज मंजिल ग्वालटोली फतेहगढ़ में विशेष नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन में पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार को सम्मानित किया गया।

अध्यक्षता नवाब काजिम हुसैन ने की। संचालन मजहर मोहम्मद खां ने किया। व्यवस्था युनूस अंसारी व रिजवान अहमद ताज ने देखी। सम्मान समारोह का उद्देश्य ऑल इंडिया पसमांदा समाज सदैव ही ऐसी शक्सियों का सम्मान करता रहा है। किसी भी क्षेत्र में विशेष उपलब्धि हासिल हो। कला संस्कृत और साहित्य एवं लेखन के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष/संस्थापक डॉ. शाकिर अली मंसूरी ऑल इंडिया पसमांदा समाज के बैनर तले समय-समय पर आयोजन करता रहता है। गंगा जमुनी तहजीव को बढ़ावा देने एवं कायम रखने के लिए विगत दिनों विश्व हिन्दी साहित्य सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व कर वापस लौटे जवाहर सिंह गंगवार को विशेष नागरिक सम्मान से नवाजा गया। गंगवार ने अब तक नौ राष्ट्रों की यात्रा की है। सम्मान समारोह में इरशाद अली ने कहा कि अपने सपनों को तोड़कर पहले जगजाया करते है, जो लोग पताका हाथ में लेकर आगे भी बढ़ जाया करते है। शाकिर अली मंसूरी ने कहा कि शब्द कभी बूढ़े नहीं होते और साहित्य की खुशबू सीमाओं को नहीं जानती, जब तक साहित्यकार अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपने देश और अपने माटी का प्रतिनिधित्व कर लौटता है तो वह सम्मान केवल व्यक्ति का नहीं बल्कि पूरी सभ्यता का होता है।

इस मौके पर इंजीनियर नीरज प्रताप शाक्य, डॉ. रामकृष्ण राजपूत, डॉ. राजकुमार सिंह, हाजी बसीमुजमा, तारिक वसीर, रहवर अमान सिद्दीकी, राकेश सागर, सगीर अहमद, सलीम राजा, हाजी फजल मंसूरी, असलम कुरैसी, नईम मिर्जा, राहत बेग, जाहिद, राजा साबिर खां आदि लोग मौजूद रहे।

### मेडिकल कॉलेज उरई में 22 को लगेगा मेगा विधिक सहायता शिविर

उरई,जालौन। आम नागरिकों को न्यायिक सहायता के साथ-साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी 22 फरवरी 2026 को राजकीय मेडिकल कॉलेज, उरई में मेगा, बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर की तैयारियों एवं उद्देश्यों को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में अपर जिला जज प्रथम, नोडल अधिकारी सतीश चन्द्र द्विवेदी ने विस्तृत जानकारी दी। नोडल अधिकारी ने बताया कि इस मेगा शिविर के माध्यम से गरीब, वंचित, महिला, वृद्ध, दिव्यांग एवं अन्य जरूरतमंद वर्गों को नि:शुल्क विधिक परामर्श, विवादों का समाधान, लोक अदालत से संबंधित जानकारी के साथ-साथ केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही मंच पर उपलब्ध कराया जाएगा।

## कांग्रेसियों ने शहादत दिवस पर कांग्रेसियों को दी श्रद्धांजलि



श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेसी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शहर कांग्रेस कमेटी कैंप कार्यालय नाला सिम्त शुमाल में शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण कर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया। उन्होंने महात्मा गांधी के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। सत्य और अंहिसा का पालन करने वाले महात्मा गांधी को याद किया। इस मौके पर अतीक सलमानी, विनीत मिश्रा, हिमांगी सक्सेना, संजय दिवाकर, अजय प्रजापति, अमन सोनी, कुणाल दिवाकर, अकील हुसैन, मुस्तफा, आकाश दिवाकर, सुनील भारद्वाज आदि लोग उपस्थित रहे।

## विद्या रूपी आभूषण आत्मा की शोभा को बढ़ाता: प्रदीप शास्त्री




भजन प्रस्तुत करती उदिता आर्या

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में मेला श्रीरामनगरिया में चल रहे वैदिक क्षेत्र में चरित्र निर्माण शिविर में स्वामी श्रद्धानंद बलिदान शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रातःकाल यज्ञ किया गया। आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने बताया कि जीवन निर्माण की वैदिक पद्धति का उल्लेख महर्षि दयानन्द सरस्वती ने संस्कार विधि में किया। उन्होंने बताया कि जिन बच्चों को माता, पिता और आचार्य योग्य मिल जाते हैं वो बच्चे महान बनते हैं। बच्चों को सुसंस्कारित करने के लिए माँ की गोदी, घर का आँगन और समाज की गलियां ठीक (श्रेष्ठ) होना अत्यावश्यक है। माँ का लालन, पिता का पालन और गुरु का ताडन जिन बच्चों को मिल जाता है उन्हें इस धरती पर महान बनने से कोई नहीं रोक सकता। इसलिए परिवार, समाज और राष्ट्र को उन्नत करने के लिए बच्चों को सुसंस्कारित करना अत्यावश्यक है। आचार्य प्रदीप शास्त्री ने बताया कि आर्य समाज का महत्वपूर्ण कार्य अविद्या का नाश और विद्या की वृद्धि करना है। विद्या की उन्नति के लिए व्यक्ति का पुरुषार्थी होना अनिवार्य है। ईश्वर ने इस धरती पर अनेकों आभूषण एवं रत्न उत्पन्न किए हैं, जिन्हें धारण करने से मनुष्य शोभायमान होता है। किन्तु उन सभी रत्नों में विद्या रूपी रत्न सर्वश्रेष्ठ हैं। जहाँ सोना चाँदी आदि आभूषण शरीर की शोभा को बढ़ाते हैं वहीं विद्या रूपी आभूषण आत्मा की शोभा को बढ़ाता है। कु0 उदिता आर्या ने अपनी मधुर आवाज में प्रभु प्यारे से जिसका सम्बन्ध है। उसे हरदम आनंद ही आनंद है। भजन सुनाकर सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया संचालन स्वामी महेन्द्रानंद ने किया। सभा में उत्कर्ष आर्य, मंगलम आर्य, डॉ0 सत्यम आर्य, उदयराज आर्य, संदीप आर्य, पण्डित शिवनारायण शास्त्री, पंडित जितेंद्रदेव आर्य, हरिओम शास्त्री, शिशुपाल आर्य, अजीत आर्य, उपासना कटियार, उदिता आर्या, अमृता आर्या आदि उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में लक्ष्य वर्मा बने विजेता



प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्पोर्ट्स स्टेडियम फतेहगढ़ के बैडमिंटन हॉल में जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पूर्ति अधिकारी सुरेंद्र यादव, जिला क्रीड़ा अधिकारी कर्मवीर यादव, अध्यक्ष जिला ओलंपिक संघ अंजुम दुबे तथा डॉ0 श्रेय खंडूजा के संयुक्त उपस्थिति में हुआ। प्रतियोगिता कई वर्षों बाद जिला ओलंपिक संघ तथा स्टेडियम बैडमिंटन क्लब के तत्वाधान में स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल में आयोजन सचिव विक्रांत मिश्रा के प्रयास से प्रारंभ हुई। अंडर-19 वर्ग में जनपद के 22 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया तथा फाइनल में लक्ष्य वर्मा व सूर्यांश पाठक का रोचक मुकाबला संपन्न हुआ। जिसमें लक्ष्य वर्मा विजयी रहे। ओपन वर्ग में जनपद के 6 उत्कृष्ट सीनियर खिलाड़ियों ने प्रतिभा किया, जिसके फाइनल शिवम कसरे पहुंचे हैं। अंडर-19 के विनर को 2000 व रनर को 1000 रुपये का नगद पुरस्कार के साथ प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। ओपन वर्ग में विनर को 3000 व रनर को 1500 रुपये की नगद धनराशि के साथ प्रमाण पत्र रविवार को समापन में प्रदान किए जाएंगे। रविवार को ओपन डबल वर्ग व सीनियर सिटिजन वर्ग के खिलाड़ियों के मुकाबले होंगे। प्रतियोगिता के दौरान विवेक राठौर व सोनू यादव ने अंपायर की भूमिका निभाई व प्रतियोगिता की व्यवस्था में यश यादव, अवनीश राजपूत, अश्विनी अग्निहोत्री, वरुण प्रताप, उमेश चंद्र व जिला युवा अधिकारी शिखर ने सहयोग किया। प्रतियोगिता संचालन अवनीन्द्र कुमार सचिव जिला ओलंपिक संघ ने किया।



बीएलओ से जानकारी लेते डीएम

## डीएम ने मतदेय स्थलों का किया भ्रमण, ली जानकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने विशेष अभियान के अंतर्गत मतदेय स्थल ए.वी. इंटर कॉलेज शमसाबाद एवं जूनियर हाईस्कूल शमसाबाद का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान अवलोकन किया कि सभी मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ द्वारा दावे व आपत्तियां प्राप्त की जा रही है, उनके पास फॉर्म-6, फॉर्म-7 एवं फॉर्म-8 की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित है। कार्यक्रम की प्रगति का सतत अवलोकन एवं समीक्षा सभी ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ सुपरवाइजर एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जा रही है। साथ ही अधिकारीगण भ्रमण कर विशेष कार्यक्रम की प्रभावी निगरानी कर रहे हैं।

## धोखाधड़ी कर सरकारी जमीन पर किया गया कब्जा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सरकारी भूमि पर कब्जा करने के उद्देश्य से पीड़ित की जमीन से चकमार्ग को मिला दिया गया। स्थानीय पुलिस द्वारा कार्यवाही न किये जाने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली।

जानकारी के मुताबिक, प्रिन्स कटियार पुत्र स्व0 बालकिशन कटियार निवासी नेकपुर चौरासी ने न्यायालय में दायर की याचिका में दर्शाया कि उसकी जमीन गाटा संख्या-327 में है। जिसमें सह-खातेदार रामकिशन कटियार पुत्र स्व0 होरीलाल निवासी उर्मिला मैरिज लॉन थाना कादरीगेट तथा रामकिशन की जमीन 329 में पूर्व से एकाधिकार के रूप में है तथा राजस्व अभिलेखों के अनुसार ग्राम बागलकूला के नक्शे में गाटा संख्या-328 में चकमार्ग दर्ज है तथा रामकिशन द्वारा साजिश व धोखाधड़ी से सरकारी जमीन पर कब्जा करनें के उद्देश्य से विभाग के अथवा अन्य अज्ञात लोगों के साथ मिलकर अवैध सांठगाँठ कर नक्शे से छेड़छाड़ की गयी है तथा गाटा संख्या-328 जिस पर चकमार्ग स्थित पर कब्जा करके चकमार्ग को मेरी गाटा संख्या-327 में सीधा करके मिला दिया गया है। जिसकी जानकारी रामकिशन द्वारा नक्शे की कापी को एक मुकदमे में प्रयोग करने पर संदेह होनें पर प्रार्थी ने नक्शे की सत्यापित छायाप्रति प्राप्त की। सत्यापित छायाप्रति में स्पष्ट छेड़छाड़ दिखायी देने पर मैंने जिलाधिकारी को एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर लेखपाल द्वारा जाँच की गयी जिसमें गाटा संख्या-328 पर जिसमें चकमार्ग स्थित है पर रामकिशन पुत्र स्व. होरीलाल द्वारा अवैध स्थायी निर्माण कराया हुआ है तथा चकमार्ग को सीधा कर मेरे गाटा संख्या-327 में सीधा करके मिलाया हुआ पाया गया। रामकिशन द्वारा चोरी छिपे विभागीय अथवा अन्य व्यक्तियों से सांठगाँठ व जालसाजी व धोखाधड़ी कर यह कार्य किया गया है।

न्यायहित में रामकिशन व विभाग के अथवा अन्य अज्ञात लोग जिनके द्वारा मानचित्र में छेड़छाड़ कर रामकिशन को लाभ पहुंचाया गया है तथा मेरी जमीन का हनन कर रामकिशन को सरकारी जमीन पर कब्जा कराया गया है। रामकिशन व अन्य अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराकर कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

# जिला अस्पताल मोतीपुर ओयल में आईसीयू वार्ड को लेकर बवाल

**डॉक्टर और सिक्योरिटी गार्ड के बीच मारपीट, सीएमएस कार्यालय से लेकर थाने तक पहुंचा मामला**



**ओयल (लखीमपुर खीरी), समृद्धि न्यूज।**

शनिवार की सुबह जिला अस्पताल मोतीपुर ओयल में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब आईसीयू वार्ड में ड्यूटी कर रहे सिक्योरिटी गार्ड और एक डॉक्टर के बीच विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मामला इतना बढ़ गया कि अस्पताल प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़ा और अंततः दोनों पक्ष खीरी थाने पहुंच गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिक्योरिटी गार्ड विवेक कुमार आईसीयू वार्ड में अपनी ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान अस्पताल में कार्यरत एक डॉक्टर अपने परिवार के एक मरीज को देखने आईसीयू पहुंचे। डॉक्टर के साथ चार से पांच अन्य लोग भी अंदर जाने लगे। गार्ड ने अस्पताल की नियमावली का हवाला देते हुए एक साथ अधिक लोगों के आईसीयू में प्रवेश पर रोक लगा दी।

इस बात को लेकर डॉक्टर और गार्ड के बीच पहले कहासुनी हुई, जो धीरे-धीरे बहस में बदल गई। गार्ड विवेक कुमार का आरोप है कि विवाद बढ़ता देख वह पूरे मामले की शिकायत करने सीएमएस कार्यालय चला गया। वहां शिकायत दर्ज कराने के बाद जब वह वापस आईसीयू वार्ड पहुंचा, तो डॉक्टर और उनके साथ मौजूद लोगों ने उस पर हमला कर दिया और मारपीट शुरू कर दी। मारपीट की सूचना मिलते ही अस्पताल में तैनात अन्य सिक्योरिटी गार्ड भी मौके पर पहुंच गए। खुद को घिरता देख डॉक्टर अस्पताल परिसर से बाहर की ओर दौड़ पड़े और पास ही स्थित एक मेडिकल स्टोर में जाकर छिप गए। घटना के बाद अस्पताल परिसर में काफी देर तक तनाव का माहौल बना रहा। सूचना मिलने पर मामला सीएमएस कार्यालय तक पहुंचा, जहां अस्पताल प्रशासन ने दोनों पक्षों को बुलाकर समझाने का प्रयास किया। इस दौरान डॉक्टर ने सिक्योरिटी गार्ड से माफी भी मांगी, जिसके बाद कुछ समय के लिए मामला शांत होता नजर आया। लेकिन बाद में सिक्योरिटी गार्ड के एक रिश्तेदार के अस्पताल पहुंचने पर विवाद फिर से भड़क गया। दोनों पक्षों के बीच दोबारा तीखी नोकझोंक हुई। स्थिति को बिगड़ता देख प्रशासन ने दोनों पक्षों को थाने जाने की सलाह दी।

इसके बाद डॉक्टर और सिक्योरिटी गार्ड दोनों अपनी-अपनी शिकायत लेकर खीरी थाने पहुंचे। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना ने जिला अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था और आईसीयू जैसे संवेदनशील वार्ड में नियमों के पालन को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# श्रीराम विवाह व राम कलेवा की लीला का हुआ सुंदर मंचन



**फरधान खीरी, समृद्धि न्यूज।** रामलीला कमेटी की तरफ से होने वाली रामलीला में शुक्रवार की रात श्रीराम विवाह व राम कलेवा की लीला का मंचन किया गया। लीला क्रम में श्रीराम जी की बरात विदाई की गई। सीता की विदाई देख दर्शक भावुक हो उठे। ग्राम पंचायत धौरहरा खुर्द के बरम बाबा स्थान पर चल रही रामलीला में आखिरी दिन राम विवाह और रात को राम कलेवा और सीता जी की विदाई का मंचन किया। इसके बाद श्रीराम–सीता का विवाह पंडित जी द्वारा विधिपूर्वक संपन्न कराया गया। सभी को अंगवस्त्र भेंट किया गया। वहां पहुंचे लोगों द्वारा दान पुण्य किया गया। इसके बाद रात में श्रीराम कलेवा का कार्यक्रम हुआ। कलेवा खाने बैठे राम और लक्ष्मण को मिष्ठान खिलाकर मनाया। राम कलेवा में मंदिर के पुजारी व प्रबंधक पंडित गंगासागर अवस्थी को प्रबंधक सुरेश चंद्र पांडे समेत ग्राम प्रधान पति रामेंद्र वर्मा, सदस्य अजय गुप्ता, दीपक बाजपेई, लल्लन अवस्थी, सिद्धू शुक्ला हीरालाल मौर्य मुरारी वर्मा, शिवपूजन गुप्ता समेत कई ग्रामीण और महिलाएं मौजूद रही।


अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
MINISTRY OF MINORITY AFFAIRS
(Government of India)

Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

Telecommunications Consultants India Limited
(A Government of India Enterprise)

EMPOWERING MINORITIES THROUGH SKILL DEVELOPMENT

JOIN PRADHAN MANTRI VIRASAT KA SAMVARDHAN (PM VIKAS) SCHEME

COURSES OFFERED

AI-TECHNOCRAFT
Duration : 6 to 8 Month
Eligibility : Graduate



Sponsored free Skill Development Training Program under PM-VIKAS Scheme for all Minority Communities (Muslim, Christians, Boudh, Sikh, Parsi and Jain, economically weak candidates, 15% non-minority candidates)

Male and Female
Age: 18 to 35

- Stipend with Certification to trainees.
- Placement support in relevant field.

Documet Required
Passport Size Photo
Aadhar Card
All Marksheet
Bank Passbook (DBT Account)
Income Certificate
Caste certificate

Telecommunications Consultants India Limited
(A Government of India Enterprise)
Centre Address
TCIL Kheri, Plot No. 44/1, Mohalla Joshi Tola, Kheri Town, Lakhimpur Kheri-262702
Contact details
+91-9616290565


# एसडीएम कार्यालय में बंद कमरे में बैठक, ओवरलोड व ओवरहाइट वाहनों पर लगाम अब भी नदारद

**मोहम्मदी, खीरी, समृद्धि न्यूज।**



लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी में मड़ैया रोड पर ट्रक पलटने की हालिया घटना के बाद नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से निकल रहे ओवरहाइट व ओवरलोड वाहनों को लेकर उपजिलाधिकारी कार्यालय में एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने की। इसमें पुलिस प्रशासन, उपजिलाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, कुंभी एवं अजबापुर चीनी मिलों के अधिकारी, परिवहन विभाग तथा ट्रांसपोर्ट से जुड़े लोग शामिल रहे।

हालांकि, इतनी गंभीर और जनहित से जुड़ी बैठक में मीडिया को आमंत्रित नहीं किया गया। इतना ही नहीं, जब कुछ पत्रकारों ने बैठक कक्ष में प्रवेश का प्रयास किया तो उन्हें रोक दिया गया, जिससे स्थानीय मीडिया में भारी रोष देखने को मिला। पत्रकारों का कहना है कि जब सड़क सुरक्षा और आम जनता की जान से जुड़ा विषय था, तो बैठक को पारदर्शी रखा जाना चाहिए था।

उधर, बैठक के बावजूद नगर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक ओवरलोड व ओवरहाइट वाहनों का आवागमन बेरोकटोक जारी है। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रशासनिक बैठकों का जमीनी स्तर पर कोई खास असर नहीं दिख रहा।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सत्या पब्लिक स्कूल की एक बोलेरो गाड़ी में क्षमता से कहीं अधिक 19 बच्चों को भूसे की तरह ठूंसकर ले जाया जा रहा था, लेकिन अब तक विद्यालय प्रबंधन पर कोई ठोस कार्रवाई होती नजर नहीं आ रही है। यह मामला अभिभावकों और आम लोगों के बीच चिंता का विषय बना हुआ है।

बताया जा रहा है कि परिवहन विभाग के एक अधिकारी के माध्यम से विद्यालय के प्रबंधक/मालिक, गन्ने से भरे ट्रक के चालक व मालिक तथा बोलेरो वाहन के मालिक व चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। वहीं, कार्रवाई के नाम पर सीओ द्वारा दो ट्रकों का चालान तथा एसडीएम द्वारा एक वाहन सीज किए जाने की जानकारी सामने आई है।

इसके बावजूद सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि जब मुद्दा इतना गंभीर था, तो बैठक को बंद कमरे में क्यों रखा गया? मीडिया को दूर क्यों किया गया? क्या प्रशासन जवाबदेही से बचना चाहता है या फिर पारदर्शिता को नजरअंदाज किया जा रहा है– यह चर्चा का विषय बना हुआ है।

जनता अब केवल बैठकों और कागजी कार्रवाई नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर सख्त और प्रभावी कार्रवाई की मांग कर रही है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर वास्तव में रोक लग सके।

## घरेलू विवाद ने लिया हिंसक रूप, पति ने पत्नी पर चाकू से किया हमला, इलाज के दौरान मौत

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** थाना कोतवाली सदर क्षेत्र के अंतर्गत काशीराम कॉलोनी में एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां घरेलू विवाद के दौरान एक युवक ने अपनी पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को परिजन तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार काशीराम कॉलोनी निवासी अंशल श्रीवास्तव का अपनी पत्नी खुशबू श्रीवास्तव से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर अंशुद्यड्ड श्रीवास्तव ने चाकू से खुशबू पर हमला कर दिया। चाकू लगने से खुशबू गंभीर रूप से घायल हो गई और खून बहने लगा।

घटना की सूचना मिलते ही परिजनों ने घायल खुशबू को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की जानकारी मिलते ही थाना कोतवाली सदर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जांच–पड़ताल शुरू की।

क्षेत्राधिकारी सदर विवेक कुमार तिवारी ने बताया कि पति–पत्नी के बीच विवाद के दौरान पति द्वारा पत्नी पर चाकू से हमला किए जाने की सूचना मिली थी। घायल महिला को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने आरोपी पति अंशुल श्रीवास्तव को हिरासत में लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# खबरें एक नजर में

## राजगढ़ स्कूल की छात्रा को दिल्ली में मिला राष्ट्रीय हिंदी प्रतिभा का गोल्ड मेडल



**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** विकासखंड राजगढ़ के रुद्रा इंटरनेशनल स्कूल के एक सीबीएसई के इंटर कॉलेज के कक्षा 9 की छात्रा को हिंदी विकास संस्थान दिल्ली के द्वारा राष्ट्रीय हिंदी प्रतिभा सम्मान का गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिससे विद्यालय के साथ–साथ छात्रा ने पूरे ब्लॉक एवं जनपद का मान सम्मान बढ़ाया है। हिंदी विकास संस्थान दिल्ली के द्वारा राष्ट्रीय हिंदी प्रतिभा सम्मान के लिए पूरे भारत में हिंदी की ओलंपियाड परीक्षा सितम्बर 2025 में कराई गई थी। जिसमें राजगढ़ थाना क्षेत्र के दरबान गांव के रूद्रा इंटरनेशनल स्कूल (सीबीएसई पैटर्न) ने शान्वी सिंह कक्षा 9 की छात्रा हैं। जिनके पिता आशुतोष सिंह मैकेनिकल इंजीनियर एवं माता नमीता सिंह गृहड़ी है। जिनकी पुत्री शान्वी ने रुद्रा इंटरनेशनल स्कूल राजगढ़ में सितंबर माह में राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड परीक्षा में प्रतिभा किया था। परीक्षा पास करने पर पूरे देश में स्थान मिलने पर उनको 29 जनवरी 2026 को दिल्ली के त्रिमूर्ति भवन प्रधानमंत्री संग्रहालय दिल्ली में डॉ विनोद नारायण इंदुरकर अध्यक्ष, सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र संस्कृति मंत्रालय दिल्ली, पूरन चंद्र टंडन निदेशक, भारतीय अनुवाद परिषद दिल्ली, डॉक्टर पाटिल प्रांजल लेहसिंह (आईएएस) अतिरिक्त शिक्षा निदेशक, दिल्ली सरकार, डॉ कैलाश जाधव संयोजक गोवा हिंदी अकैडमी, गोवा, ने गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र, पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिससे भारत देश में इस बिटिया ने मिर्जापुर जनपद एवं राजगढ़ ब्लाक का मान सम्मान बढ़ाया है। उसे परिवार की ओर से ही नहीं बल्कि समस्त राजगढ़ क्षेत्र ने बधाई दी है।

## हथेड़ा प्रीमियर लीग के क्वार्टर मैच में हलिया की टीम ने महुली को 41 रनों से हराया



**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के हथेड़ा गांव स्थित बिरसा मुंडा ग्राउंड में चल रहे हथेड़ा प्रीमियर लीग के क्वार्टर मैच में शनिवार को हलिया क्रिकेट क्लब व महुली क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। मैच के मुख्य अतिथि अमित कोल ने टॉस कराकर दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारम्भ कराया। हलिया क्रिकेट क्लब टीम के कैप्टन आशीष अग्रहरी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया पहले बल्लेबाजी करते निर्धारित दस ओवर में 69 रन बनाया। जबाब में बल्लेबाजी करने के लिए महुली क्रिकेट क्लब की टीम प्रदीप के घातक गेंदबाजी से तास के पत्तों की तरह बिखर गई और निर्धारित दस ओवर में 29 रन बनाकर आल आउट हो गई। हलिया की टीम ने 41 रनों से मैच को जीतकर अगले चक्र में प्रवेश किया है। मैच में अम्पायरिंग की भूमिका विमलेश पाण्डेय व देवेंद्र दत्त त्रिपाठी ने निभाया। स्कोरिंग की भूमिका धीरज कोल ने किया। पुरे मैच का आँखों देखा प्रसारण कमेंट्री के माध्यम से आशुतोषधर दुबे व जगदीश विश्वकर्मा ने किया। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, जनार्दन कोल, डॉक्टर पवन मिश्रा, शशिकांत पटेल, महेंद्र उपाध्याय, मोवीन खान, करीम खान, अनुज दत्त त्रिपाठी, महेश शुक्ला, विवेक तिवारी, जोगेंद्र कोल, पंकज दुबे, प्रदीप मिश्रा आदि सहित दर्शक मौजूद रहे।

## स्वान के काटने से 17 लोग घायल

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अलग अलग गाँवो में शनिवार को सत्तरह लोगो को पागल आवारा कुत्तों ने काटकर चोटिल कर दिया। चोटिल लोगो के स्वजनों ने सभी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लाकर एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाया है। ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कला निवासी 9 वर्षीय ओम व 36 वर्षीय राकेश, 65 वर्षीय कुशुम कली, 45 वर्षीय लवलेश व लालगंज थाना क्षेत्र के भिटाहा गांव निवासी 6 वर्षीय पारो, मवई कला गांव निवासी 40 वर्षीय शिला देवी, महुगढ़ निवासी 16 वर्षीय बंदना, बैधा गांव निवासी 5 वर्षीय आजाद, बेदउर गांव निवासी 14 वर्षीय सुनैना, बबुरा कला गांव निवासी 17 वर्षीय आर्यन, मनिगढ़ा गांव निवासी 5 वर्षीय अमित, गड़बड़ा निवासी 27 वर्षीय सत्यम माली, छतरिहा निवासी, अवि सोठिया कला निवासी 14 वर्षीय आरती, बिलरा पटेहरा निवासी 3 वर्षीय नंदनी, पंवारी खुर्द गाँव निवासी 17 वर्षीय उमेश, फुलियारी गाँव निवासी 3 वर्षीय कृष्णा को आवारा कुत्तों ने काटकर चोटिल कर दिया सभी चोटिलो के परिजनों द्वारा उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा द्वारा एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाया है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की अलग अलग गांवो में आवारा कुत्तों के काटने से चोटिल होकर उपचार के लिए आए थे। एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाया गया प्रतापपुर टोल प्लाजा पर कर्मी को पीटा, दो पर मुकदमा दर्ज है।

# युवक की गुजरात में उपचार के दौरान मौत

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**



स्थानीय थाना क्षेत्र के अहुगी खुर्द गांव निवासी युवक की गुजरात में शुक्रवार की रात्रि में तबियत बिगड़ने पर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर उपचार के दौरान मौत हो गई मौत की सूचना मिलने पर युवक के स्वजनों में कोहराम मच गया है। युवक का शव गुजरात से घर लाया जा रहा है। थाना क्षेत्र के अहुगी खुर्द गांव निवासी दयाशंकर अग्रहरी का 27 वर्षीय पुत्र विपिन अक्टूबर माह में प्राइवेट कंपनी में कार्य करने के लिए गुजरात गया था की गुजरात में मंगलवार की रात्रि मे अचानक पेट में दर्द होने से तबियत बिगड़ने पर युवक के साथियों ने युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर युवक की उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। युवक के मौत की सूचना मिलने पर युवक के स्वजनों में कोहराम मच गया। युवक के शव को एम्बुलेंस से गुजरात से अहुगी खुर्द गांव घर लाया जा रहा है। मृत युवक चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। युवक की मौत की सूचना पर युवक के घर रिश्तेदार पहुंच गए है।


समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश कुमार पाण्डेय
जिलाधिकारी, जालौन
भूपेन्द्र सिंह
जिला आबकारी अधिकारी, जालौन

समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय कुमार
अपर जिलाधिकारी, जालौन
सूर्य कुमार
सब रजिस्ट्रार, उरई

समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय सिंह
सचिव
परमार्थ समाज सेवी संस्थान, उरई-जालौन
जल सहेलियों की अविरल निर्मल यमुना यात्रा का विधिवत हुआ शुभारंभ

